

■ एमओएफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद - 12



■ सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख जरूरी - 12



■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले- बंगाल में भाजपा जीती तो घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन- 13



■ रणजी फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ जम्मू-कश्मीर बेहतर स्थिति में - 14


आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.13

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी 10:33 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 331, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**युद्धाभ्यास**



पठानकोट स्थित ध्यान चंद स्टेडियम में सेना की पश्चिमी कमान की क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान भारतीय सेना के जवानों ने अपनी युद्ध क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया और दुश्मन को अपनी ताकत का एहसास कराया।

# 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' अध्याय वाली पुस्तक पर प्रतिबंध

## एनसीईआरटी निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को कारण बताओ नोटिस, आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की उस पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नाम का खंड शामिल किया गया था। कोर्ट ने पुस्तक की सभी प्रतियां तुरंत जब्त करने और डिजिटल प्रतियां हटाने का निर्देश दिया। एनसीईआरटी के निदेशक और शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर पूछा गया कि क्यों न अवमानना और दूसरी जरूरी कार्यवाही की जाए।

कोर्ट ने इस मामले में गहन जांच की मंशा जताते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर गंभीर परिणामों और स्थाई प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ऐसा दुर्व्यवहार न्यायालय की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 2(सी) के अंतर्गत आपराधिक अवमानना के दायरे में आएगा। यह जानबूझकर किया गया कृत्य पाया जाता है तो न्यायिक प्रणाली में हस्तक्षेप के साथ संस्था को बदनाम करने का भी मामला होगा। कोर्ट ने उन बैठकों के ब्योरे का मूल रिकॉर्ड तलब किया, जिनमें आपत्तिजनक अध्याय पर विचार-विमर्श किया गया था और उसे अंतिम रूप दिया गया था।



- उन बैठकों का मूल रिकॉर्ड तलब जिनमें अध्याय को विचार-विमर्श कर दी गई मंजूरी

### न्यायपालिका के खिलाफ गहरी साजिश और सुनियोजित प्रयास: सीजेआई

सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से नाराज नजर आ रहे सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पुस्तक की सामग्री के प्रथम दृष्ट्या अवलोकन और निदेशक से प्राप्त प्रशासनिक प्रतिक्रिया के साथ इसे पढ़ने पर ऐसा प्रतीत होता है कि एक गहरी साजिश के तहत न्यायपालिका के संस्थागत प्राधिकार को कमजोर करने और उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का एक सुनियोजित प्रयास किया गया है। सीजेआई ने कहा, उन्होंने आघात किया है। न्याय पालिका इससे आहत है। न्यायिक संस्था के प्रमुख के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं पता लगाऊं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुस्तक में शब्दों और अभिव्यक्तियों का चयन महज अनजाने में हुई गलती या त्रुटि नहीं हो सकता।

### सुधारों का पुस्तक में नहीं किया जिक्र

शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि पुस्तक में वर्णित विवरण में न्यायालय द्वारा शुरू की गई किसी भी परिवर्तनकारी पहल और उपायों का उल्लेख नहीं किया गया है, जिनमें न्याय तक सुगम पहुंच को सुव्यवस्थित करना और लोकतांत्रिक तानेबाने के संरक्षण में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है। इस न्यायालय द्वारा अतीत में भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के गबन आदि के लिए निंदा किए गए उच्च पदस्थ अधिकारियों की भारी संख्या को देखते हुए यह चुप्पी विशेष रूप से निंदनीय है।

### मामले में कार्रवाई की जाएगी : प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं की पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर अध्याय शामिल करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने जवाबदेही तय करने और पाठ्यक्रम के विवादास्पद अंश को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया। प्रधान ने इस बात पर जोर भी दिया कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और इस संस्था का अनादर करने का उसका कोई इरादा नहीं है। जो कुछ हुआ है उससे मैं बहुत दुखी हूं।

- पीठ ने कहा, पुस्तक में अत्यंत लापरवाही, गैरजिम्मेदाराना, अपमानजनक तरीके से लिखी बातों पर गौर करने के बजाय एनसीईआरटी निदेशक ने अपने जवाब में सामग्री का बचाव किया।
- पीठ ने कहा कि यदि यह बेरोकटोक होने दिया गया तो न्यायपालिका की शुचिता और आम लोगों के बीच उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचेगी, इससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के मन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

**ब्रीफ न्यूज**

### हवाई अड्डे पर 24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने थाईलैंड से आए दो भारतीय यात्रियों के पास से 23.9 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 24 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के मुताबिक यात्री 22 फरवरी को टर्मिनल 3 पर पहुंचे जहां उन्हें आव्रजन क्षेत्र के ग्रीन चैनल पर रोका गया। उनके सामान की पहले एक्स-रे जांच और बाद में विस्तृत जांच की गई। तलाशी में हरे रंग के संदिग्ध मादक पदार्थ से भरी पॉलीथीन की 14 थैलियां बरामद की गई जिनमें से आठ एक ट्रॉली बैग में और छह दूसरे बैग में छिपाई गई थीं।

### महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून का मसौदा तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने कथित 'लव जिहाद' के मामलों को रोकने के मकसद से प्रस्तावित कानून का एक मसौदा तैयार किया है। विधि एवं न्यायपालिका विभाग ने मसौदा कानून को अंतिम रूप दे दिया है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों की तरफ से जबरदस्ती, धोखाधड़ी या लालच देकर किए गए धर्म परिवर्तन को अपराध मानने के लिए एक सख्त कानून की मांग बढ़ रही थी। इसके जवाब में राज्य सरकार ने इस मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए एक उच्च-स्तरीय समिति बनाई थी। कई भाजपा शासित राज्यों ने पहले ही धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बना दिए हैं।

### राकांपा की अध्यक्ष बनीं सुनेत्रा पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनके बड़े बेटे पार्थ पवार को जल्द ही राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने की संभावना है। यह आधिकारिक घोषणा वर्ली में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन 2026 के दौरान की गई। राकांपा प्रमुख रहे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद पार्टी की कमान संभालने के लिए सुनेत्रा पवार के नाम का प्रस्ताव वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने रखा, जिसे सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। पार्टी के नए संगठनात्मक ढांचे में कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को शामिल किया गया है।

# भारत-इजराइल के संबंधों का नया दौर विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

## मोदी की यात्रा के दौरान कृषि, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में 17 समझौते

- सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में काम करेंगे दोनों देश

यरुशलम, एजेंसी

भारत और इजराइल ने बृहस्पतिवार को समय की कसौटी पर खरे साबित हुए संबंधों को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और नेतन्याहू के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने व्यापार, कृषि, ऊर्जा, साइबरस्पेस और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 घोषणाएं की गईं। इनमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई को इजराइल में भी लागू करने का करार भी शामिल है।

भारत और इजराइल ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के ढांचे के तहत सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास और संयुक्त उत्पादन की दिशा में काम करके अपनी पहले से ही घनिष्ठ रक्षा साझेदारी का विस्तार करने का भी संकल्प लिया। साथ ही भारत और इजराइल ने आपसी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा शांति पहल का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि मानवता को कभी संघर्ष का शिकार नहीं बनना चाहिए। मीडिया बयान में मोदी ने कहा कि भारत का सुरक्षा हित पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से जुड़ा है।



यरुशलम में प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू की मौजूदगी में किए गए समझौतों पर हस्ताक्षर।

### उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की भी घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई, क्वांटम तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों की साझेदारी की स्थापना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि इजराइल में यूपीआई के उपयोग के लिए एक समझौता हो गया है। भारत और इजराइल के बीच भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के कार्यान्वयन और आई2यू2 (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका) के ढांचे के तहत सहयोग पर भी चर्चा हुई।

### मोदी की झप्पी पूरी दुनिया में अब मशहूर: नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंधों में एक नया मुहावरा जुड़ा और वह है 'मोदी झप्पी'। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वहां की संसद 'नेसेट' में मोदी के संबोधन से पहले दिए गए अपने भाषण में इसका प्रयोग किया। नेतन्याहू ने कहा कि जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी विमान की सीढ़ियों से नीचे उतरे, दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया। नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत रूप से गले मिलना कुछ खास है और इसे पूरी दुनिया में 'मोदी झप्पी' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जब आप किसी को सच्चाई के साथ और इतने करीब से गले लगाते हैं तो आपको पता चलता है कि यह वास्तविक है। नेसेट में जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नेतन्याहू ने कहा कि वह इस 'झप्पी' को वापस लौटाना चाहते हैं।

# रणनीतिक साझेदारी का नया इतिहास रचेंगे यूपी-जापान

- यामानाशी के गवर्नर का 200 जापानी सीईओ के साथ अगस्त में यूपी दौरे का प्रस्ताव
- ग्रीन हाइड्रोजन, उद्योग व तकनीक पर एमओयू को सीएम योगी ने बताया ऐतिहासिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय शुरू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने अगस्त में 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करने का प्रस्ताव दिया, जिसका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इसे प्रदेश में निवेश, तकनीकी साझेदारी और औद्योगिक विस्तार की दिशा में बड़ा संकेत माना जा रहा है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और यामानाशी प्रांत के बीच उद्योग, पर्यटन, व्यावसायिक शिक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे भावी क्षेत्रों में सहयोग को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें स्वच्छ ऊर्जा नवाचार, तकनीकी आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया, आईआईटी कानपुर को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह पहल न केवल राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य को भी मजबूती देगी।



योगी ने यामानाशी में फैनुक कॉर्पोरेशन का दौरा किया।

### ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य का आधार

मुख्यमंत्री ने यामानाशी स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने पावर-टू-गैस प्रणाली को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मॉडल स्वच्छ ऊर्जा और हरित विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का निमंत्रण

यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सीखी गई तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज स्केल, स्किल और स्पीड के विकास मॉडल पर आगे बढ़ रहा है।

# अनिल अंबानी के खिलाफ 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी में नया केस

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी एवं रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ 2013-17 के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से कथित धोखाधड़ी कर बैंक को 2,220 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के मुताबिक यह मामला मंगलवार को बैंक से मिली शिकायत पर दर्ज किया गया है।

सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने अनिल अंबानी के आवास और रिलायंस कम्युनिकेशन के पंजीकृत कार्यालयों पर छापेमारी कर इस ऋण लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।



- बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर सीबीआई ने दर्ज किया मामला छापे मारे

**ईडी के समक्ष पेशी:** अंबानी बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। यहां उनका बयान दर्ज किया गया है। यह जांच उनकी कंपनी आरकॉम द्वारा 40,000 करोड़ की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित है।

## घृणास्पद भाषण : असम के मुख्यमंत्री को गुवाहाटी हाईकोर्ट का नोटिस

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को कई जनहित याचिकाओं के संबंध में नोटिस जारी किया, जिनमें उन पर मियां समुदाय के खिलाफ घृणास्पद भाषण देने और सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने तीन याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं में से एक के अधिवक्ता शांतनु बोरठाकुर ने बताया, प्रतिवादी को अगली तारीख से पहले नोटिस का जवाब देना होगा। कोर्ट ने कोई अन्य आदेश जारी नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को शर्मा के खिलाफ कार्रवाई संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया था। इन याचिकाओं में उस वायरल वीडियो को लेकर कार्रवाई का आग्रह किया गया था, जिसमें शर्मा एक विशेष समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखे थे।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी पॉक्सो कोर्ट में आशुतोष ब्रह्मचारी पर दायर किया वाद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी के खिलाफ प्रयागराज की विशेष पॉक्सो अदालत में वाद दायर कर दिया है। शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने यह वाद पॉक्सो अधिनियम की धारा 22 के तहत दायर किया है, जिसमें प्रावधान है कि अगर कोई आपके खिलाफ फर्जी मुकदमा करता है तो आप भी उसके खिलाफ वाद दायर कर सकते हैं।

शंकराचार्य ने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि माघ मेले के दौरान वह सीसीटीवी कैमरा और मीडिया के कैमरे के सामने रहे। जिन लड़कों के यौन शोषण का आरोप लगाया गया है, वे कभी उनके गुरुकुल में दाखिल तक नहीं हुए।



- फर्जी मुकदमा कराने का आरोप, कहा आशुतोष के ही पास रह रहे हैं दोनों लड़के

### एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की ही ये साजिश

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। हिस्ट्रीशीटर से पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट साझा कर रही है।

# 'द केरल स्टोरी 2' पर रिलीज से एक दिन पहले लगी अंतरिम रोक

कोच्चि, एजेंसी

- केरल हाईकोर्ट ने कहा- फिल्म सामाजिक सद्भाव भंग न करे, ये कोशिश नहीं की गई

केरल हाईकोर्ट ने 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' के प्रदर्शन पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगा दी। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति बी. कुरियन थॉमस ने फिल्म के प्रदर्शन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने यह सुनिश्चित नहीं किया कि फिल्म सामाजिक सद्भाव को भंग न करे। हाईकोर्ट ने कहा, सीबीएफसी की ओर से प्रमाणन प्रदान करते समय कानून की स्पष्ट अवहेलना हुई है, अदालत ने कहा कि ऐसी सामग्री का प्रसार, जिसमें वैमनस्य उत्पन्न करने, कानून-व्यवस्था भंग करने और यहां तक कि सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की प्रवृत्ति हो, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) में निहित वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आता है। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता श्रीदेव नंबूदरी की ओर से दायर पुनरीक्षण याचिका पर दो सप्ताह के भीतर विचार कर आदेश पारित करे।




**बड़ी राहत** डीजीसीए ने किया नियमों में संशोधन, एयरलाइन कंपनियों को 14 दिन के अंदर रिफंड करने का निर्देश

# हवाई टिकट बुकिंग 48 घंटे में रद्द करने पर पूरा पैसा वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

विमान यात्री अब बुकिंग के 48 घंटों के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द करा सकेंगे या उसमें बदलाव कर सकेंगे। नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ टिकट किराया वापसी के नियमों में संशोधन किया है। एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि पैसे वापस करने की प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी हो जाए।

डीजीसीए ने यह भी कहा है कि यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में किसी प्रकार की गलती को बताता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट के माध्यम से बुक किया गया है तो एयरलाइन कंपनियों को उसी व्यक्ति के नाम पर सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना चाहिए। डीजीसीए ने साफ किया है कि ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से टिकट खरीदने की स्थिति में भी पैसे वापसी की जिम्मेदारी एयरलाइन कंपनियों की होगी क्योंकि एजेंट उनके नियुक्त प्रतिनिधि होते हैं। इसके अलावा, चिकित्सा आपात स्थिति के कारण यात्रियों के टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। संशोधित नियम 24 फरवरी को जारी किए गए थे। नियामक ने कहा, 48 घंटे के अंदर यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या संशोधित कर सकते हैं। लेकिन जिस संशोधित उड़ान के लिए टिकट लेना चाहते हैं, उसके किराये में जो अंतर है, वह देना होगा।

समय पर रिफंड न मिलने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए ये संशोधन किए गए हैं। अनुसूचित विमानन कंपनियों को दिसंबर 2025 में यात्रियों से संबंधित कुल 29,212 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7.5 प्रतिशत रिफंड से संबंधित थीं।



### घरेलू उड़ानों में 7, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 15 दिन से कम समय होने पर राहत नहीं

डीजीसीए ने कहा, जब टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया जाता है, यह सुविधा उन उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं होगी जिनकी प्रस्थान तिथि घरेलू उड़ानों के मामलों में बुकिंग की तारीख से सात दिन से कम और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 15 दिन से कम है। बुकिंग समय के 48 घंटे बाद यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा और यात्री को संशोधन के लिए टिकट रद्द कराने को लेकर संबंधित शुल्क का भुगतान करना होगा।

### चिकित्सा आपात स्थिति में भी कंपनियां करेंगी पैसा वापस या देना होगा क्रेडिट का विकल्प

चिकित्सा आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द होने पर कंपनी पैसा लौटा सकती है या 'क्रेडिट' विकल्प दे सकती हैं। यदि यात्री या उसी पीएनआर में सूचीबद्ध कोई सदस्य यात्रा के दौरान अस्पताल में भर्ती होता है तो यह नियम लागू होगा। अन्य परिस्थितियों में यात्री की फिटनेस का प्रमाण पत्र एयरलाइन के एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ/डीजीसीए द्वारा सूचीबद्ध एयरोस्पेस मेडिसिन विशेषज्ञ से प्राप्त होने के बाद पैसे वापस किए जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### रफातपुर में अप्रैल में कब्जा परिवर्तन की होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चकबंदी के लिए नोटिफाइड गांवों में चौपाल आयोजित कर किसानों की इससे संबंधित शिकायतें सुनीं जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेंद्र राम ने सदर तहसील के रफातपुर गांव में चौपाल लगाई। इसमें किसानों की समस्याओं व शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने का आदेश दिया। सदर तहसील के रफातपुर गांव में अप्रैल में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही शुरू होनी है। किसानों को चौपाल में उन्होंने बताया कि सीमांकन के बाद नवसृजित चकों पर कब्जा दिलाया जाएगा। वहीं ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम रहटामाफी ऐहतमाली और कांकरखेड़ा में धारा-9 का प्रकाशन हो चुका है। रहटामाफी ऐहतमाली में चकबंदी अधिकारी प्रथम योगेंद्र कुमार और कांकरखेड़ा में चकबंदी अधिकारी तृतीय मुरादाबाद विनय कुमार श्रीवास्तव ने किसानों की समस्याएं सुनीं। ग्राम में निर्विवाद वरासत, बैनामा को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि अभी कई और गांवों में भी चौपाल में शिकायतें सुनकर निस्तारित की जाएंगी।

### आज ग्रेटर नोएडा में होगी चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार 27 फरवरी को गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर के पतंजलि सभागार में मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर मंडल के जिलों की चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में की जाएगी। इसमें मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, निदेशक नर्सिंग-सीएचसी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय, मंडलीय अपर निदेशक, जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी आदि मौजूद रहेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले दिनों शासन से टीमें जिलों में स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं व चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लेने आईं थीं। इन सबके के आधार पर नोयडा में होने वाली बैठक में समीक्षा होनी है। वह भी इसमें जिले के अन्य संबंधित चिकित्साधिकारियों के साथ शामिल होंगे। इसमें जिले की स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव व कार्ययोजना दी जाएगी।

# दो प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर आयकर का छापा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आयकर विभाग दिल्ली की टीम ने गुरुवार को रामपुर में नैनीताल हाईवे स्थित दो प्लाईवुड फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई की है। यह फैक्ट्री मुरादाबाद के पूर्व सांसद और सपा नेता एसटी हसन के समधी नईम खां और उनके पार्टनर मुनन खां की हैं। सीआरपीएफ के जवानों के साथ पहुंची आयकर विभाग की टीम ने सुबह करीब साढ़े दस बजे फैक्ट्री में छानबीन शुरू की, जो देर रात तक चलती रही। टीम ने दोनों के आवासों पर भी डेरा डाला है।

गुरुवार सुबह 10 बजे आयकर विभाग दिल्ली की टीम करीब 10 से ज्यादा गाड़ियों में नैनीताल रोड स्थित नईम खां व पार्टनर मुनन खां की दोनों प्लाईवुड फैक्ट्री पहुंची। एक टीम मोहसिन ए आजम कॉलोनी स्थित नईम खान व शौकत अली रोड स्थित मुनन खां के आवासों पर पहुंच गई। मुनन खां और नईम खान दोनों पार्टनरशिप में फैक्ट्री चलाते हैं। दोनों के आवासों पर आयकर विभाग दिल्ली की टीमों ने डेरा डाला हुआ है। आयकर अधिकारियों ने फैक्ट्री कर्मचारियों से पूछताछ की। टीम वित्तीय लेनदेन, कंप्यूटर, खातों की लगातार जांच कर रही है। किसी को भी अंदर या बाहर आने की अनुमति नहीं दी गई है। फैक्ट्री और दोनों पार्टनरों के आवासों पर एक साथ छापे से हड़कंप मच गया। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एसटी हसन की बेटी का निकाह नईम खान के बेटे से हुआ है। जबकि मुनन खान की बेटी की शादी नईम के दूसरे बेटे के साथ हुई है। यानी, नईम और मुनन भी समधी हैं। कोतवाली इलाके के बगी गांव में एमएन इंडस्ट्री के नाम से पार्टनरशिप में दो फर्नीचर फैक्ट्री है। दोनों फैक्ट्री आसपास हैं। टीम पहले दोनों फैक्ट्री पहुंची। सीआरपीएफ को तैनात कर गेट लॉक कर दिया।



नैनीताल रोड स्थित फैक्ट्री के अंदर बैठा सीआरपीएफ का जवान।

- पूर्व सांसद एसटी हसन के समधी नईम खान की है प्लाईवुड फैक्ट्री

### फैक्ट्रियों के बाद घर पहुंची टीम

दोनों फैक्ट्री के बाद टीम मोहसिन-ए-आजम कॉलोनी स्थित नईम की कोठी और शौकत अली रोड स्थित मुनन की कोठी पर पहुंची। टीम ने परिवार के सदस्यों को बाहर निकलने से मना कर दिया। टीम अंदर जांच कर रही है। आयकर विभाग ने छापेमारी से जुड़ी हुई कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। आयकर विभाग की टीमें फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेज, खातों और लेनदेन की जांच कर रही हैं।

# मां मेरा क्या दोष, जो दुनिया में अकेला छोड़ा...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा पड़ोसी, जान से मारने की दी धमकी
- तबीयत बिगड़ने पर सामने आया सच, नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म
- किशोरी के परिजन ने दर्ज कराई प्राथमिकी, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार :** युवक के पागलपन ने कई जिंदगियों को बदनामी व बर्बादी के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया। नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, गर्भवती होने पर हाथ थामने के बजाय भाग निकला। नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया तो समाज का डर मां बेटी के बीच खड़ा हो गया। सिरफिरा युवक पॉक्सो एक्ट में जेल चला गया, नाबालिग मां को माता-पिता के दबाव में बच्ची को साथ रखने से इंकार करना पड़ा और अब इसकी सजा नवजात को मिलेगी।

मझोला थाना क्षेत्र के दंपती ने पड़ोस में ही रहने वाले युवक के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि सरताज ने आठ महीने पहले उनकी नाबालिग बेटी को घर पर अकेला पाकर उससे बलात्कार किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी कई बार दुष्कर्म किया। डर के कारण किशोरी ने भी शिकायत नहीं की। 21 फरवरी को हालत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर को दिखाया, तब पता चला कि वह आठ माह की गर्भवती है। सरताज के परिजन से बात की गई तो वह भी पीड़िता के परिवार को जाने से मारने की धमकी देने लगे। 23 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने सरताज को जेल भेज दिया। किशोरी को भर्ती कराया जहां उसने बेटी को जन्म दिया। माता-पिता बेटी को साथ ले जाने के लिए तैयार हो गए, लेकिन बदनामी का डर बताते हुए नवजात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हुए।

### पीड़िता ने नवजात रखने से किया इंकार विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी को सौंपी

मामला बाल कल्याण समिति तक पहुंचा। परिवार और किशोरी को समझाने का प्रयास किया। किशोरी भी परिवार के दबाव में बेटी को छोड़ने की जिद पर अड़ी रही। दो दिन तक यास के बाद के बाद कोई रास्ता नहीं निकला तो तीन दिन की नवजात को बाल कल्याण समिति की निगरानी में विशेष दत्तक ग्रहण अधिकरण रखा जाएगा। अब एक नन्ही जान इसकी सजा मां से दूर होकर पाएगी।

> मामला बाल कल्याण समिति के समक्ष आया था। पीड़िता के परिजन नाबालिग को अपने साथ ले जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन नवजात को लेकर किसी भी स्थिति में अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए बच्ची को विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी के सुपुर्द किया गया है। दो महीने तक एजेंसी देखभाल करेगी, इसके बाद एसएएएस की वेबसाइट पर बच्ची की सूचना आनलाइन कर दी जाएगी, ताकि कोई उसे गोद ले सके।
>
> – **अमित कौशल**, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति

> इस प्रकार की घटनाएं बताती हैं कि समाज किसी प्रकार से संवेदनहीन होता जा रहा है। यह युवक और पीड़िता के पिता की जिम्मेदारी बनती थी कि वह नवजात के पालन-पोषण के लिए आगे आते। लेकिन, किसी को भी नवजात पर तरस नहीं आया।
>
> – **डा. विशेष गुप्ता**, पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उप्र

# कार में 9 क्विंटल गोमांस ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

## चोरी की गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर करते थे गोमांस की तस्करी

संवाददाता, पाकबड़ा (मुरादाबाद)

**अमृत विचारः** कार में 9 क्विंटल गोमांस भरकर ले जा रहे दो तस्करों को पाकबड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। कार की तलाशी में उसमें गोमांस भरा था। पुलिस दोनों को कार समेत थाने ले आई। तलाशी पर आरोपियों के पास से दो तमंचा भी बरामद किया गया। दोनों को पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया। मास्टरमाइंड के साथ उसका एक फरार साथी की पुलिस तलाश कर रही है।

पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर नगलिया के पास बुधवार की रात डींगरपुर रोड पर बंद पड़े एस्सार पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की कार आते दिखी तो पुलिस ने रोका। देखा तो कार में गोमांस भरा हुआ था। दो लोग कार में सवार थे। दोनों डींगरपुर की ओर से कार में 9 क्विंटल गोमांस भरकर पाकबड़ा की ओर लेकर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों से कड़ाई से पूछताछ की तो जानकारी मिली कि कार के आगे और पीछे के नंबर प्लेट अलग-अलग है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक 315 बोर का तमंचा और छह जिंदा कारतूस और चार फर्जी आधार कार्ड मिले हैं। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने दाऊद कुरैशी पुत्र खुर्शीद कुरैशी निवासी नहर बस्ती मदीना मस्जिद के पास थाना चरथावल, मुदस्सिर कुरैशी पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला खालापार चौकी तकिया वाली गली फतेहपुरी मस्जिद के पास थाना खालापार जिला मुजफ्फरनगर बताया। दोनों ने बताया कि अशफाक उर्फ भूरा पुत्र अखलाक निवासी मकान नंबर 48, 49 गली नंबर 22 ब्रह्मपुरी थाना उस्मानपुर दिल्ली, अशफाक उर्फ मामा निवासी बरगैन थाना पटियाली जनपद कासगंज दिल्ली के साथ मिलकर कुछ दिन पहले यह कार दिल्ली से चुराई थी। उसके बाद फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इससे गोमांस लादकर ले जाने का काम करते थे। पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा पंजीकृत कर दाऊद कुरैशी व मुदस्सिर कुरैशी को जेल भेज दिया। मास्टरमाइंड अशफाक उर्फ भूरा और उसके साथी अशफाक उर्फ मामा की पुलिस तलाश में जुटी है। दोनों पर अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।




पुलिस की गिरफ्त में कार में गोमांस ले जाने वाले तस्कर। ● अमृत विचार

- पकड़े गए आरोपी मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं

### पेड़ पर चढ़ा तेंदुए का शावक, हड़कंप मचा

**स्वार, अमृत विचार :** गांव फाजलपुर के जंगल क्षेत्र में पेड़ पर चढ़े तेंदुए के शावक को देखने के बाद ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर दिया। जिससे गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों में भय है और लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटे खेतों में तेंदुए की मौजूदगी के चलते उन्होंने खेतों पर जाना बंद कर दिया है। बच्चों को परिजनों ने घरों में ही कैद कर लिया है। गांव में डर इस कदर है कि शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। लोगों को आशंका है कि शावक के आसपास उसकी मां भी हो सकती है।



पॉपुलर के पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ का शावक।

### राहत: आनंद विहार-गोरखपुर के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली के मद्देनजर बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। आनंद विहार टर्मिनल और गोरखपुर के बीच आरक्षित एसी होली स्पेशल (04026-04025) चलाई जाएगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल आठ फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 04026 आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर के लिए 27 फरवरी से दो मार्च तक चार फेरे लगाएगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04025 गोरखपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए 28 फरवरी से तीन मार्च तक चार फेरे संचालित होगी। इस विशेष ट्रेन में सभी कोच वातानुकूलित (एसी) होंगे।

मुरादाबाद के यात्रियों के लिए राहत की बात यह है कि इस होली स्पेशल ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद स्टेशन पर भी रहेगा। आनंद विहार से चलने वाली 04026 स्पेशल ट्रेन रात 11:50 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी और 11:55 बजे गोरखपुर के लिए रवाना होगी। जबकि गोरखपुर से आने वाली 04025 स्पेशल ट्रेन रात 2:50 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी और 3:00 बजे आनंद विहार के लिए प्रस्थान करेगी। ठहराव गाजियाबाद, हापुड़, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जंक्शन, ऐशबाग, गोंडा और बस्ती स्टेशनों पर होगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार होली के दौरान नियमित ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से संचालन किया जा रहा है।

### 29,352 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में आयुष्मान योजना के तहत पात्र को गोल्डन कार्ड जारी करने का अभियान चल रहा है। अब तक जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के 29,352 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जीरो पॉवर्टी योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों को आयुष्मान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार 6,059 परिवार चिन्हित किए जिनमें 5,953 परिवारों के कार्ड बन चुके हैं। 106 परिवार रहे परिवारों को जल्द योजना से जोड़ा जाएगा।

### रामपुर के युवक की पिथौरागढ़ में आग की चपेट में आकर मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के पटवाई थाना क्षेत्र के मिश्रीनगर गांव निवासी लाल सिंह(22) की पिथौरागढ़ में आग की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। लाल सिंह पिथौरागढ़ में रोड़ी बजरी बनाने वाले प्लांट पर चौकीदारी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। भाई ने बताया कि बुधवार रात फोन पर बात हुई थी। गुरुवार सुबह ठेकेदार ने सूचना दे दी।


कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail : emombd@upavp.com
सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-113 प्रदेशन-पत्र पत्रांक 600 दिनांक 23.03.1988 द्वारा श्री राजीव लोचन रस्तोगी पुत्र श्री रामभरोसे लाल रस्तोगी के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 25.06.1988 को इस कार्यालय से किराया-किश्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 25.06.1988 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। श्री राजीव लोचन रस्तोगी की मृत्योपरान्त वारिसान के आधार पर इस कार्यालय आदेश संख्या 1612 दिनांक 14.11.1991 द्वारा श्रीमती पूनम लोचन पत्नी स्व० श्री राजीव लोचन रस्तोगी के पक्ष में भवन का नामान्तरण किया गया। श्रीमती पूनम लोचन पत्नी स्व० श्री राजीव लोचन रस्तोगी ने दिनांक 29.01.1994 को इस कार्यालय से उक्त भवन का पट्टा विलेख निष्पादित कराकर उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 31.01.1994 को पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन का विक्रय सरदार गुरुवख्श सिंह पुत्र स्व० सरदार अरुर सिंह के पक्ष में कर दिया, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 07.02.1994 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। सरदार गुरुवख सिंह की मृत्यु के उपरान्त वसीयतनामा के आधार पर उक्त भवन का नामान्तरण इस कार्यालय आदेश संख्या 668 दिनांक 27.05.2005 द्वारा श्री अरविन्दर पाल सिंह पुत्र स्व० सरदार गुरुवख्श सिंह के पक्ष में किया गया। श्री अरविन्दर पाल सिंह द्वारा दिनांक 13.06.2005 को इस कार्यालय से फ्रीहोल्ड-डीड निष्पादित कराकर दिनांक 14.06.2005 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन का विक्रय दिनांक 21.06.2005 को श्री शकील अहमद पुत्र श्री छुट्टन मरहूम व श्रीमती शमा परवीन पत्नी श्री शकील अहमद के पक्ष में कर दिया, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 21.06.2005 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। श्री शकील अहमद पुत्र श्री छुट्टन मरहूम व श्रीमती शमा परवीन पत्नी श्री शकील अहमद के द्वारा उक्त भवन श्री अरशद अहमद सिद्दीक पुत्र श्री खलीक अहमद एवं मुस० नाजिया सिद्दीकी जौजा श्री अरशद अहमद सिद्दीकी के पक्ष में दिनाक 12.01.2022 को विक्रय कर दिया है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं० 1 जिल्द सं0 13622 के पृष्ठ सं0 291 से 306 पर क्रमांक 461 दिनांक 12.01.2022 को रजिस्ट्रीकृत है। अब आवेदकगण श्री अरशद अहमद सिद्दीक पुत्र श्री खलीक अहमद एवं मुस० नाजिया सिद्दीक जौजा श्री अरशद अहमद सिद्दीक के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU2026022511503830 दिनांक 25.02.2026 करते हुए विक्रय उपरान्त विक्रय के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना सख्या 4. भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक



कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail : emombd@upavp.com
सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-11 प्रदेशन-पत्र पत्रांक 841 दिनांक 01.04.1987 द्वारा श्री आर० के० टण्डन के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 20.05.1987 को इस कार्यालय से किराया-किश्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनाक 02.06.1987 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी ने दिनाक 17.06.1988 को इस कार्यालय से उक्त भवन का पट्टा विलेख निष्पादित कराकर उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 22.06.1988 को पंजीकृत कराने के उपरान्त अपने जीवनकाल में एक अपंजीकृत वसीयतनामा श्री विपिन कुमार बख्शी पुत्र स्व० श्री बालमुकन्द बख्शी के पक्ष में दिनांक 28.07.1988 को दी। श्री आर०के० टण्डन की मृत्यु दिनांक 08.08.1988 को होने के उपरान्त वसीयतनामा के आधार पर श्री विपिन कुमार बख्शी ने उक्त भवन का विक्रय श्रीमती नीलम बख्शी पत्नी श्री विपिन कुमार बख्शी एवं श्री लवनीश कुमार पुत्र श्री विपिन कुमार बख्शी के पक्ष में कर दिया, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 15.09.1997 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। विक्रयोपरान्त इस कार्यालय आदेश संख्या 1266 /सं०प्र०-मुरा०/ दिनांक 13.09.2007 द्वारा श्रीमती नीलम बख्शी पत्नी श्री विपिन कुमार बख्शी एवं श्री लवनीश कुमार पुत्र श्री विपिन कुमार बख्शी के पक्ष में भवन का नामान्तरण किया गया। आवंटीगण द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 26.09.2007 को इस कार्यालय से फ्रीहोल्ड डीड निष्पादित्त कराकर दिनांक 27.09.2007 को उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया। श्रीमती नीलम बख्शी पत्नी श्री विपिन कुमार ब बख्शी एवं श्री लवनीश कुमार पुत्र श्री विपिन कुमार बख्शी के द्वारा उक्त भवन को श्री आबिद अली पुत्र श्री काले खां को विक्रय कर दिया है। जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं० 1 जिल्द 10 5569 के पृष्ठ सं0 299 से 324 पर क्रमाक 6781 दिनाक 14.11.2007 को रजिस्ट्रीकृत है। अब आवेदक श्री आबिद अली पुत्र श्री काले खां के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://janhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र संख्या MU202622413134089 दिनाक 24.02.2026 करते हुए विक्रय उपरान्त विक्रय के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया हैं। यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूलल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2 मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबन्धक


### लोन की रकम वसूलने गए बैंक मैनेजर से मारपीट

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** बैंक मैनेजर एक साथी के साथ लोन की रकम वसूलने के लिए गए थे। लोन की रकम मांगने पर गुस्साए पिता पुत्र ने मैनेजर व उनके सहयोगी के साथ मारपीट की। मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के नए मुरादाबाद के सेक्टर 5 में स्थित हाजी छिद्दा ने पाकबड़ा की प्रथमा बैंक से 10 लाख रुपए का पांच साल पहले लोन लिया था। पांच साल बीत जाने के बाद लोन की रकम अभी भी काफी बची है। बैंक मैनेजर योगेश कुमार अपने साथी जगवीर के साथ सेक्टर 5 स्थित हाजी छिद्दा के घर पर गए थे। जैसे ही बैंक मैनेजर ने कहा कि काफी दिन हो गए हैं। बैंक का लोन जमा दें। इस पर हाजी छिद्दा व उनका पुत्र गुलजार भड़क गए। बैंक मैनेजर एवं उनके साथी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पिता पिता पुत्र ने दोनों के साथ मारपीट कर दी जिससे उन्हें भागना पड़ा। उसके बाद बैंक मैनेजर और साथी थाने पहुंचे। तहरीर देकर बताया कि जिसको बैंक ने लोन दिया है। उसकी रिकवरी के लिए गए थे। दोनों ने मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डाला है। तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गली गलौच और मारपीट के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

- बैंक मैनेजर ने पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर, जांच शुरू

### एक मार्च को होगी 10 किमी दौड़ परीक्षा प्रभावित रहेगा यातायात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पुलिस लाइन, पीटीसी, पीटीएस, 9वीं पीएसी, 24वीं पीएसी एवं 23वीं पीएसी में 5,000 प्रशिक्षु आरक्षियों का प्रशिक्षण चल रहा है।

गुरुवार को एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि रविवार एक मार्च को इन सभी प्रशिक्षु आरक्षियों की 10 किलोमीटर दौड़ परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के मद्देनजर सुबह पांच बजे से आठ बजे तक शहर के प्रमुख मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों (चार पहिया, दो पहिया एवं अन्य वाहन) का आवागमन पूरी तरह बंद रहेंगे। परीक्षा के दौरान फव्वारा चौक से मुरादाबाद क्लब, रेलवे क्रिकेट ग्राउंड, एकता द्वार, जैन मंदिर, कमिश्नर कार्यालय, डिप्टी गंज, कैंप चौकी, पीली कोठी, हरथला, पीएसी तिराहा, किला तिराहा, मिशन शक्ति तिराहा, कॉसमॉस हॉस्पिटल तथा डेंटल अस्पताल तक का मार्ग बंद रहेंगे। प्रशासन ने अपील की है कि निर्धारित समय में वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

# सड़क हादसों में छह घायल, एक गंभीर

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में छह व्यक्तियों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल की हालत नाजुक होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

उत्तराखंड के किच्छा निवासी रामप्रसाद सिंह बुधवार रात पत्नी जागेश्वरी सिंह और पुत्र मयंक(3) के साथ बाइक से मुरादाबाद से वापस अपने घर जा रहे थे। नया गांव बाईपास के पास अन्य बाइक से टक्कर हो गई।हादसे में रामप्रसाद के परिवार के अलावा दूसरी बाइक पर सवार लोग राजवीर और जितेंद्र कुमार भी घायल हो गए। घायलों के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को हायर सेंटर भेज दिया है। दूसरी ओर क्षेत्र के मोहल्ला बाजार कलां निवासी व ई-रिक्शा चालक शाहिद अली नवीन मंडी से सामान उतारकर वापस लौट रहे थे। जीरो पॉइंट के पास पहुंचे, रुद्रपुर की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं आई है।



बिलासपुर के नवीन मंडी के पास दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत



**टांडा, अमृत विचार :** टांडा के ग्राम बादली निवासी सोमपाल सिंह (47) बुधवार शाम किसी निजी कार्य से बाइक द्वारा पास के गांव मल्हूपुरा गए थे। रात करीब साढ़े सात बजे लौट रहे थे, तभी भगतपुर मोड के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सोमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा ले गए। जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन मुरादाबाद ले गए लेकिन वहां पहुंचते ही घायल ने दम तोड़ दिया। परिजन शव टांडा लेकर आए, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमपाल सिंह अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं। एक पुत्र और एक पुत्री का विवाह हो चुका है, जबकि तीसरा बेटा पढ़ाई कर रहा है। पिता की मौत से घर में मातम पसरा हुआ है।

**विशेष अभियान** सीआईटी के नेतृत्व में 17 टीमों ने रेलवे स्टेशन पर 26 ट्रेनों में की चेकिंग

# बिना टिकट पकड़े गए 99 यात्री, 47,550 रुपये का जुर्माना लगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** त्योहारों के करीब होने पर बिना टिकट यात्रा करना 99 यात्रियों को भारी पड़ा। इन यात्रियों से 47,550 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा अनियमित यात्रा के 99 मामले में 43708 और प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाने में दो को पकड़कर 300 रुपये जुर्माना सहित कुल 91,655 रुपये का रेल राजस्व अर्जित किया गया। टीमों ने किलेबंदी अभियान में 26 गाड़ियों की चेकिंग की गई।

सीआईटी मुरादाबाद विजयंत शर्मा और भावेश शर्मा के नेतृत्व में 17 टीमों ने मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान में 26 ट्रेनों की चेकिंग की गई। टीमों ने प्लेटफार्म और ट्रेनों में अभियान चलाया। बिना टिकट और अनियमित यात्रा के 99-99 केस मिले। इसके अलावा स्टेशन पर गंदगी फैलाने के दो व्यक्ति पर कारवाई की गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान रेलवे सुरक्षा बल के चार स्टाफ भी मौजूद रहे। उन्होंने यात्रियों से बिना टिकट यात्रा न करने और उचित श्रेणी का टिकट रखने की अपील की। उ कहा कि रेल यात्रा के दौरान स्टेशन और ट्रेनों में गंदगी न करें। किसी भी सहायता के लिए 139 नंबर पर फोन कर सकते हैं।

- विशेष अभियान में विभिन्न मदों में कुल 91,655 रुपये का रेल राजस्व अर्जित किया



स्टेशन पर यात्रियों का टिकट चेक करती रेलवे की टीम। ● अमृत विचार

### चार घंटे के पावर ब्लॉक से कई ट्रेनें प्रभावित, काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस 90 मिनट की देरी से चलेगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रायवाला-देहरादून सिंगल लाइन सेक्शन पर चार घंटे के ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक के चलते मार्च से अगस्त तक कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। यह पावर ब्लॉक 11 मार्च से 14 अगस्त तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को लिया जाएगा। इसके चलते कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से री-शेड्यूल और रेगुलेट किया जाएगा। सबसे अधिक असर ट्रेन संख्या 14119 काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस पर पड़ेगा। यह ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन काठगोदाम से निर्धारित समय से 90 मिनट की देरी से चलाई जाएगी। यह व्यवस्था मार्च से अगस्त के बीच निर्धारित तिथियों पर लागू रहेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस को मार्ग में 30 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। वहीं, ट्रेन संख्या 12401 कोटा-देहरादून एक्सप्रेस को भी मार्ग में 15 मिनट तक रेगुलेट किया जाएगा। ये व्यवस्थाएं भी मार्च से अगस्त के बीच चयनित तिथियों पर प्रभावी रहेंगी। ऐसे में जरूरी है कि यात्रा से पहले लोग अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें। अपडेट के लिए यात्री एनटीईएस वेबसाइट या रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि पावर ब्लॉक के दौरान ट्रैक पर जरूरी मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जाएंगे, जिससे भविष्य में ट्रेनों का संचालन अधिक सुरक्षित और सुचारु हो सके।



**इफ्तार**
27 फरवरी
सुन्नी: 6.16
शिया: 6.27

**सहरी**
28 फरवरी
सुन्नी: 5.18
शिया: 5.14

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया:** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीएसई: भूगोल में एक छात्र अनुपस्थित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सीबीएसई की ओर से संचालित परीक्षाओं के तहत गुरुवार को 12वीं कक्षा की भूगोल विषय की परीक्षा हुई। इसमें 117 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 116 उपस्थित रहे। एक छात्र अनुपस्थित रहा। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की विभिन्न व्यावसायिक विषयों की परीक्षाएं भी कराई गईं। ऑटोमोटिव विषय में पंजीकृत 35 विद्यार्थियों में से सभी ने परीक्षा दी। फूड प्रोडक्शन विषय के 26 पंजीकृत विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। इसी तरह बैंकिंग एंड इंश्योरेंस विषय में पंजीकृत 47 और इंट्रोडक्शन टू फाइनेंशियल मार्केट विषय में पंजीकृत 77 विद्यार्थियों ने भी पूरी उपस्थिति दर्ज कराई। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रही।

### होली पर विवादित लोगों पर रहेगी नजर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले की ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन पर बैठकें होंगी। इसमें ग्राम प्रधान, संबंधित हल्का पुलिस और पंचायत सचिव गांव के लोगों के साथ आपसी समन्वय बनाएंगे। उप निदेशक पंचायत राज अभय कुमार यादव ने बताया कि गांवों में संभावित विवादों को देखते हुए कुछ चिन्हित व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि होली के दौरान किसी कोई झगड़ा या उपद्रव होता है तो संबंधित विवादित व्यक्ति को जिम्मेदार माना जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत चुनाव की सरगर्मी से कई गांवों में गुटबाजी की जानकारी भी मिल रही है। ऐसे में गांव में पंचायत के दौरान पुलिस शांति बनाए रखने व अशांति न फैलाने की हिदायत देगी।

### 50 लीटर शराब बरामद महिला पर केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अवैध शराब की बिक्री व परिवहन पर अंकुश के लिए आबकारी विभाग ने गुरुवार को जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक सेक्टर-4 की टीम ने स्टाफ सहित देसी शराब की दुकान व कंपोजिट शॉप पैपटपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक का सत्यापन कर सेल्समैन को निर्धारित मूल्य पर ही शराब बिक्री करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके बाद ग्राम सरदार नगर थाना भोजपुर क्षेत्र में अवैध तरीके से कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री की सूचना पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान सर्वेश देवी नामक महिला के पास से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीडावली थाना भोजपुर में भी छापेमारी की गई, लेकिन वहां से कोई अवैध शराब बरामद नहीं हुई।

# संगठन को मजबूत करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- पीयूष चौहान को युवा राष्ट्रीय लोकदल का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया

**अमृत विचार :** युवा राष्ट्रीय लोकदल की संगठनात्मक बैठक गुरुवार को दिल्ली रोड एक होटल में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने चौधरी चरण सिंह चौक पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। बैठक की शुरुआत सरदार बल्लभभाई पटेल, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने कहा कि युवा ही देश और प्रदेश की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, व्यापारियों और युवाओं की आवाज रहा है तथा रोजगार, शिक्षा और सम्मान की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ी जाएगी। संगठन विस्तारित करते हुए पीयूष चौहान को युवा राष्ट्रीय लोकदल का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विशिष्ट अतिथि अजीत सिंह एडवोकेट ने संगठन की मजबूती को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं युवा कार्यकर्ताओं ने संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# उत्पादन, नवाचार और विपणन पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


महिलाओं के साथ बैठक करतीं सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से सीडीओ ने किया संवाद

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले के विकास खंडों से आई उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ संवाद बैठक हुई। इसमें महिलाओं के द्वारा संचालित व्यवसायों, उनकी उपलब्धियों, बाधाओं व उनके समाधान पर चर्चा हुई।

सीडीओ ने सजावटी आइटम, ज्वेलरी एवं डेकोरेशन से संबंधित समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को देखकर गुणवत्ता एवं नवाचार की सराहना की। उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं जिला मिशन प्रबंधक को निर्देश दिया कि समूहों के उत्पादों के विक्रय के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की संभावनाओं का परीक्षण करें। जिले में बिक्री के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित किए जाएं। डेयरी से जुड़ी महिलाओं को सुझाव दिया गया कि केवल दूध बिक्री के स्थान पर घी, पनीर, दही जैसे दुग्ध उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर आय बढ़ाई जाए। टॉयलेट क्लीनिंग लिक्विड, कीटाणुनाशक द्रव्य एवं साबुन निर्माण से जुड़े समूहों से उत्पाद निर्माण की पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालयों में आपूर्ति की संभावनाएं तलाशने के निर्देशित किया। बैठक में ठाकुरद्वारा विकासखंड की गार्गी चौहान ने मशरूम उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी। रूपेश रानी द्वारा संचालित दुकान को मॉडल प्रेरणा कैंटीन के रूप में उन्नत करने का अनुरोध किया गया।

मनजीत कौर द्वारा स्थापित सोलर आटा चक्की के लिए खाद्य सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त कराने तथा मिड-डे मील सहित अन्य शासकीय संस्थाओं में आटा आपूर्ति की संभावनाओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विकास खंडों से 25 से अधिक स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने प्रतिभाग किया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, नवाचार और विपणन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

# मुनाफे का लालच...बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार

## होली व रमजान के चलते खरीदारी बढ़ने पर लाभ कमाने के फेर में मुनाफाखोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खाद्य सुरक्षा विभाग चुनिंदा जगह पर कर रहा छापेमारी
- महानगर के प्रमुख बाजारों में अब तक नहीं पहुंची टीमें


होली की तैयारी को लेकर बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली व रमजान के चलते खरीदारी बढ़ने पर मोटा लाभ कमाने में मुनाफाखोर जुट गए हैं। मुनाफे के लालच में बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की खेप भी पहुंच गई है। सिंथेटिक दूध से बनी पनीर, मावा व अन्य मिठाइयों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। वहीं मसालों व रंगों में भी मिलावट से जन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी है। जिले में कई बार फूड प्वाइजनिंग के मामले आने के बाद भी खाद्य सुरक्षा विभाग अभी महानगर के बाजारों में सक्रिय नहीं है।

एक तरफ रमजान के महीने में रोजेदार इफ्तार व सहरी के लिए खाद्य पदार्थों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। मावे से बनी मिठाइयां, पनीर आदि की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। लेकिन सिंथेटिक व यूरिया आदि की मिलावटी दूध से बनी मिठाइयां व पनीर खरीदने के लिए ग्राहक मजबूर हैं। क्योंकि कमोवेश सभी दुकानों पर ऐसी ही सामग्री मौजूद है। इसके अलावा तेल, मसाले, रंग व गुलाल में भी मिलावट का बाजार सजा है। दुकानदार जानने के बावजूद अधोमानक सामग्री ग्राहकों को बेच रहे हैं क्योंकि सस्ते दाम पर लेकर बड़ा मुनाफा उनकी जेब में जा रहा है। भले ही ग्राहकों की सेहत बिगड़ जाए उन्हें फर्क नहीं। शहरी क्षेत्र के बाजार में अभी तक खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा सक्रियता न बढ़ने का फायदा भी ऐसे कारोबारी उठा रहे हैं। दूसरे जिलों से मिलावटी व नकली मावा की खेप भी पहुंचने की बात कही जा रही हैं। इसमें बसों के अलावा निजी वाहनों को भी कैरी करने का माध्यम बनाया जा रहा है।

### छापेमारी के लिए टीमें गठित

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि छापेमारी के लिए टीमें गठित हैं। शासन के निर्देश के अनुसार टीमें ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों पर पहुंच रही हैं। शहर के बाजारों पर भी नजर है। पिछले दिनों मंडी में छापेमारी कर लोकल खजूर को ब्रांडेड पैकिंग में भरकर बेचने वालों के गोदाम पर कार्रवाई की गई थी। अन्य बाजारों में भी मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ निश्चित कार्रवाई होगी।

# सेहल ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की जांच का आदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विकास खंड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत सेहल में सचिन शर्मा, मोहित कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत की थी। जिसकी जांच का आदेश जिलाधिकारी ने दिया है।

सेहल विकासखंड भगतपुर टांडा में विकास कार्यों में अनियमिता की जांच के लिए डीएसडब्ल्यूओ को जांच अधिकारी और एई (डीआरडीए) को तकनीकी अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर जांच पूर्ण कर अपनी आख्या मूल शिकायत पत्रों सहित जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं एवं संबंधित प्रधान का पक्ष सुना जाएगा। पुलिस बल मौजूद रहेगा। तकनीकी निर्माण कार्यों की जांच में विकास खण्ड के अवर अभियंता का सहयोग लिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की सूची एवं आय-व्यय का विवरण जांच अधिकारी व पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# चार मार्च को निकलेगी हिंदू मंडल की रंग शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


होली पर निकलने वाली शोभा यात्रा के बारे में जानकारी देते अरविंद अग्रवाल जॉनी।

**अमृत विचार :** हिंदू मंडल किशोर 84 घंटा महानगर ने गुरुवार को बैठक की इसमें होलिका दहन और होली पर रंग शोभायात्रा निकालने की रुपरेखा तय कर जानकारी दी गई। अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी औरकार्यक्रम संयोजक विपिन गुप्ता ने बताया कि होली का जुलूस सुबह 9:30 बजे 84 घंटा मंदिर से प्रारंभ होकर दीवान का बाजार, डॉक्टर एस कुमार चौराहा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, बाजार गंज चौराहा, बंगलागांव, नागफनी से होते हुए वापस 84 घंटा मंदिर पर आकर समाप्त होगी।

शोभायात्रा में सूखे टेसू के फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाएगा और फूलों की होली खेली जाएगी। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा नेता केके मिश्रा और व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहेंगे। बताया कि सामूहिक रूप से होलिका दहन दो मार्च को किया जाएगा। इस दौरान टोनी सहगल, राजेंद्र गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, सत्यदेव शर्मा, अतुल सोती आदि मौजूद रहे।

### 88वीं रंग एकादशी शोभायात्रा आज

महानगर में शुक्रवार को रंग एकादशी पर 88वीं पारंपरिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। राष्ट्रीय पर्व होली समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा दोपहर दो बजे बाजीगरान स्थित खत्री धर्मशाला से शुरू होगी। शोभायात्रा मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, गंज गुरहट्टी चौराहा और ताड़ीखाना चौराहा से होती हुई बुध बाजार पुलिस चौकी पर संपन्न होगी। समिति के अध्यक्ष आरके टंडन ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ शहर विधायक रितेश गुप्ता करेंगे। रास्तें में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा, रंग-गुलाल और शीतल पेय वितरण के लिए व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा 1939 में विशंभर नाथ टंडन ने शुरू की थी।

# क्रॉसरोड्स में मेरठ की विक्ट्री वाइपर्स विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नैतिकता व विकास की समझ विकसित करें युवा : प्रो. दीक्षित

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट-सीटीएलडी की ओर से सस्टेनेबल फ्यूचर्सः नेविगेटिंग एथिकल एंड एनवायरनमेंटल डिलेमा पर प्रथम अंतर-विश्वविद्यालय केस स्टडी प्रतियोगिता क्रॉसरोड्स कराई गई। इसमें देवान वीएस इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के बीटेक विद्यार्थी कृतिका तेवतिया, अर्पिता राजपूत, अकमल खान की टीम विक्ट्री वाइपर्स विजेता रही।

टीएमयू के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के बीटेक-ईई के विद्यार्थी अंश शर्मा, कनिष्का, रिया जैन की टीम नेक्सस आर्किटेक्ट और मुरादाबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीटेक विद्यार्थी आदित्य पनेरू, श्रेया सिंह, चंद्र प्रकाश जोशी की टीम सस्टेन एक्स ने बराबर अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया। टीएमयू के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए के खुशी जैन, संस्कार जैन, गुनगुन कात्याल की टीम डिसिजन आर्किटेक्ट्स तीसरे स्थान पर आई।

इस दौरान कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि आज के युवा पेशेवरों को केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिकता एवं सतत विकास की समझ भी विकसित करनी होगी। क्रॉसरोड्स जैसे मंच स्टुडेंट्स को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। डेंटल एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज़ की निदेशक गवर्नेंस नीलिमा जैन, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। विजेताओं को ट्राफी दी गई।

# त्योहार पर नागरिक सुरक्षा के वार्डनों की जिम्मेदारी पर चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागरिक सुरक्षा की महनगर स्तर की बैठक गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित सिविल डिफेंस कार्यालय पर हुई। इसमें होली, रमजान, जुमा नमाज व ईदुलफितर पर वार्डनों की ड्यूटी पर चर्चा की गई। नागरिक सुरक्षा में रिक्त पदों पर प्रोन्नत हुए वार्डनों का स्वागत किया गया। नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक नीरज चक व सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने डिप्टी चीफ वार्डन पर पुनः नियुक्त किए गए पंकज सक्सेना व डिवीजनल वार्डेन पद नियुक्त अशोक गुप्ता के अलावा प्रखंड कोतवाली, सिविल लाइन व कटघर में प्रोन्नत वार्डनों का स्वागत किया गया। इस दौरान डिप्टी डिवीजनल वार्डेन कमल किशोर, स्टाफ अधिकारी टू डिवीजनल वार्डेन वसीम अख्तर, आईसीओ डॉ. पूनम बंसल, पोस्ट वार्डेन संजय गुप्ता, शरद गुप्ता, मुनीर बारी, अनामिका गुप्ता, संजय भटनागर आदि मौजूद रहे।

# मांगें पूरी न हुई तो लखनऊ से दिल्ली तक करेंगे प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बीएसए कार्यालय पर धरना देते अध्यापक। ● अमृत विचार

- टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय पर दिया धरना

**अमृत विचार:** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों ने गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के बाहर धरने में शिक्षक गरजे। सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने का विरोध किया। नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया।

गुरुवार को हजारों शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने कहा कि एक सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से सेवारत शिक्षकों में सेवा सुरक्षा एवं आजीविका को लेकर भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने व पदोन्नति के लिए टीईटी अनिवार्यता समाप्त की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र पाल सिंह ने शिक्षकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन हर समय शिक्षकों के साथ है और किसी का अहित नहीं होने दिया जाएगा। मंडलीय मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन शिक्षक हितों की रक्षा के लिए लखनऊ से दिल्ली तक संघर्ष करने को तैयार है। डॉ. कपिल सिरोही ने कहा कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है। धरने के बाद सभी शिक्षक पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया। इसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट प्रदान करने की मांग की गई। ऐसा न होने पर दिल्ली से लखनऊ तक धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। संचालन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. कपिल सिरोही, राजबहादुर सिंह, हिमांशु वशिष्ठ, इकमान अली, मो. उस्मान राही, सुरजीत यादव, त्रिवेंद्र कुमार, देवेश चक्रवर्ती, राकेश कौशिक, राहुल शर्मा, देवेश चक्रवर्ती, इकमान अली, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उस्मान आरिफ सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

**विश्व एनजीओ दिवस** | जिले में सक्रिय संस्थाएं जरूरतमंदों, महिलाओं, पर्यावरण और घायलों के लिए निभा रहीं अहम भूमिका

# शिक्षा, स्वच्छता और सेवा से बदल रही तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कपिल कुमार।


नीरज कुमार।


रामगंगा के लालबाग घाट पर सफाई करते परिवर्तन द चेंज के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व एनजीओ दिवस के अवसर पर जिले में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की भूमिका एक बार फिर चर्चा में है। समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय ये संस्थाएं शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और मानव-सेवा जैसे मुद्दों पर निरंतर काम कर रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इन संगठनों की पहल से सैकड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। कोई मलिन बस्तियों के बच्चों को स्कूल तक पहुंचा रहा है, तो कोई रामगंगा को स्वच्छ रखने के लिए अभियान चला रहा है। वहीं, कुछ संस्थाएं सड़क हादसों में घायल लोगों और बीमार गोवंश के उपचार का जिम्मा उठा रही हैं।

**परिवर्तन द चेंजः शिक्षा और स्वच्छता की अलखः** 2017 से संचालित एनजीओ परिवर्तन द चेंज शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्थापक व अध्यक्ष कपिल कुमार के अनुसार टीम मलिन बस्तियों में जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करती है जो आर्थिक तंगी के कारण कभी स्कूल नहीं गए या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। ऐसे बच्चों को चार माह तक उनके मोहल्ले में ही आधारभूत शिक्षा दी जाती है और फिर नजदीकी सरकारी स्कूल में उनका प्रवेश कराया जाता है। अब तक 2100 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है।

रामगंगा विहार स्थित कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक डे कोचिंग भी संचालित की जाती है। यहां जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा के साथ भोजन, कपड़े और कॉपी-किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस केंद्र से अब तक 53 बच्चों को शिक्षित कर आसपास के स्कूलों में प्रवेश दिलाया गया है। इसके अलावा संस्था 188 सप्ताह से रामगंगा स्वच्छता अभियान भी चला रही है। टीम हर माह रविवार को लालबाग घाट पर पहुंचकर सॉलिड वेस्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर नगर निगम को सौंपती है। खास बात यह है कि मार्च 2023 में 100 सप्ताह तक अभियान जारी रखने पर एनजीओ को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मानित भी किया जा चुका है। वहीं, महिला सशक्तिकरण के तहत ग्रामीण क्षेत्र की 350 महिलाओं को गोद लेकर हर माह सेनेटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कंप्यूटर और सिलाई का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### श्रीजी संस्था: घायलों और गोवंश का सहारा

पिछले छह वर्षों से सक्रिय श्रीजी संस्था मानवता की मिसाल पेश कर रही है। संस्थापक नीरज कुमार के अनुसार संस्था सड़क हादसों में घायल और गंभीर बीमार व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनका उपचार कराती है। हर माह औसतन तीन से चार जरूरतमंदों का इलाज कराया जाता है। इसके अलावा संस्था बीमार और घायल गोवंश को भी अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था करती है। बताया कि हर माह दो से तीन गोवंश का इलाज कराया जा रहा है।

# प्रीपेड मीटर लगाने के नाम पर उगाही का लग रहा आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दीवान बाजार व कैपिटल सिनेमा रोड क्षेत्र में प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के नाम पर वसूली की शिकायत मिल रही हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि 500 रुपये में लगने वाने नए प्रीपेड मीटर लगाने पर फीस और पुराने मीटर की लैब टेस्टिंग के नाम पर 1000 से 1200 रुपये तक मांगे जा रहे हैं। गुरुवार को कैपिटल सिनेमा रोड निवासी रहीस अहमद ने कहा कि जांच में गड़बड़ी मिलने पर अतिरिक्त रुपये मांगे गए। कई जगह मीटर की सील टूटने की बात कह कर दबाव बनाया जा रहा है। इस बाबत मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरासिया ने बताया कि कोई शिकायत नहीं मिली है, यदि किसी से वसूली की गई है तो गोपनीय रूप से हमें लिखित रूप में दें। उसकी जांच कराएंगे, यदि कर्मचारी दोषी मिलेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# राधा-कृष्ण की होली रही आकर्षण का केंद्र


लेडीज क्लब में आयोजित होली सभा में डांस करतीं सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लेडीज क्लब ऑफ मुरादाबाद की ओर से गुरुवार को लेडीज क्लब में होली उत्सव आयोजित किया गया। क्लब की सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गुझिया खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राधा-कृष्ण की होली आकर्षण का केंद्र रही।

अनुराधा, अर्चना, स्वाति, रश्मि रस्तोगी ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली, आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा अवध में, लेट्स प्ले होली जैसे गीतों पर नृत्य कर उत्सव में चार चांद लगा दिए। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रस्तुति देने वाली प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया। हर्बल रंगों से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अध्यक्ष संजुल अग्रवाल, सचिव डॉ. विमिता अग्रवाल, विदुषी टंडन, वंदना कपूर आदि मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

बिलारी,अमृत विचार : नगर के उदय नगर कॉलोनी निवासी संतोष देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 फरवरी की शाम उसका बेटा पुनीत चौधरी गांव से खेती का काम करके वापस घर आ रहा था तभी मिल के फ्लाईओवर पर गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

### विवाहिता की मौत मामले में दो गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता मुस्कान का शव बुधवार को फंदे पर लटका मिला था। मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया। भाई की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मायके पक्ष को सौंप दिया गया। मुस्कान का शव फरीदनगर पहुंचा, परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। मृतका की एक वर्ष की बच्ची है, जो अब मां के साए से वंचित हो गई। देर शाम गमगीन माहौल में विवाहिता को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### घर में ईंट पत्थर फेंकने मे तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के लदावली निवासी एक युवक के घर पर वहीं के रहने वाले दबंग ने ईंट पत्थर चला दिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। छजलैट क्षेत्र गांव लदावली निवासी रामराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 फरवरी की शाम को वह अपने गन्ने की ट्रॉली भरकर खेत से आये थे तभी पीछे से गांव के ही निवासी एक युवक व दो महिलाओं ने उसके घर में ईंट पत्थर चला दिये। आरोप है कि घर के अंदर घुस आया और मारपीट की। पीड़ित युवक ने छजलैट पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने रामराज की तहरीर पर उपेन्द्र व पत्नी मीनाझी, और महिला भूरी देवी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

### बजरंग दल कार्यकर्ता दोषमुक्त



कांठ, अमृत विचार : कांठ क्षेत्र में जनवरी 2024 में दर्ज गौ-हत्या के मामलों में गिरफ्तार किए गए बजरंग दल के तीन कार्यकर्ताओं मोनू बिश्नोई, रमन चौधरी और राजीव चौधरी को अदालत ने सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय के निर्णय के बाद तीनों कार्यकर्ता ससम्मान रिहा होकर अपने-अपने घर लौट आए। पहला मामला 15 जनवरी 2024 को दर्ज किया गया था। इसके बाद 22 जनवरी को संबंधित धाराओं में एक और केस दर्ज किया गया। 31 जनवरी 2024 की शाम पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया और जेल भेज दिया गया। न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में तीनों को दोषमुक्त करार दिया। फैंसले के बाद संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे सत्य की जीत बता हर्ष प्रकट किया।

# नाला पाटकर कब्जाई भूमि पर खड़ा गेहूं कटवाया

## नहर विभाग का नाला पाटकर कब्जाई गई जमीन राजस्व टीम ने कराई मुक्त, नाला खुलवाया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव निर्मलपुर में नहर विभाग के नाले को पाटकर किए गए कब्जे पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। नाले की भूमि पर खड़ी गेहूं व लाही की कच्ची फसल को राजस्व विभाग की टीम ने कटवाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

शिकायतकर्ता वेदप्रकाश सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया था कि अर्जुन सिंह पुत्र स्व. मुरारी सिंह ने नहर विभाग के नाले और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कानूनगो सर्वेश सिंह और लेखपाल कु. बुसरा की टीम ने गुरुवार को मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई।जांच में खेत के बीच से गुजर रहे नहर के नाले की चौड़ाई लगभग 6 फीट और लंबाई करीब 130 मीटर पाई गई। टीम ने नाले की भूमि पर खड़ी गेहूं और लाही की फसल



नहर विभाग की भूमि पर खड़ी गेहूं व लाही की फसल कटवाती राजस्व टीम।



निर्मलपुर में मौके पर मौजूद राजस्व विभाग की टीम। • अमृत विचार

को कटवाते हुए नाले को दोबारा खुलवाया और भूमि को मुक्त कराया।

बताया जाता है कि अर्जुन सिंह और वेदप्रकाश सिंह के बीच काफी समय से रंजिश चली आ रही है। कुछ दिन पूर्व अर्जुन सिंह ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी कि वेदप्रकाश सिंह सहित नौ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर लिया

- **शिकायतकर्ता और प्रभावित पक्षों के बीच तनाव की स्थिति**

है। इस शिकायत पर चार दिन पहले राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया था। इसी क्रम में वेदप्रकाश सिंह ने नहर की भूमि पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की, जिस पर यह कार्रवाई की गई।

- **खेत स्वामी ने कहा, उसने अपीन जमीन नाला बनवाने को दी थी**

वहीं अर्जुन सिंह का कहना है कि2018 में उसके पिता मुरारी सिंह की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ समझौता हुआ था। समझौते के तहत उसने अपने निजी खेत में नया नाला खुदवाकर तालाब तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की थी और बदले में पुराने नहर नाले को जोतने की सहमति दी गई थी। उनका दावा है कि समझौते के तहत ही उन्होंने भूमि का उपयोग किया। उन्होंने राजस्व टीम को संबंधित अभिलेख भी दिखाए और निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल प्रशासनिक कार्रवाई के बाद नाले को पुनः चालू करा दिया गया है। गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# विधायक बोले, मिलजुलकर करेंगे नगर का विकास

संवाददाता, कुंदरकी

- **नगर पंचायत बोर्ड बैठक में सपा विधायक फहीम इरफान का स्वागत**

अमृत विचार : विधानसभा कुंदरकी की नगर पंचायत महमूदपुर माफी की बोर्ड बैठक में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान का चेयरमैन प्रतिनिधि और सभासदों ने स्वागत किया।

सौहार्दपूर्ण माहौल बैठक में भाजपा प्रतिनिधियों व सपा विधायक के बीच आपसी समन्वय की तस्वीर दिखी। नगर पंचायत का दर्जा दिलाने वाले पूर्व विधायक मरहूम हाजी मोहम्मद इरफान के नाम पर महमूदपुर माफी में पार्क निर्माण का निर्णय लिया गया। विधायक फहीम इरफान ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र की 28 सड़कों को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही 6 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 69 लाख रुपये



विधायक को तस्वीर देते मंगल सैनी।

स्वीकृत हुए हैं। आपसी सहयोग से विकास कार्य कराए जाएंगे। चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सिंह सैनी,अधिशासी अधिकारी अरविंद, पूर्व प्रधान युनुस सैफी, कमल सिंह, जुबेर अंसारी, बिजेंदर, दयाराम सिंह, जावेद सिद्दीकी, मोहम्मद दानिश, हिलाल, जफीर, मोहम्मद रशीद, फहीम सलमानी आदि उपस्थित रहे।

### शुगर मिल हाउस किपिंग पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

भोजपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में राणा शुगर मिल के सुरक्षा प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने बताया है कि गुरुवार को सिक्युरिटी गार्ड ओमकार सिंह ने बताया कि राणा सुगर मिल में स्थित पावर हाउस में कोई कुछ तोड रहा है। पहुंचा तो देखा कि हाउस किपिंग अरुण कुमार पीसीवी पैनल मशीन के वैक्यूम इन्ट्रीपटर 25सौ एफएमपी को तोड़कर चोरी करके ले जा रहा था। जिससे पीसीबी पैनल मशीन पूरी तरह खराब व छतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बरामद माल को सीलबंद कर दिया।

# गोष्ठी में गन्ने की उन्नत प्रजातियों पर दिया जोर



रानी नंगल में गोष्ठी में कृषि विभाग के वैज्ञानिक व किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर कृषक जागरूकता अभियान के तहत सौदासपुर में एक द गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उपाध्यक्ष वी. वेंकटरथनम् ने लाल सड़न रोग से बचाव के लिए फसल चक्र अपनाने, स्वस्थ बीज के चयन तथा बीज शोधन के बाद ही बुवाई करने की सलाह दी। उन्नतशील गन्ना प्रजातियोंको०-0118, 15023, 98014, को०लख०-14201, 16202, 94184 आदि की बुवाई पर विशेष जोर दिया। बताया कि 20 फरवरी 2026 तक का गन्ना भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है।महाप्रबंधक (गन्ना) टीएस यादव ने बसंतकालीन बुवाई पर मिल द्वारा दिए जा रहे अनुदान की जानकारी दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हसमुल हसन, महाप्रबंधक (विकास) सुनील कुमार गलिक, गन्ना प्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा, उमाशंकर गुप्ता, खूब सिंह, तारा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मिलावटखोरी पर की गई सख्ती, 27 नमूनों में दो फेल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : होली और ईद को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नगर में मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। गुरुवार को विभाग की चलित प्रयोगशाला टीम ने बाजार पहुंचकर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूनों की मौके पर जांच की।

अभियान के दौरान बर्फी, सोनपापड़ी, बालूशाही, गुजिया और सरसों के तेल समेत कुल 27 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 25 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए, जबकि दो नमूने फेल हो गए। विभाग ने संबंधित व्यापारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बी.पी. सिंह ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए



चलित प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करती टीम। • अमृत विचार

यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि रंग-बिरंगी कचरी जैसी संदिग्ध सामग्री का भंडारण एवं बिक्री न करें। साथ ही सभी व्यापारी अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराएं और प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। लोगों से भी अपील की कि खाद्य पदार्थ खरीदते समय सावधानी बरतें।

राजीव मार्केट में व्यापारियों के

- **चलित प्रयोगशाला में मिठाई समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की**

साथ बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. बीपी सिंह ने व्यापार मंडल पदाधिकारियों से सहयोग की अपील की। व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखेंगे और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों की बिक्री नहीं करेंगे। व्यापार मंडल की ओर से कहा गया कि वे उचित



व्यापारियों के साथ बैठक करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ . बीपी सिंह। • अमृत विचार

- **रंग बिरंगी कचरी न खरीदने और खाद्य सामग्री में सावधानी बरतने की अपील**

कार्रवाई में प्रशासन का सहयोग करते रहेंगे, लेकिन बिना कारण किसी भी व्यापारी को परेशान न किया जाए।बैठक में पिछले वर्ष होली के दौरान हुए विवाद का भी उल्लेख किया गया। अधिकारियों ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल अग्रवाल, सुरेश कुमार, विनीत कुमार, हाजी पप्पू, सलीम अहमद, रईस चक्की वाले, मोहम्मद वसीम, फरजान अहमद, मोहम्मद मुस्तकीम, कुशाग्र सिंघल, मोहित सिंगला, अंशुल अग्रवाल, पंकज कुमार, सत्य प्रकाश, रितिक कुमार, अनिल कुमार, मोहम्मद हारुन, लियाकत हुसैन, राजीव कुमार समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# 9 से 23 मार्च तक खोजे जाएंगे कुष्ठ रोगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कुष्ठ रोग की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक घर-घर कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बैठक में आशा कार्यकर्ताओं को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच करें और कुष्ठ रोग के संदिग्ध



कुष्ठ रोग अभियान के संबंध में बैठक में आशा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- **आशा कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित**

लक्षण मिलने पर उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजें।

पैरा मेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह ने बताया कि 272 टीमें घर-घर सर्वे कर संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा भेजेंगी। अस्पताल में कुष्ठ रोग की पुष्टि होती है तो मरीज को मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर इलाज से रोगी पूर्ण स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। बीसीपीएम लीलावती, पैरा मेडिकल वर्कर अरुण कुमार, संगिनी राजेश्वरी, कमलेश देवी, कनीज जहां, सुमन, अंजू सहित अन्य आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में 75 अनुपस्थित

कांठ, अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के लिए तहसील क्षेत्र में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ।

गुरुवार को प्रथम पाली में इंटरमीडिएट के कृषि भौतिक एवं जलवायु की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 19 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 16 छात्र उपस्थित रहे। कुल तीन छात्र अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट में प्रथम पाली में कृषि जंतु विज्ञान भाग 2 विषय की परीक्षा हुई। कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के भूगोल द्वितीय पेपर में 1017 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 945 छात्रों ने परीक्षा दी। उपसंकलन केंद्र प्रभारी रामसागर ने बताया कि 75 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं।

# क्षेत्र में 191 स्थानों पर होगा होलिका दहन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर के प्रमुख स्थानों सहित कांठ तहसील क्षेत्र में का इस बार लगभग 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस ने एकादशी और दुल्हेंडी में जुलूस के मार्गों पर फ्लैग मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

कांठ नगर के श्री रामलीला चौराहा, संत रविदास धर्मशाला, माननगर, पट्टी वाला, चौक बाजार, गांधी आश्रम सहित कांठ थाना क्षेत्र में 101 और छजलैट थाना क्षेत्र में 90 स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 191 स्थानों पर विधि विधान के साथ होलिका दहन का कार्य किया जाएगा। होली का पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्राम गढ़ी और नयागांव अकबरपुर चैदरी में



त्यौहारों के मद्देनजर लोगों से सम्पर्क करती पुलिस। • अमृत विचार

- **पुलिस ने लोगों से किया संपर्क, सौहार्द की अपील**

भ्रमण किया संबंधित ईमाम से संपर्क किया। पुलिस ने कहा कि ईद और होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। संवेदन और अतिसंवेदनशील होलिका दहन स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने नागरिकों से कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नगर व क्षेत्र में 150 लोगों को चिन्हित कर शांति भंग की आशंका में पाबंद किया गया है तथा 168 लोगों को वीएनएसएस के तहत नोटिस दिए गए हैं। थाना छजलैट प्रदीप कुमार शहरावत के अनुसार क्षेत्र में सुरक्षा में व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नगर में फ्लैग मार्च में चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार एवं कमलदीप आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
मैंने अपना नाम Tanveer Aalam से बदलकर Tanveer Alam रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम के साथ जाना पहचाना जाए
Tanveer Alam S/O Ishrat Ali R/O Village and Post Chamroa, Rampur U.P.

इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
(संबद्ध गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
थूनापुर, पो.आ. भोट, जनपद रामपुर
आवश्यकता है निम्न पद हेतु प्रवक्ताओं की
● प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस
● प्रवक्ता मैनेजमेंट
● प्रवक्ता बी.एड.(एजुकेशन)
योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार
ई-मेल : impact.college@hotmail.com
मो. प्रबंधक : 9897560771, 9997633333

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पवन भुईयार बने विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष

कांठ, अमृत विचार: विश्व हिन्दू परिषद की बैठक में पवन भुईयार को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला संगठन मंत्री देवेश कुमार राणा ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल राष्ट्र और हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले संगठन हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाजहित में योगदान देना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने पवन भुईयार का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष सचिन विश्नोई, जिला विधि प्रमुख एडवोकेट कुलदीप शर्मा, जिला गौ रक्षा प्रमुख सौरभ तोमर, जिला उपाध्यक्ष पायल, मनीष तोमर, यश यादव, आशीष यादव, कार्तिक यादव, कृष्णा यादव, हर्ष यादव, जीतू यादव, शनि यादव, राजेंद्र विश्नोई सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोप में 23 वर्ष जेल में बिताए, हाईकोर्ट ने किया बरी

विधि संवाददाता,प्रयागराज

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी और तीन बच्चों की हत्या के आरोप में लगभग 23 वर्ष जेल में बिताने वाले एक व्यक्ति को साक्ष्यों के अभाव में बरी किया।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने रईस की अपील पर सुनवाई करते हुए आपराधिक न्याय प्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की। कहा कि केवल सम्मेलन और बैठकों से स्थिति नहीं सुधरेगी, बल्कि जजों की संख्या, सहायक स्टाफ और आधारभूत ढांचे में वास्तविक वृद्धि आवश्यक है। कोर्ट ने माना कि यह प्रकरण आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली पर दुखद टिप्पणी है और इसमें व्यापक आत्ममंथन तथा ठोस सुधारात्मक कदम समय की मांग हैं।

- **व्यापक आत्ममंथन, ठोस सुधारात्मक कदम समय की मांग : हाईकोर्ट**
- **2003 में भोजपुर थाने में पत्नी सहित चार लोगों की हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था**

प्राथमिकी में अभियुक्त के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत पुलिस स्टेशन भोजपुर, मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के अनुसार 29-30 अगस्त 2003 की रात आरोपी रईस ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। आरोपी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने साक्ष्यों की गहन जांच करते हुए एकमात्र कथित प्रत्यक्षदर्शी, आरोपी के उस समय के पांच वर्षीय पुत्र अजीम की गवाही को अविश्वसनीय पाया। बाल गवाह ने स्वीकार किया कि उसने एक व्यक्ति और एक सरकारी वकील के कहने पर बयान दिया था तथा ऐसा न करने पर घर से निकाल देने की धमकी दी गई थी। बाल गवाह ने यह भी बताया कि घटना के समय उसका पिता गांव से बाहर भूसा बेचने गया था और हत्या की सूचना मिलने के बाद अगले दिन लौटा।

कोर्ट ने कहा कि अपराध जघन्य अवश्य है, किंतु साक्ष्य यह सिद्ध नहीं करते कि अपराध अपीलकर्ता ने ही किया। उसे बरी कर तत्काल रिहाई का आदेश दिया गया। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी की वास्तविक पीड़ा अब शुरू होगी। संभव है उसके माता-पिता और भाई-बहन जीवित न हों। यह भी अनिश्चित है कि अब लगभग 25-26 वर्ष का उसका जीवित पुत्र उसे स्वीकार करेगा।

# होली पर्व पर प्रशासन ने क्षेत्र को 4 सैक्टरों में बांटा

कांठ, अमृत विचार: होलीको शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए तहसील क्षेत्र को 4 सेक्टर में विभाजित कर एसडीएम ने मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र पर रंग के जुलूस एवं शांति व्यवस्था का पूरा ध्यान रखेंगे ।

एसडीएम कांठ संत दास पवार ने तहसीलदार कांठ को अपने संपूर्ण क्षेत्र एवं कस्बे में सक्रिय रहकर थाना कांठ पुलिस के संपर्क में रहेंगे। इसके अलावा नायब तहसीलदार कांठ को अपने क्षेत्र में और नगर में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नायब तहसीलदार को छजलैट क्षेत्र में होली एवं दुल्हंदी के त्योहार पर सतर्कता भारत ने की ड्यूटी लगाई है और ब्लॉक क्षेत्र में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण की ड्यूटी लगाई गई है। वह थाना छजलैट पुलिस के संपर्क में रहेंगे एसडीएम ने सभी चारों मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए हैं।

# किशोरी से दुराचार का वीडियो बना करते रहे ब्लैकमेल

संवाददाता कुंदरकी

अमृत विचार: मैनाठेर थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय किशोरी के साथ चार लोगों ने डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। वीडियो बनाकर 6-7 महीने ब्लैकमेल कर नृशंसता की हदें पार कर दीं। किशोरी के गर्भवती होने पर राज खुला। गुरुवार को मैंनाठेर पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को दबोचकर जेल भेज दिया।

ग्रामीण ने थाने में तहरीर दी थी कि उनकी 13 साल की बेटी को 6-7 माह पहले डरा-धमकाकर तहजीब पुत्र अकबर, आलम, कल्लू पुत्र छोटे और एक अज्ञात ने दुष्कर्म किया। आरोपी घटना का वीडियो बनाकर महीनों ब्लैकमेल कर दुराचार करते रहे। विरोध पर जान से मारने की धमकियां दीं। दुराचार से बच्ची गर्भवती हो गई। तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर के



आरोपियों को जेल भेजती पुलिस।

- **मैनाठेर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

पास ले जाने पर भयावह सच्चाई सामने आई। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मैंनाठेर थाना प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कल्लू और तहजीब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।



**इफ्तार**
27 फरवरी
सुन्नी: 6:17
शिया: 6:26

**सहरी**
28 फरवरी
सुन्नी: 5:07
शिया: 5:09

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

**न्यूज ब्रीफ**

## एथलेटिक्स का 27 और 28 को होगा ट्रायल

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि नैनीताल रोड स्थित शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में 27 और 28 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे। ट्रायल में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति, जन्म तिथि प्रमाण पत्र एवं खेल किट सहित अभिभावक के साथ 27 फरवरी को स्टेडियम आएंगे। प्रतिभाग के इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल्स के लिए खेलो इंडिया के तहत प्रशिक्षक सौरभ कुमार से जानकारी ले सकते हैं।

## आरसल पार्सल में नए बिजली उपकेंद्र की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर अब जनप्रतिनिधि स्तर पर पहल तेज हो गई है। क्षेत्र के विधायक शफीक अहमद अंसारी ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर आरसल पार्सल में नया 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग की है। विधायक ने पत्र में बताया कि 33/11 केवी मसवासी और 33/11 केवी स्वार ग्रामीण उपकेंद्र गर्मियों में अत्यधिक लोड के कारण बार-बार ओवरलोड हो जाते हैं। इसके चलते क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे आम के साथ किसानों, व्यापारियों और अन्य आवश्यक सेवाओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मांग उठाई कि ग्राम पंचायत आरसल-पारसल, तहसील स्वार में एक नया 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र विभागीय योजना में शामिल कर स्थापित किया जाए।

## कौशल विकास में प्रशिक्षण को करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** कौशल विकास में प्रशिक्षण लेकर युवाओं को रोजगार मिलेगा। आधुनिक तकनीक से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई होगी और छात्र-छात्राओं के लिए अलग हॉस्टल की व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षण के लिए 18 से 35 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं। कौशल विकास के महाप्रबंधक अनुराग शुक्ल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना 2 के तहत नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, अंत्योदय कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वयं सहायता समूह कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और 6 पासपोर्ट साइज फोटो विकास भवन स्थित कक्ष संख्या 46 में जमा करें।

# मजार हजरत धूमी मियां के आस्ताना-ए-आलिया में मुकम्मल हुआ कुरआन

**रामपुर, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला नालापार स्थित मजार हजरत धूमी मियां के आस्ताना-ए-आलिया में सातवें रोजे और आठवीं नमाजे तरावीह में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह में हाफिज अर्सलान ने चार पारे रोजाना सुनाए जबकि, सामा के फराइज हाफिज मेराजुन नबी ने अदा किए।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद सत्तार ने कहा कि रमजान रहमतो, बरकतो, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। यह महीना सब्र, तकवा और अपने किरदार को बेहतर बनाने का पैगाम देता है।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। कुरआन मजीद मुकम्मल होने के बाद हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि कुरआन मजीद इंसान को सीधी राह दिखाने वाली मुकम्मल किताब है। जो लोग कुरआन से अपना रिश्ता जोड़ लेते हैं, उनकी जिंदगी में कामयाबी और सुकून आता है। मौलाना ने मुल्क में अमन शांति और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। मजार के सज्जादा नशीन ताहिर मियां, नईमू जफर कैसर मियां, रेहान खां, मुश्ताक खां, बाबर अफरीदी, साजिद खां समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।



कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर तकरीर करते मौलाना मोहम्मद सत्तार।

## सात रोजा तरावीह मुकम्मल, रोजेदारों ने मांगी दुआ

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के बाबुल गार्डन में आयोजित सात रोजा नमाज-ए-तरावीह का सिलसिला बुधवार को मुकम्मल हुआ। इस रूहानी महफिल में बड़ी तादाद में नमाजियों ने शिरकत की। मौलाना जुनैद आलम ने इन सात दिनों में मुकम्मल तरतीब और खुश-अल्हानी के साथ रोजाना चार पारों को नमाज ए तरावीह में पढ़ा। सातवें दिन पूरा कुरआन मुकम्मल कर दिया, कुरआन करीम की समात की जिम्मेदारी कारी मकसूद और कारी अखलद हुजैफा ने बखूबी अंजाम दी। मौलाना जुनैद आलम ने खिताब करते हुए लोगों को रमजान की अहमियत समझाई। उन्होंने कहा तरावीह में मुकम्मल कुरआन सुनना एक सुन्नत थी, जो आज अदा हुई है। लेकिन पूरे रमजान तरावीह की नमाज पढ़ना अभी बाकी है। इसलिए कुरआन मुकम्मल होने के बाद सुस्ती न करें और बाकी दिनों में भी मस्जिद जाकर तरावीह का एहतमाम जारी रखें। उन्होंने लोगों से रोजे रखने, नमाज की पाबंदी करने और गरीबों की मदद के लिए जकात अदा करने की भी पुरजोर अपील की। इस दौरान मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और तमाम इंसानियत की भलाई और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई।



टांडा में तरावीह मुकम्मल होने पर दुआ मांगते मौलाना। • अमृत विचार

## अर्थव्यवस्था को लेकर होगा सर्वेक्षण

**रामपुर, अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियोजन विभाग के तहत जुलाई 2025 से दिसंबर 2026 तक कई प्रकार के सर्वेक्षण हो रहे हैं।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि सर्वे का उद्देश्य राज्य की आर्थिक, सामाजिक एवं श्रम संबंधी स्थितियों का सटीक आंकलन करना है। मार्च 2026 में नगर पंचायत केमरी में सर्वेक्षण प्रस्तावित है। सर्वेयर सुनेपाल द्वारा कैमरी में 12 से 17 मार्च तक (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सर्वे किया जाएगा। सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे टीम को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सहयोग करें।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सड़कों पर शिक्षक

## टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के मंच पर शिक्षक हुए लामबंद, बोले-शिक्षकों के साथ धोखा और अन्याय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले रामपुर में गुरुवार को टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक लामबंद हुए और सड़कों पर उतकर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व उत्तर प्रदेशीय एवं जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के सहयोग से बेसिक शिक्षा कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, 27 जुलाई 2011 से लागू किया गया है। जिसके अनुसार अधिनियम के प्रभावी होने की तिथि से अथवा उसके उपरांत नियुक्त होने बाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया है। जबकि उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते सभी संगठनों के शिक्षक नेता व शिक्षक। • अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सुप्रीमकोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय द्वारा देश में सभी राज्यों में अधिनियम लागू होने की तिथि से पूर्व शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने के लिए और पदोंउन्नति के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है, जो कि पूर्व शिक्षकों के साथ धोखा है और घोर अन्याय है। प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान जिलाध्यक्ष ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता के आदेश के बाद डर का माहौल है। कई शिक्षक अपनी जान तक गवां चुके हैं।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना ने कहा कि इस नियम को वापिस लिया जाए।

प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा कि शिक्षक गरिमा में रहते हुए टीईटी अनिवार्यता से मुक्ति के लिए सभी संगठन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए एकत्रित हुए हैं। धरना प्रदर्शन में डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा, योगेश त्यागी, प्रेम सिंह चौहान, डॉ. राजवीर सिंह, चरन सिंह, डॉ. अंजुम स्नक्सेना के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पूरा शिक्षक परिवार शामिल हुआ।

- बीएसए ऑफिस में धरना प्रदर्शन कर टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग की

### प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शिक्षक बेसिक शिक्षा कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महेंद्र कुमार हल्दिया, ब्लॉक अध्यक्ष चमरौआ, अय्यूब खान, इंद्रेश चौहान, विजयपाल, रूप सिंह सिंह, देवेंद्र पाल गंगवार, संजय सिंह, मोहित सक्सेना, अनीसा लतीफ, इंदुबाला मौर्य, ममता, सरदीप गौतम, सक्सेना, जुल्फिकार अली, नफासत अली, चिंतामणि गंगवार, अनुपम पटेल, देवेंद्र गंगवार, मुल्कराज सिंह, जितेंद्र गंगवार, भूपेंद्र राव, संदीप शर्मा, कपिल दोहन, नईम अहमद, इफ़्तेख़ार अली, शिव कुमार, गुरदेव सिंह, अंजुला प्रभाकर, मोहित कुमार सक्सेना, इंद्रा उप्रेती, सुभाष पांडेय, कुशल राना, आफाक हुसैन, सईद सागर, ऋषिपाल, शमा परवीन सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# 2.53 करोड़ की लागत से तैयार होंगी दो सड़कें



सड़कों का शिलान्यास के दौरान मौजूद शहर विधायक व अन्य भाजपा नेता।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया शिलान्यास

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग की ओर से नगर विधानसभा क्षेत्र में 2.53 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि सड़कों के बनने से सिर्फ आवागमन ही सुगम नहीं होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने में दोनों सड़कें सहायक सिद्ध होंगी। चिकना से चिकटी रामनगर तक सड़क कच्ची थी, जिस कारण आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। मुसीबत बरसात में और अधिक हो जाती थी। कुछ इसी तरह के हालात लक्ष्मीनगर मार्ग के थे। गहरे गहरे गडढे होने की वजह से आए दिन हादसे होते थे। ऐसे में लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से सड़क का निर्माण कराने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। शासन ने दोनों सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी। गुरुवार को विधायक ने दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करवाएं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जगपाल यादव, अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, विक्की सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शाहाबाद क्षेत्र के पटवाई में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 100 छात्राओं के सापेक्ष 88 बालिकाएं उपस्थित पाई गईं।

विद्यालय स्टाफ भी निर्धारित समय पर उपस्थित मिला। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षा 6 एवं 7 की बालिकाओं से भूगोल, विज्ञान, गणित एवं अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्राओं को विषयों को रटने के बजाय समझकर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कठिन विषयों को सरल तरीकों से सीखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। शिक्षिकाओं को शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन, स्वच्छता और नियमित अध्ययन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री राजीव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद अशोक कुमार, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर एवं प्रभारी वार्डन किरण बाला मौजूद रहे।



बालिका से सवाल पूछते सीडीओ।

# बंदरों के हमले में छह लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** बंदरों ने छह लोगों पर हमलाकर उन्हें घायल कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मोहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी मुनीश दिवाकर और किशन समेत अन्य निवासियों ने बताया कि बंदरों का झुंड न केवल राहगीरों को निशाना बना रहा है, बल्कि घरों की खिड़कियों व दरवाजों से अंदर घुसकर महिलाओं और बच्चों पर हमला कर रहा है। बंदरों के हमलों में तीन दिन के भीतर सुमेश कुमार कलावती, नन्हें राम, किशन, पप्पू राठौर, प्रेमीलाल समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां कई लोगों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाने पड़े हैं। नगर पालिका और तहसील प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक रूप से बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक पकड़ने वाली टीम को बुलाया गया है। जिससे रोष व्याप्त है।

# राज्यकर विभाग ने सीए एकादश को 92 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** राज्य कर मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर गुरुवार को राज्य कर स्थापना दिवस पर बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक मैत्री मैच खेला गया। इसमें राज्यकर विभाग की टीम ने सीए एकादश को 92 रन से हराया।

राज्य कर विभाग रामपुर की टीम का मैत्री क्रिकेट मैच टैक्स बार एसोसिएशन रामपुर और टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की संयुक्त टीम सीए एकादश के साथ मैच खेला गया। राज्य कर विभाग रामपुर की टीम के कप्तान डिप्टी कमिश्नर संदेश कुमार जैन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी राज्य कर विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर के 197 रन बनाए। बल्लेबाज असिस्टेंट कमिश्नर प्रथम प्रदीप कुमार ने 63 रन, प्रदीप कुमार द्वितीय ने 59 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केएम टंडन सीए की कप्तानी में टैक्स अधिवक्ता एवं सीए एकादश 17 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई।

जिसमें अंकुर अग्रवाल सीए ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। मैच के आयोजक अशोक अग्रवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सौंपी।

जबकि मैन ऑफ द मैच प्रदीप कुमार, बेस्ट फील्डर सम्कित जैन, बेस्ट बॉलर विनीत कुमार, बेस्ट बैट्समैन प्रदीप कुमार द्वितीय को ट्रॉफी दी गई। मैच में कमेंट्री असिस्टेंट कमिश्नर राधेश्याम यादव ने की। राज्य कर विभाग रामपुर की ओर से श्रीकांत यादव, राज्य कर अधिकारी, जेपी मौर्य, राज्य कर अधिकारी, गुरुप्रसाद, राज्य कर अधिकारी, आशु त्यागी, राज्य कर अधिकारी, अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी और सीए मौजूद रहे।

- राज्यकर स्थापना दिवस पर बमनपुरी स्टेडियम में हुआ मैत्री मैच
- मैच के आयोजक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी सौंपी



राज्यकर विभाग की विजेता व सीए एकादश की उपविजेता टीम। • अमृत विचार

**स्वास्थ्य** जिला अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे सौ से ज्यादा मरीज

# दूषित पानी से हो रहा हेपेटाइटिस और डायरिया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दूषित पेयजल पीकर लोग डायरिया और हेपेटाइटिस के मरीज बन रहे हैं हैं। जिला अस्पताल के डॉ. राजीव राजपाल बताते हैं कि प्रतिदिन 100 से 150 की संख्या में हेपेटाइटिस सी के मरीज पहुंच रहे हैं। जबकि, लगभग इतने ही मरीज डायरिया के पहुंच रहे हैं। डायरिया दूषित पानी से फैल रहा है क्योंकि शहर में अधिकांश पाइप लाइन नवाबी दौर की पड़ी हुई हैं। जोकि जगह-जगह से गल चुकी हैं जिसके कारण नाले और नालियों का गंदा पानी में भी उनमें मिलकर लोगों के घरों तक पहुंच जाता है और लोग बीमार हो जाते हैं।

शहर में पाइप लाइन जगह-जगह से गलने के कारण पानी के साथ नाले-नालियों का पानी भी लोगों के घरों तक पहुंच जाता है। नगर पालिका का पानी बंद होने के बाद लोग दोपहर मोटर से पानी पाइप लाइन का पानी खींचते हैं तब पानी के साथ कीचड़ भी घरों तक पहुंच जाती है। लोगों के पानी पीने पर वह बीमार हो जाते हैं। दूषित पानी पीने से र हेपेटाइटिस के मरीज बढ़ रहे हैं। मुख्य चिकित्साधीक्षक बीसी सक्सेना बताते हैं कि दूषित जल के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, पीलिया, पेचिश जैसे रोग के मरीज प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं। दूषित जल पीने के कारण ही लोगों को उल्टी, दस्त, बुखार और पेट दर्द की भी शिकायत हो रही है। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रो. डॉ. बेबी तबस्सुम बताती हैं कि शोध में पाया गया कि रामपुर में पेयजल की गुणवत्ता खराब है। इसका मुख्य कारण रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग होना है। इसके अलावा घरेलू अपशिष्ट जल स्त्रोत में मिलना और भूमिगत जल का लगातार दोहन भी पेयजल दूषित होने का मुख्य कारण है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और भी बिगड़ सकती है।



पाइप लाइन का पानी कभी-कभी गदला आता है। जिसके कारण घर के लोगों को आए दिन डायरिया हो जाता है। पालिका अधिकारी सड़कों के नीचे पाइप लाइन को दुरुस्त कराएं।
**- मुन्ने मियां**



टंकी के पानी के साथ कभी-कभी तो कीचड़ भी आ जाता है। इसकी शिकायत कई बार पालिका के अधिकारियों से की जा चुकी है लेकिन, स्थिति में कोई सुधार नहीं है।
**- जिब्रान**



सरकार लोगों के लिए शुद्ध पेयजल का इंतजाम कराए। घरों में दूषित पानी आ रहा है इसी कारण जिला अस्पताल में डायरिया और हेपेटाइटिस के मरीज बढ़ते जा रहे हैं।
**- मुस्लेमीन खां**



दूषित पानी पीने के कारण लोगों को तरह-तरह की बीमारियां हो रही हैं। नगर पालिका के अधिकारी लोगों तक साफ पानी पहुंचवाएं। मोटर से पानी खींचने पर पानी के साथ कीचड़ आ जाती है।
**- मोहम्मद अहमद मंसूरी**

- जगह-जगह से गल चुकी नवाबी दौर की पाइप लाइन से पहुंच रहा घरों में पानी

# अधिवक्ताओं ने की एसडीएम न्यायिक के स्थानांतरण की मांग

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक की कार्यप्रणाली को लेकर रोष व्याप्त है। उन्होंने भ्रष्टाचार और न्यायिक प्रक्रियाओं में अनियमितता के गंभीर आरोप लगाया।

लायर्स एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम न्यायिक कार्यालय में कई ऐसी पत्रावलियां हैं। जिनमें तीन-तीन माह पूर्व बहस पूरी हो चुकी है, लेकिन उसमें अभी तक अंतिम आदेश पारित नहीं किए गए हैं। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर पक्षकारों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता करते हैं और पत्रावलियों पर उपलब्ध साक्ष्यों के विपरीत आदेश पारित कर रहे हैं।

एसडीएम के मोबाइल में विचाराधीन वादों से जुड़े पक्षकारों के नंबर सुरक्षित हैं। यह कृत्य न्याय और न्यायालय की गरिमा के खिलाफ है। ऐसे कृत्यों से सरकार की शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय'' की नीति पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। अधिवक्ताओं और वादकारियों ने डीएम से मांग की है कि तहसील की न्यायिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए एसडीएम न्यायिक का स्थानांतरण किया जाए।

- जल्द संज्ञान ना लेने पर आंदोलन की चेतावनी

चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, संतोख सिंह खैहरा, शिवकुमार गुप्ता, अमान खां आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

UMMEED HOUSING FINANCE We bring your dreams to life

**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, टॉवर - 2, मैग्नम ग्लोबल पार्क गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122002
CIN: U64990HR2016PTC057984

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें] कब्ज़ा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी होने के नाते "वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन (अधिनियम, 2002 (2002 का 54)) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की [नियम 3] के साथ पठित धारा 13(12) के तहत, प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार उधारकर्ता/ओं को मांग नोटिस जारी किया गया है, जिसमें संबंधित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है।
उक्त उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणकर्ता//सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वर्णित संपत्ति का **भौतिक कब्ज़ा** निचे दी गई तिथि को ले लिया है।
एतद् द्वारा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ लेनदेन उसमें निर्दिष्ट राशि के लिए पूर्ण भुगतान तक संबंधित तिथियों से अतिरिक्त ब्याज, लागत और शुल्क सहित **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के अधीन होगा।
सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है।
उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया देयताओं और धारा 13(2) के तहत भेजे गए डिमांड नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि और कब्जे की तारीख का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| उधारकर्ता का नाम और पता, सह-उधारकर्ता गारंटर ऋण खाता संख्या और ऋण राशि | मांग सूचना दिनांक | भौतिक कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| **1. सन्नी राठौर पिता पप्पू ठाकुर (ऋणग्रहीता)**<br>**2. दर्शिका आर्या पत्नी सन्नी राठौर (सह-ऋणग्रहीता)**<br>**उपरोक्त दोनों का निवास स्थान** – बालाजी मंदिर के पास, हल्लू सराय, संभल, उत्तर प्रदेश – 244302, **तथा** 111, यम तीर्थ के पास, हल्लू सराय, संभल, उत्तर प्रदेश – 244302।<br>**ऋण खाता संख्या: LXMOR02924-250044526**<br>**ऋण अनुबंध दिनांक – 17-नव.-2024**<br>**ऋण राशि: रु. 10,00,000/-** | **07-नवम्बर-2025** | **25-फरवरी-2026** |
| | **देय राशि रुपये में.** | |
| | **रु. 10,46,409/- (रुपये दस लाख छियालीस हजार चार सौ नौ मात्र) दिनांक 07-नव.-2025 तक + 08-नव.-2025 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार।** | |

**सुरक्षित संपत्ति का विवरण :-** संपत्ति का समस्त अंश एवं खंड जिसका क्षेत्रफल 49 वर्ग गज अर्थात 40.96 वर्ग मीटर है, **जो मोहल्ला नौन वाला में स्थित, चंदौसी, तहसील-चंदौसी, जिला-संभल, उत्तर प्रदेश, जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: पूर्व** – 10 फुट चौड़ी सड़क, **पश्चिम** – नन्हू मल के खंडहर, **उत्तर** – ओम प्रकाश का मकान, **दक्षिण** – ओम प्रकाश का प्लॉट।

**दिनांक: 27.02.2026**
**स्थान: गुरूग्राम, हरियाणा**
**प्राधिकृत अधिकारी श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701**
**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**

# डंपर की टक्कर से कार में आग, महिला सिपाही व बेटे की मौत

## बुधवार देर रात गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर आंगा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बुधवार देर रात थाना गंज क्षेत्र के काशीपुर आंगा गांव के पास डंपर की टक्कर से कार में आग लगने से महिला सिपाही और उसके एक साल के बेटे की मौत हो गई। दोनों कार में जिंदा जल गए, जबकि गाड़ी में मौजूद पति व देवर बुरी तरह झुलस गए। परिवार नैनीताल से घूमकर वापस रामपुर जिले के मिलक में अपने गांव बेहटरा लौट रहे थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया, गुरुवार को नम आंखों से परिजनों ने एक साथ दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।



घटना के बाद आग का गोला बनी कार। ● अमृत विचार

मिलक क्षेत्र के बेहटरा गांव में दान सिंह यादव का परिवार रहता है। वह किराए पर गाड़ियां चलवाने का काम करते हैं। दान सिंह यादव सिपाही पत्नी लता (25), 2 साल के बेटे लट्टू और ममेरे भाई रवि के साथ बुधवार सुबह नैनीताल घूमने गए थे। बुधवार शाम को नैनीताल से लौट रहे थे। दान सिंह कार चला रहे थे, जबकि भाई रवि आगे की सीट पर था। पत्नी लता बेटे लट्टू के साथ पीछे की सीट पर बैठी थी। रात 11 बजे काशीपुर के आंगा गांव के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आए डंपर ने कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर से कार की पेट्रोल टंकी फट गई, इससे आग लग गई। टक्कर के तुरंत बाद कार में आग लग गई। दान सिंह और रवि किसी तरह गेट खोलकर बाहर निकल आए। डंपर ने पीछे के गेट पर टक्कर मारी थी, इसलिए गेट लॉक हो गए। महिला सिपाही अपने दो साल के बेटे के साथ कार में फंस गई। आग की लपटें देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पास के पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मी लपटें देख फायर एक्सटिंग्युशर लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े। तभी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। आनन-फानन में महिला सिपाही और उसके बेटे को बाहर निकाला। इसके बाद आग पर काबू पाया। इसमें 10-15 मिनट लगे। हादसे में कार बुरी तरह से जल गई। हादसे में मां लता और बेटे दोनों की मौत हो गई। लता श्रावस्ती जिले में तैनात थीं। महिला सिपाही लता, दान सिंह की दूसरी पत्नी थी। परिजनों ने बताया कि दान सिंह की पहली पत्नी की भी 4 साल पहले सड़क हादसे में मौत हुई थी। दोनों बाइक से कहीं जा रहे थे। इसके बाद दान सिंह ने लता से दूसरी शादी की थी।

### गमगीन माहौल में हुआ बच्चे और मां का अंतिम संस्कार

अमृत विचार मिलक : सड़क हादसे में जिंदा जलकर जान गंवाने वाली महिला सिपाही और उसके पुत्र का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में गांव पहुंचा। जहां मां और बेटे का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान स्वजन बिलखते रहे। ढांढस बंधाने के लिए कौशांबी और लोकल पुलिस स्टाफ समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे। ग्रामीणों की भी आंखें नम हो गई। एक साथ घर में दो मौत होने से सभी सदमे में दिखे। शव घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। पुलिस की मौजूदगी में दोनों के शवों का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया।



घटना की जानकारी देते दान सिंह।



बच्चे के साथ मां लता। ● अमृत विचार



गांव में रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर की मारपीट, 9 पर रिपोर्ट

टांडा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी मोहम्मद इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह निजी मकान पर नगर पालिका से नक्शा पास कराकर वैध तरीके से निर्माण कार्य करा रहा था। आरोप है कि मोहल्ले के ही कारी रियासत, इन्तिजाम अली, अशफाक, फिरासत, आदि लगातार उनके काम में बाधा डाल रहे थे। उन्होंने बताया 22 फरवरी को आरोपियों ने गेट लगाने को लेकर उससे गाली-गलौज और मारपीट की थी बाद में 24 फरवरी की शाम करीब 4 बजे उन सभी लोगों ने लाठी-डंडों के साथ उसके घर पर उसको मारा पीटा बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी और नाबालिग बेटी से बदसलूकी। इस दौरान आरोपियों ने सरकारी नक्शा फाड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कारी रियासत, इंतिजाम अली, अशफाक, फिरासत समेत नो लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### रास्ते में पाड़ बांधने पर विवाद, युवक को पीटा

मसवासी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर चार में निर्माणाधीन मकान की पाड़ से रास्ता तंग हो गया। विरोध करने पर युवक को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। 24 फरवरी को नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर 4 निवासी कलवे हसन रास्ते से गुजर रहा था, एक मकान की पाड़ बंधी होने से आवागमन में परेशानी हो रही थी। पाड़ के पास इसरार पुत्र अनीश अहमद आरिफ खड़े थे। रास्ते में पाड़ बांधने का विरोध करने पर दोनों युवकों ने गाली-गलौज कर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है और तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में शीघ्र ही गिरफ्तार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 13 ने दी हाईस्कूल में पंजाबी की परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : यूपी बोर्ड में गुरुवार को हाईस्कूल की पंजाबी की परीक्षा में 15 के सापेक्ष 13 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 02 अनुपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की कृषि की परीक्षा में सभी 26 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की भूगोल की परीक्षा के लिए पंजीकृत 1332 के सापेक्ष 1238 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। छह उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।

# यादव जी की लव स्टोरी पर आक्रोश

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने यादव जी की लव स्टोरी को लेकर कड़ा आक्रोश जताया। फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित राज्यमंत्री की अनुपस्थिति में उनके पुत्र को सौंपा।

गुरुवार को समाज के लोग महासभा के जिला प्रभारी हेमंत यादव के कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां से सभी जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए हाईवे स्थित कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पर पहुंचे। राज्यमंत्री की अनुपस्थिति में उनके पुत्र गुरकीरत सिंह औलख को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि आगामी 27 फरवरी को रिलीज होने वाली फिल्म यादव जी की लवस्टोरी से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। आरोप लगाया कि फिल्म में सनातन धर्म को मानने वाले यादव समाज को विशेष रूप से टारगेट किया गया है। ज्ञापन में कहा कि फिल्म के जरिए लव-जिहाद जैसे विषयों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। चेतावनी दी, कि यदि फिल्म की रिलीज नहीं रोकी गई, तो यादव समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके ब्रजपाल यादव, हरिशंकर यादव, लक्ष्य यादव, अमित यादव, अंकुर यादव, आकाश यादव, भीमसैन यादव, ओमप्रकाश यादव, विक्रम यादव आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री औलख के पुत्र गुरकीरत सिंह औलख को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

● फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

### त्योहार शांतिपूर्ण कराने के लिए ग्राम प्रहरियों को दी हिदायत

बिलासपुर, अमृत विचार: आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है।

गुरुवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष पंकज पंत द्वारा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थानाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस के आंख और कान होते हैं। त्योहारों के मद्देनजर गांवों में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखें। गांव में हलचल, अवैध शराब की बिक्री या अफवाह फैलाने की कोशिश की जाती है, तो सूचना तत्काल थाने को दें। थानाध्यक्ष ने प्रहरियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में गश्त बढ़ाएं और सौहार्द बनाए रखने के लिए संवाद में रहें।

# गंदगी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : सैफनी क्षेत्र के सागरपुर गांव में जाटवो वाले होली चौक के पास की सड़क पर डेढ़ वर्ष से पसरी गंदगी और चोक नालियों की समस्या से परेशान ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। गुरुवार को ग्राम प्रधान और प्रशासन द्वारा की जा रही अनदेखी के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई लोग सड़क पर कचरा डालते हैं, जिससे कचरे का पहाड़ बन गया है, हालात इतने बदतर है कि लोगों का उधर से निकलना दुश्वार है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को इस गंदगी के बीच से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। होली नजदीक है, बराबर में स्कूल भी है, रास्ता लगभग बंद है,चारों तरफ घर है। कचरे से नाली बंद हो गई है। जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।चारों ओर फैली गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि कई बार प्रधान से कहा गया लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। प्रदर्शन करने वालों में अनवर अली,अख्तरी बेगम, करतार सिंह, जमालुद्दीन, सूरज, जाकिर हुसैन, जमील अहमद, कमरुद्दीन, मुनव्वर अली, विनोद, आकाश,मोबीन, इमरान, दानिश, मुकर्रम, निजामुद्दीन आदि लोग शामिल है।



सागरपुर गांव में गंदगी के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● सागरपुर गांव में होली चौक के पास सड़क पर कूड़ा, नालियां चोक

# भाकियू की मांग पर ट्रांसफार्मर बदला, पदाधिकारियों का स्वागत



नया ट्रांसफार्मर आने पर भाकियू नेता का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते किसान।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सैदनगर बिजली घर पर पिछले एक वर्ष से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगने खुशी में किसानों ने जश्न मनाया। भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद का फूल मालाओं से स्वागत किया।

करीब एक साल से सैदनगर बिजली घर का विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब था। जिससे आधी से ज्यादा आबादी को बिजली नहीं मिल पा रही थी। खराब ट्रांसफार्मर बदलवाए जाने के लिए भाकियू टिकैत प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसानों ने आंदोलन किया। कई महीने के संघर्ष के बाद गुरुवार को बिजली घर पर 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव ने कहा कि वह किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए हर समय तैयार रहेंगे। किसानों से एक जुट होकर यूनियन को और ताकतवर बनाने की अपील की। इस अवसर पर चौधरी राजपाल सिंह, मोहम्मद तालिब, जुबैद आलम, साबिर अली, रामकुंवर, रघुबर सिंह, जब्बार, जाहिद, मुंतीयाज, आलम, संतराम, अली बहादुर, कुशल सिंह, मोहित सिंह, डॉ. असगर अली, जसवंत सिंह, छिद्दा नेता, राजाराम, इंतजार अली आदि मौजूद रहे।

### दूसरी मंजिल से गिरी एक साल की बच्ची

बिलासपुर, अमृत विचार : दो मंजिला मकान की छत से गिरकर एक वर्षीय बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

नगर के मौहल्ला सिंह कॉलोनी निवासी महेंद्रपाल की एक वर्षीय बेटी प्रियांशी बुधवार शाम दोमंजिला छत से नीचे गिर गई और अचेत हो गई। घर के एक अन्य बच्चे ने उसे जमीन पर देखकर शोर मचाया। बच्ची की मां सुमन तुरंत मौके पर पहुंचीं और उसे उठाकर सरकारी अस्पताल ले गईं। परिजन और मौहल्ले के लोग भी अस्पताल पहुंचे, जहां बच्ची का तत्काल उपचार शुरू किया गया। मां सुमन ने बताया कि वह प्रियांशी को लेकर घर की दोमंजिला छत पर सूख रहे कपड़े उतारने गई थीं। कपड़े लाकर उन्होंने नीचे कमरे में रखे ही थे कि बच्ची सीढ़ियों से पक्की जमीन पर गिर गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने जानकारी दी। कि उपचार के बाद बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को घर भेज दिया गया है।

# जनगणना में आंकड़ों की शुद्धता व विश्वसनीयता हो

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● प्रथम चरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अमृत विचार : जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला गणना अधिकारी संदीप कुमार वर्मा द्वारा संत शिरोमणि सर्किट हाउस में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटीरत अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से जनगणना करें और इसमें आंकड़ों की शुद्धता और विश्वसनीयता हो।

जिला गणना अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों के महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने जनगणना का कार्य पूर्णतः सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निर्धारित समयसीमा में करने के निर्देश दिए। जिससे आंकड़ों की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय उत्तर प्रदेश के नामित जनगणना अधिकारी मोहम्मद इल्यास द्वारा चार्ज अधिकारियों एवं उनके सदस्यों को विस्तृत एवं गहन प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में 7 मई से 20 जून 2026 तक स्वगणना एसई पोर्टल के माध्यम से जिले के नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक एचओएल के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का काम किया जाएगा। इस प्रक्रिया में नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी प्रगणकों को उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान गणना अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों को मकान सूचीकरण, भवनों की गणना की तकनीक, डेटा संकलन प्रक्रिया एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर क्षेत्रों के चार्ज अधिकारी (अधिशासी अधिकारी) व ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकारी (तहसीलदार) सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तमंचे के बल पर अपहरण करने के आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : एक गांव की रहने वाली किशोरी के पिता ने लगभग दो माह पूर्व गांव निवासी आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर नाबालिग का अपहरण सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।



आरोपी हसीन।

पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री भैसोड़ी निवासी हसीन के घर पर कारचौबी का काम करने जाती थी। इस दौरान युवक ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुत्री के साथ युवक शादी करना चाह रहा था। जिसका उसने और पुत्री ने विरोध किया। आरोप लगाया था कि रात के समय युवक साथी गांव निवासी नन्हा, मोबीन, रिशी, कल्लू और अज्ञात के साथ अवैध असलाह लेकर घर में घुस आए और नाबालिग पुत्री का अपहरण कर उसे उठाकर ले जाने लगे थे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी हसीन निवासी भैसोड़ी का चालान कर दिया

## न्यूज डायरी

### अधिवक्ता पर फायरिंग मामले में छह पर रिपोर्ट दर्ज

सैदनगर, अमृत विचार : अजीम नगर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में एडवोकेट पर फायरिंग की गई। एडवोकेट की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खिजरपुर की पुलिया की है। क्षेत्र के नवाबगंज शुमाली निवासी अधिवक्ता मोहम्मद अकरम बार एसोसिएशन रामपुर में उपाध्यक्ष हैं। उनका खेत की मेड़ काटने को लेकर गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। गुरुवार सुबह अधिवक्ता घर से कोर्ट रामपुर को जा रहे थे। वह वकील खिजरपुर की पुलिया के पास पहुंचे तो कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। अधिवक्ता का आरोप है आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लात और घूंसे चले। इस दौरान अचानक फायरिंग से अफरा तफरी मच गई। अधिवक्ता ने जानलेवा हमला और फायरिंग की सूचना पुलिस को दी तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक घटनास्थल पर पहुंच गए। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने नवाबगंज गांव निवासी इसरार, अबरार, शहादत, अनवर और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पालन बताया पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों ने फायरिंग की घटना से इंकार किया है।



### लापरवाह ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की मांग

बिलासपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि के नेतृत्व में सीओ हर्षिता सिंह को यातायात समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नाबालिग युवक ई-रिक्शा चला रहे हैं। जिनसे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। मांग की कि जिनके पास अनुभव नहीं है या जो अवैध रूप से रिक्शा चला रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएं। अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने बताया कि केमरी रोड, माटखेड़ा रोड और मुख्य चौराहे पर बेतरतीब खड़े ई-रिक्शा के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। विशेष रूप से बुधवार और शनिवार को बाजार के दिन हालात और खराब हो जाते हैं। जिसका खामियाजा ई-रिक्शा यूनियन के अनुशासित कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ता है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएं। सीओ हर्षिता सिंह ने आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर अमानत रज़ा, राहुल नरेश वाल्मीकि, रामस्वरूप चौहान, शाहिद खां, मित्रपाल, अली अहमद, जितेन्द्र राजभर, बोबी सागर, कुलदीप वाल्मीकि, मनोज कुमार, पम्मी आलम, मुकेश सागर, राज, आदिल, शावेज़ खां, सुनील राठौर, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।



### तीन दिव्यांगों को दी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, खिले चेहरे

रामपुर, अमृत विचार : जिला प्रशासन ने रेडिको खेतान के सहयोग से तीन दिव्यांगों को दी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल सौंपी तो उनके चेहरे खिल उठे। प्रतिदिन जनता दर्शन में कुछ दिन पहले एक मार्मिक स्थिति सामने आई थी। आलिया निवासी घेर आजम, नैपाल सिंह निवासी मोबीनपुर अहमदाबाद और ओमपाल निवासी सिरसा तहसील मिलक ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से मिलकर दिव्यांगता का दर्द साझा किया था। वो सरकारी विभाग द्वारा हाथ से चलाने वाली ट्राई साइकिल का उपयोग करने में सक्षम नहीं थे। जिलाधिकारी ने इस समस्या को बेहद संवेदनशीलता से लिया। उन्होंने स्थानीय कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड से संपर्क किया। सीएसआर फंड के माध्यम से रेडिको खेतान ने 10 मोटराइज्ड (इलेक्ट्रिक) ट्राईसाइकिल प्रशासन को उपलब्ध कराईं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में रेडिको खेतान की चेयरपर्सन (सीएसआर) अनिता चौहान, डायरेक्टर अमर सिंह और वाइस प्रेसिडेंट अजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में इन तीनों पात्र दिव्यांगजनों को यह मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें सौंपी गईं। शेष 7 भी जल्द ही अन्य पात्रों को दी जाएंगी।

### वेतन को लेकर नगर पंचायत कर्मियों ने दी हड़ताल चेतावनी

मसवासी, अमृत विचार : वेतन न मिलने से परेशान नगर पंचायत कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दो माह पूर्व छुट्टी पर गये थे। दो माह बीत गए लेकिन कार्यालय नहीं आए हैं। नागरिक परेशान हैं तो वहीं नगर पंचायत कर्मियों को दो माह का वेतन भी नहीं मिला है। लोग जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। दो माह से अधिशासी अधिकारी की कुर्सी खाली पड़ी है। लोगों ने बताया कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कार्यालय आना ही नहीं चाहते हैं। अब उन्होंने एक वर्ष के लिए छुट्टी ले रखी है, जिसकी वजह से नगर पंचायत कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। अब होली का त्यौहार नजदीक है लेकिन नगर पंचायत में ईओ नहीं आए हैं। जिसकी वजह नगर पंचायत कर्मियों का वेतन अटका है। गुरुवार को नगर पंचायत कर्मियों का सब्र जवाब दे गया। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर बैठक की। जिसमें निर्णय लिया कि 28 फरवरी तक अगर वेतन नहीं मिला तो नगर पंचायत कर्मी आंदोलन करेंगे। इसके साथ नगर की सफाई व्यवस्था सहित समस्त कार्य चौपट कर हड़ताल पर चले जाएंगे। बैठक में मुकेश कुमार, अध्यक्ष सरजीत सिंह, नितिन, करन, सचिन, राहुल, सोमपाल, विजय, राकेश राजीव, अशोक कुमार, कुलदीप, अजय, प्रदीप, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।


**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**
CIN: U65922HR2016PTC057984
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 2009-14, 20वीं मंजिल, टॉवर-2, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर 58, गुरुग्राम-122011

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को, जिनके विवरण नीचे उल्लिखित तालिका में दिए गए हैं, सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा **मेसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **25.02.2026** को, **यूएचएफपीएल** में ऋण के असाइनमेंट के अनुसरण में लिया गया है, उसे कंपनी के बकाए की वसूली के लिए **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है"** के आधार पर **31.03.2026** को बेचा जाएगा।.

**अचल संपत्ति का विवरण, ज्ञात भार सहित यदि कोई हो,**

**संपत्ति विवरण:** आवासीय संपत्ति का वह समस्त अंश एवं खंड, जिसका मकान का वह संपूर्ण भाग एवं हिस्सा जिसका क्षेत्रफल 49 वर्ग गज अर्थात 40.96 वर्ग मीटर है, जो मोहल्ला नौन वाला चंदौसी, तहसील-चंदौसी, जिला-संभल, उत्तर प्रदेश में स्थित है। **जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व** – 10 फुट चौड़ी सड़क, **पश्चिम** – नन्हू मल के खंडहर, **उत्तर** – ओम प्रकाश का मकान, **दक्षिण** – ओम प्रकाश का प्लॉट।

| उधारकर्ता और गारंटर का नाम और पता | 1. नीलामी की तिथि और समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | 1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति का ईएमडी 3. बोली वृद्धि |
|---|---|---|
| 1. सन्नी राठौर पिता पप्पू ठाकुर (ऋणग्रहीता) 2. दर्शिका आर्या पत्नी सन्नी राठौर (सह-ऋणग्रहीता) उपरोक्त दोनों का निवास स्थान – बालाजी मंदिर के पास, हल्लू सराय, संभल, उत्तर प्रदेश – 244302, **साथ ही** – 111, यम तीर्थ के पास, हल्लू सराय, संभल, उत्तर प्रदेश – 244302। **ऋण खाता संख्या: LXMOR02924-250044526 ऋण अनुबंध दिनांक: 17-नव.-2024 ऋण राशि: रु. 10,00,000/- दिनांक 24-02-2026 तक कुल देय राशि रु. 11,01,141/- + 25-02-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार।** | 1) नीलामी तिथि: 31.03.2026 दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ 2) केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 28.02.2026 को शाम 7:00 बजे तक है। (IST) 3) निरीक्षण की तिथि: 25.02.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य (IST) | 1. आरक्षित मूल्य: रु. 9,61,500/- 2. बयाना राशि जमा: रु. 96,150/- 3. बोली वृद्धि – रु. 15,000/- और ऐसे गुणकों में |

स्थान : गुड़गांव,
दिनांक : 27.02.2026

**प्राधिकृत अधिकारी,** गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701
**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**



**सार्वजनिक सूचना**
[भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार]
माधव तिवारी, प्रोपराइटर
Divinecommodity.co द्वारा अपंजीकृत निवेश सलाहकार गतिविधियों के मामले में

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसरण में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम 1992 की धारा 11(1), 11(4), 11(4ए), 11बी(1) और 11बी(2) के तहत, आदेश संख्या क्यूजेए/ बीएस/ एनआरओ /एनआरओ–डीआईवी–III/ 32054/2025–26 दिनांक 06.02.2026 में अधोहस्ताक्षरी इस विज्ञापन को प्रकाशित कर रहा है।

यदि किसी व्यक्ति ने निवेश सलाह के लिए अधोहस्ताक्षरी को कोई राशि का भुगतान किया है, तो वे धनवापसी के हकदार हैं। रिफंड चाहने वाले व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे किए गए भुगतान के प्रमाण के साथ संपर्क करें। भुगतान का प्रमाण देने वाला बैंक स्टेटमेंट और बैंक विवरण जिसके लिए रिफंड किया जाना है।

**सम्पर्क करने का विवरण: माधव तिवारी**
**पता:** मकान नंबर 409, सेक्टर 10, बुद्धि विहार फेज 2, पावर हाउस के पास, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001
**संपर्क:** +91 8219622715
**ईमेल:** madhavtiwari4@gmail.com

भवदीय
**दिनांक:** 26.02.2026
**हस्ता/–**
**माधव तिवारी**
(Divinecommodity.co के मालिक)

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### मजदूर को लात-घूसों से पीटा, केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार** : पुलिस ने गांव खानपुर कस्बा निवासी अंकुश की तहरीर पर गांव के अजय के खिलाफ लात घूसों से मार-पीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। विवाद की वजह अंकुश द्वारा ठेकेदार से पेशगी में रुपए लाना और काम करने नहीं जाना बताया जा रहा है।

### कैंटीन संचालक को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार** : कैंटीन संचालक को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कैंटीन संचालक का अभी मेरठ के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्र के कुमराला गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ भोला की तिगरी मार्ग पर गांव के निकट पक्के पुल पर शराब की दुकान के पास कैंटीन है। सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कुछ युवक वहां पहुंचे। उनका कैंटीन संचालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। एक युवक ने कैंटीन संचालक भूपेंद्र की कनपटी के निकट गोली मार दी थी। उसे मेरठ में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी क्षेत्र के गांव टोकरा पट्टी निवासी मनि यादव पुत्र कृष्णपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शिविर में योग के विषय में दी गई जानकारी

**हसनपुर, अमृत विचार** : चिरंजी लाल कॉलेज आफ एजुकेशन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का उद्घाटन ग्राम प्रधान रानी देवी ने ग्राम बौनावाली डगरोली में किया। उन्होंने कहा कि हमें नियमित योग व्यायाम करना चाहिए। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ एवं मजबूत बना रहेगा। योग व्यायाम से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जो हमें बीमारियों से बचाने में मददगार होती है। शारीरिक प्रमुख अजयपाल सिंह ने कहा कि योग व्यायाम एवं शारीरिक अभ्यास सुबह खाली पेट ही लाभदायक रहता है। रितिक कुमार, तिलक राम ने योग व्यायाम का अभ्यास कराया। निदेशक पुनीत अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, राजकुमार, अतुल शर्मा, लोकेश कुमार, विनोद गुप्ता, परीक्षित कुमार, रितिक कुमार, निगम, नेहा सागर, पायल, प्रियंका, प्रीति, सृष्टि, वर्षा, सरिता, नीलू सैनी आदि उपस्थित रहे।

# मुबारकपुर नूरी में कीचड़-पानी से सड़कें बदहाल

## जल निकासी की व्यवस्था न होने से ग्रामीण उठा रहे मुसीबत, अफसर-जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे सुधि

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुबारकपुर नूरी इन दिनों अपनी बदहाल सड़कों और जलभराव की समस्या को लेकर चर्चा में है। करीब छह हजार की आबादी वाले इस गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कों पर गंदा पानी और कीचड़ जमा है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों का घर से निकलना तक दूभर हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के मुख्य रास्तों पर पानी भरा रहने से आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं। हाल ही में एक महिला समेत दो ग्रामीणों के हाथ की हड्डी टूट गई। बावजूद इसके, समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ग्राम पंचायत निधि का सही उपयोग नहीं होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान जरीफ अहमद और संबंधित अधिकारियों से सड़क मरम्मत की गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। गांव में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। कूड़ा निस्तारण केंद्र खुद कूड़े का ढेर बनकर रह गया है। जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी नहीं है, जिससे परेशानियां और बढ़ गई हैं।



गांव के मुख्य रास्ते से गंदे पानी से निकलते ग्रामीण। ● अमृत विचार



गांव मुबारकपुर नूरी में सड़क पर कीचड़।

● घरों के बाहर पानी भरा होने से ग्रामीणों का निकलना दूभर

### सड़क मरम्मत और जल निकासी नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मुबारकपुर नूरी की यह तस्वीर प्रशासनिक अनदेखी और अधूरी योजनाओं की पोल खोल रही है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक गांव की सुध लेते हैं।



गांव निवासी रजीना ने बताया, सड़क पर जलभराव के चलते काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। एक दिन पानी से होकर निकल रही थी तभी फिसल कर गिर गई। उसके हाथ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। जल निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

**– रजीना, ग्रामीण**



यह गांव का मुख्य रास्ता है। पानी भरा होने के चलते आए दिन कोई न कोई गिरकर चोटिल हो जाता है। शिकायत ग्राम प्रधान और उच्च अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। हम काफी मुसीबत झेल रहे हैं।

**– असलम, ग्रामीण**

“ इस समस्या को लेकर नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया है। विधायक को भी पत्र लिख चुका हूं लेकिन किसी ने कुछ काम नहीं किया है। मेरा काम सबको सूचित करने का है मैं कर चुका हूं। कोई सुनने को तैयार नहीं है।

**– जरीफ अहमद**, ग्राम प्रधान

# थाने में सिपाही ने युवक को लात-घूंसों से पीटा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग की हुई फजीहत

● एसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर, जांच के आदेश

**अमृत विचार:** नौगावां सादात थाना में तैनात एक हेड मोहर्रिर ने युवक को लात-घूंसों से पीटा। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित आनंद ने आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर करते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं।

बुधवार को नौगावां सादात थाने में हेड मोहर्रिर दिनेश यादव का युवक से मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। इसके अलावा तीन और वीडियो सिपाही द्वारा मारपीट के वायरल हो रहे हैं।

वीडियो में दिख रहा है कि दो पुलिसकर्मी एक युवक को हिरासत में लेकर कार्यालय में बैठाते हैं। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी युवक को पीटने लगता है। वह उसे थप्पड़ मारता है और पीटते हुए कमरे के अंदर धकेल देता है। कमरे के अंदर युवक को लातों से पीटा जा रहा है। वीडियो में हेड मोहरिर युवक को पहले डांटता है और फिर लात-घूंसों से पिटाई करता नजर आ रहा है।

बताया जा रहा है कि युवक किसी मामले में थाने आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद हेड मोहरिर ने आपा खो दिया और युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। हालांकि, मारपीट की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। न ही किसी व्यक्ति ने तहरीर दी है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तुरंत संज्ञान लिया।

एसपी अमित आनंद ने सिपाही दिनेश यादव को लाइन हाजिर कर दिया। वायरल वीडियो पर जांच भी बैठा दी है।

# फलों ने महंगा किया इफ्तार का स्वाद

संवाददाता सैदनंगली

**अमृत विचार:** रमजान के दौरान बाजार किस्म-किस्म के फलों से सजे हैं, लेकिन महंगाई ने रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इफ्तार के लिए जरूरी माने जाने वाले फलों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे दस्तरखान पर फलों की मात्रा सीमित होती नजर आ रही है।

रमजान शुरू होते ही फलों की मांग में अचानक इजाफा हुआ है। बाजारों में इस समय फलों की अधिक वैरायटी उपलब्ध है, लेकिन ऊंचे दाम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहे हैं। रोजेदारों का कहना है कि इफ्तार में खजूर, फल और शरबत अहम हिस्सा होते हैं, मगर इस बार महंगाई के कारण खरीदारी सोच-समझकर करनी पड़ रही है। फल विक्रेता मोहम्मद अजमल सिद्दीकी ने बताया कि मांग अधिक होने से थोक बाजार से ही ऊंचे दाम पर माल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पपीता, केला, सेब, अनार और संतरे की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। पानी वाला नारियल 70 से 100 रुपये प्रति नग बिक रहा है और आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ने की आशंका है।

स्टेशन रोड के फल कारोबारी हारुन के अनुसार हरा अंगूर 50 रुपये पाव, काला अंगूर 70 रुपये पाव और ड्रैगन फ्रूट 100 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। केला 60 रुपये दर्जन और सेब 200 रुपये किलो तक पहुंच गया है। संतरे 60, 80 और 100 रुपये किलो की दर से उपलब्ध हैं। अनार 160 रुपये किलो और बट्टी 60 रुपये किलो बिक रही है। सबसे अधिक बढ़ोतरी इलाहाबादी अमरूद के दामों में हुई है। पहले 100 रुपये किलो बिकने वाला अमरूद अब सीधे 150 रुपये किलो तक पहुंच गया है। पुरानी बस्ती क्षेत्र के पांडेय बाजार और दक्षिण दरवाजा इलाके के जावेद अख्तर, अहद, हलीम और मुश्ताक का कहना है कि रोजेदार पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर इबादत करते हैं। ऐसे में इफ्तार में फल जरूरी होते हैं, लेकिन महंगाई के कारण बजट बिगड़ रहा है।



सैदनगली में लगी फलों की दुकान। ● अमृत विचार

● फल विक्रेता कह रहे थोक बाजार से ही ऊंचे दाम पर मिल रहा माल

# डीजे पर डांस को लेकर मारपीट में कई लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार:** डीजे पर डांस को लेकर बरातियों व ग्रामीणों में जमकर मारपीट हुई। दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए।

क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात दो बरातें आई थीं। बरात चढ़ के दौरान डीजे पर डांस को लेकर दोनों बरों के बरातियों के लोग में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। बीच बचाव करने गए एक ग्रामीण के साथ भी बरातियों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। उसके के सिर में चोट आने पर गुस्साए ग्रामीणों ने वहां मौजूद कारों में तोड़फोड़ व मारपीट करनी शुरू कर दी जिससे अफरातफरी मच गई। कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूलों में सुधार, बेहतर शिक्षा पर जोर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के अंतर्गत आने वाले परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाकमपुर स्थित अवध फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथिविधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि एक आदर्श विद्यालय के निर्माण में ग्राम प्रधान और शिक्षकों का तालमेल रीढ़ की हड्डी के समान है। उन्होंने कहा, ग्राम प्रधान गांव के विकास के ध्वजवाहक हैं, जबकि शिक्षक भविष्य के निर्माता। जब ये दोनों पक्ष एक मंच पर आकर कार्य करेंगे, तभी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे आधुनिक सुविधाओं और बेहतर शिक्षा का लाभ उठा पाएंगे। उन्होंने प्रधानों को विद्यालयों में चल रहे कायाकल्प कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और शिक्षकों को एक प्रेरक वातावरण तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि सरकार की आपरेशन कायाकल्पतभी सफल हो सकती है जब ग्राम प्रधान इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में चहारदीवारी, टाइलीकरण, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्राम निधि का सदुपयोग शिक्षा के स्तर को सुधारने में क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिला मंत्री जगवीर सिंह, और प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह ने भी अपने विचार रखे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

● ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# सिगरेट के दाम बढ़ाने की शिकायतों पर छापेमारी

संवाददाता, हसनपुर

● व्यापारी संगठन के पदाधिकारी के विरोध के चलते टीम लौटी

**अमृत विचार:** नगर में सिगरेट और तंबाकू उत्पादों को निर्धारित दर से अधिक दामों पर बेचे जाने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए गुरुवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अचानक छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही बाजार में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने दुकानों के स्टॉक और रेट लिस्ट की जांच की।

वहीं, दूसरी ओर इस कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है और छापेमारी के नाम पर उत्पीड़न हो रहा है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान उत्तर प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी पहुंचे और छापेमारी का विरोध किया।

व्यापारियों के विरोध के चलते टीम वापस लौट गई। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि कालाबाजारी या ओवररेटिंग पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता का कहना है कि व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा, व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी से वार्ता कर उन्हें विश्वास में लेकर अधिकारी उसके बाद व्यापारियों की चेकिंग करें।

# गंगनहर में गिरी बोलेरो, दो की मौत, चार घायल

**बिजनौर, अमृत विचार:** नजीबाबाद के मोहल्ला मकबरा में रवि के घर बुधवार देर रात शादी समारोह में शामिल होकर 6 दोस्त बोलेरो से लौट रहे थे। रात करीब 2 बजे लिंग तोड़ते हुए बोलेरो गंगनहर में जा गिरी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

मरने वालों की पहचान सतीश (55) पुत्र किरनदास, निवासी मुनि की रेती ऋषिकेश और सचिन (36) पुत्र अनूप कुमार, निवासी गांव मानियावाला थाना अफजलगढ़ के रूप में हुई है। सतीश होटल लाइन में काम करते थे, जबकि सचिन जेसीबी चालक थे। विशाल कुमार, मोहित, नितिन और विशाल कश्मीरी घायल हो गए। घायलों को उत्तराखंड के एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।

# पुलिस कार्यालय पहुंचे डीआईजी ने देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● डीआईजी मुनिराज ने जनसुनवाई कर दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार:** डीआईजी मुनिराज गुरुवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गार्द की सलामी ली तथा विभिन्न शाखाओं का गहनता से जायजा लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों की जांच करते हुए उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव, नियमित अद्यतन और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में डीआईजी ने फरियादियों की समस्याएं से सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी। साथ ही शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने और आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर बल दिया। एसपी अमित कुमार आनंद, अखिलेश भदौरिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### शोभा यात्रा को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार** : रंगों के पर्व होली पर निकलने वाली शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल के आवास पर हुई। इस बैठक में 2 मार्च को होली महोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। यह यात्रा रहरा अड्डे से प्रारंभ हो कर मुख्य बाजारों से होती हुई नगर पालिका के मुख्य द्वार पर संपन्न होगी। मुकेश गुप्ता, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, रानू रस्तोगी, सौरभ गुप्ता, राहुल गुप्ता, भरत लाल प्रजापत, कृष्ण कुमार, विजय पारछा, प्रमोद अग्रवाल सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की विकास कार्यों पर चर्चा

**सैदनगली, अमृत विचार** : सैदनगली नगर पंचायत की अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम, संगठन की मजबूती और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। डॉ. अनुकृति चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि सड़कों के निर्माण, स्वच्छता अभियान, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



### यूजीसी एक्ट लागू करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ते जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और छात्र आत्महत्याओं की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए गुरुवार को अपनी जनता पार्टी व समता सैनिक दल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार मूसा राम थारु को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी एक्ट को लागू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि आजादी के दशकों बाद भी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं जातिगत द्वेष और मानसिक प्रताड़ना का सामना कर रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रस्तावित यूजीसी एक्ट 2026 को शीघ्र लागू कर उच्च शिक्षण संस्थानों में एंटी-डिस्क्रिमिनेशन सेल, मानसिक स्वास्थ्य सहायता केंद्र और स्वतंत्र निगरानी तंत्र की स्थापना अनिवार्य की जाए। राजपाल सिंह सैनी, विक्रम सैनी प्रधान, दयाराम गौतम, दिनेश एडवोकेट, मुनिदेव, रंजीत बौद्ध, बाबूराम बौद्ध, लता देवी, अशोक उर्फ लुक्का सैनी, ब्रह्म सिंह, तारा चंद, तेजराम सिंह, हरिओम सिंह, खुशविंद्र और योगेंद्र कुमार सिंह सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाराजा शुरसेन द्वार का किया शिलान्यास

**हसनपुर, अमृत विचार** : नगर के ब्लॉक तिराहे पर 28 लाख की लागत से बनने वाले भव्य महाराजा शुरसेन द्वार का चेयरमैन राजपाल सैनी ने शिलान्यास किया। चेयरमैन ने कहा कि हसनपुर नगर के प्रवेश मार्ग पर किसी भव्य स्वागत द्वार की कमी लंबे समय से खल रही थी। इसी अभाव को दूर करने के लिए श्महाराजा शुरसेन द्वारश् बनाने का निर्णय लिया गया है, जो नगर की गरिमा बढ़ाएगा और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता .राहुल सैनी, गिरधारी लाल सैनी, धर्मपाल सिंह, देवेंद्र सैनी, हमजा अली, नौशाद, जावेद, शाहनवाज, शकील मलिक, राजकुमार सैनी, रविशंकर सैनी, पूरन सिंह, जेई तेजपाल सिंह, बाबू करन सिंह अरशद अली सहित भारी संख्या में पालिका कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### 23 वाहनों की नीलामी, छह लाख रुपये राजस्व प्राप्त

**सैदनगली, अमृत विचार** : थाना सैदनगली परिसर में कुल 23 मुकदमाती वाहनों की विधि सम्मत नीलामी कराई गई। नीलामी से छह लाख एक हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ, जिसे राजकीय कोषागार में जमा कराया जाएगा। नीलाम किए गए वाहनों में 15 मोटरसाइकिल, तीन ट्रैक्टर, एक टैम्पो तथा चार कार शामिल रहीं। यह कार्यवाही क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी, थाना प्रभारी विकास कुमार तथा नायब तहसीलदार हसनपुर मनोज कुमार की गठित समिति की देखरेख में संपन्न हुई। अब तक जनपद अमरोहा में कुल 406 वाहनों की नीलामी कर 62 लाख 24 हजार 384 रुपये का राजस्व प्राप्त किया जा चुका है।


**कार्यालयः ग्राम पंचायत - नियामतपुर इकरोटिया, वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)**

पत्रांक- मीमो/ मनरेगा निविदा पत्रावली /2025-26 दिनांक- 26.02.2026

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नियामतपुर इकरोटिया में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्राम निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के लिए उच्चकोटि की निम्नलिखित तालिका में अंकित सामग्री की आपूर्ति माँग के अनुसार निर्माण स्थल पर करने हेतु मोहरबन्द निविदाए पृथक-पृथक दिनांक-27.02.2026 से दिनांक-05.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय- नियामतपुर इकरोटिया में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें दिनांक-05.03.2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक तक किसी भी कार्यालय दिवस में संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय- नियामतपुर इकरोटिया से क्रय कर वहां रखे निविदा बॉक्स में जमा कर सकते है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्तानुसार निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम सचिव, ग्रा0प0 नियामतपुर इकरोटिया में निहित होगा।

| क्र. | | Name of Item | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | युसुफ मुल्लाजी व नूर हसन के घर से ईदगाह तक नाली सीसी कार्य | CEMENT, 2.25FM COARSE SAND, 40MM BRICK BLAST, 20MM STONE GRIT, M-150 CLASS BRICK, TOR STEEL | रु. 40000.00 | रु. 100.00 |
| 2. | हसनैन हाजी के घर से शफायत अली व इकबाल के घर तक नाली सीसी कार्य | | | |
| 3. | मौ. उमर की दुकान से फुरकान मस्जिद व आस मौ. के घर तक नाली सीसी कार्य | | | |
| 4. | कलुवा के घर से इल्यास व गक्खन के घर तक नाली सीसी कार्य | | | |
| 5. | जिलेहसन के घर से नवी व हाइवे तक नाली सीसी टाईल्स कार्य | | | |

ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत नियामतपुर इकरोटिया वि0ख0 - मूढापाण्डे (मुरादाबाद)


# हरिओम के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग



ज्ञापन देते राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** गांव सलामतपुर निवासी हरिओम प्रजापति की गोली मारकर हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को सौंपा। आंदोलन करने की चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा कि दोनों आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित परिवार को लगातार धमकियां मिलने की बात भी ज्ञापन में कही गई है। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैलाश प्रजापति ने कहा कि यदि शीघ्र गिरफ्तारी और कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालो में कैलाश प्रजापति, फूल कुमार, नरेश कुमार, एडवोकेट करन सिंह, होती प्रसाद, जयप्रकाश, मयंक सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# भाकियू लोकशक्ति ने विकास कार्यों का उठाया मुद्दा

**हसनपुर, अमृत विचार:** भाकियू लोकशक्ति ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन विधायक के पुत्र को सौंपकर क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

कहा कि हसनपुर चीनी मिल के विस्तारीकरण की घोषणा अभी तक कागजों तक ही सीमित है। डॉ. गफ्फारी के घर से ढक्का वाली सड़क, ग्राम भदौरा का नवीनीकरण तथा भदौरा किसान सेवा केंद्र से बाला नागल तक नाली निर्माण कराया जाए। यूजीसी एक्ट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस से सामाजिक समरसता प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में संभल मार्ग से भटोला सरकी संपर्क मार्ग, ढक्का मोड़ लिंक मार्ग से राजकीय इंटर कॉलेज तक सड़क निर्माण भी मांग की गई। राजपाल चौहान, हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, धर्मपाल सिंह, उस्मान, एहसान अहमद, मनकू त्यागी और प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### होली पर कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक

**चंदौसी, अमृत विचार :** आगामी एकादशी और होली पर्व को देखते हुए नगरपालिका परिषद ने नगर में साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने स्पष्ट किया कि 2 से 4 मार्च तक सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे तथा बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। पालिका प्रशासन ने सफाई निरीक्षकों को होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था बाधित न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। प्रकाश विभाग को निर्देशित किया गया है कि किसी भी क्षेत्र में अंधेरा न रहे।

### जनता को आरटीआई की ताकत बताएं

**संभल, अमृत विचार :** चौधरी सराय में आरटीआई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह आरटीआई के बारे में आम जन को जागरूक करें। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार उठवाल ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के बारे में जान सकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों मंजर अब्बास, जीतपाल सिंह, वाहिद सैफी सहित अन्य का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, मुशीर खान तरीन, मुनीश जोशी, हम्माद मोबीन, संजय सक्सेना, दुष्यंत कुमार, मनवीर, जीतपाल सागर, मोहम्मद कासिम, वीर सिंह सागर, मौअज्जम हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### एसबीआई ने विद्यालय को दीं आधुनिक सुविधाएं

**चंदौसी, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ब्लॉक पवांसा के कम्पोजिट विद्यालय थरेसा जयसिंह में विकास कार्य कराए गए। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि विद्यालय में रंगाई-पुताई, सौर पैनल सहित इन्वर्टर, बेंच, पंखे, वाटर कूलर, आरओ सिस्टम तथा कार्यालय फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। लगभग पांच लाख रुपये की लागत से हुए इस कार्य से छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। एसडीएम आशुतोष तिवारी, बीएसए अल्का शर्मा, बैंक अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# 12 दिन से लापता बच्चे का बोरे में मिला शव

## पिता ने कपड़ों से की बेटे की पहचान, अपहरण करने के बाद बच्चे की हत्या की जताई जा रही आशंका

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार:** 12 दिन से लापता 7 वर्षीय मासूम का शव गांव के जंगल में गेहूं की खड़ी फसल के बीच प्लास्टिक की बोरी में बंद मिला। घटना की जानकारी हुई तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस के साथ ही सीओ व एएसपी भी मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाये।


मृतक बच्चा अंशू।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी बालू शंकर और थाना बहजोई क्षेत्र के गांव धतूराशेख की सीमा पर खेतों में गुरुवार को किसान अपनी पिपरमेंट की फसल की निराई कर रहे थे। इसी दौरान एक किसान पास ही गेहूं की फसल में शौच के लिए गया तो वहां उसे तेज बदबू महसूस हुई। किसान ने आसपास देखा तो एक प्लास्टिक की बोरी पड़ी मिली। अन्य किसानों को बुलाया गया और जब बोरी खोली गई तो उसके अंदर एक बच्चे का शव नजर आया। बोरे में बच्चे का शव देखकर लोग सन्न रह गए। अफरातफरी के बीच देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना तत्काल थाना धनारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।


बच्चे का शव मिलने के बाद मौके पर जानकारी लेते एएसपी व सीओ। • अमृत विचार

इसी दौरान गांव धनारी पट्टी बालू शंकर निवासी रोहित पुत्र चंद्रपाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान अपने बेटे अंशू के रूप में की। पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। 15 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे अंशू घर से लापता हो गया था। पिता रोहित ने उसी दिन थाना धनारी में लिखित तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे थे। आसपास के गांवों, रिश्तेदारियों और संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। यहां तक कि गांव के आसपास ड्रोन कैमरे से भी जांच कराई गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। अब मासूम का शव बोरी में बंद हालत में उसकी निर्मम हत्या कर शव को छिपाने के लिए बोरे में बंद कर खेत में फेंक दिये जाने की बात सामने आ रही है।


बच्चे का शव मिलने के बाद मौके पर इकट्ठा ग्रामीण। • अमृत विचार

- एएसपी और सीओ ने किया मौका मुआयना
- फारेसिंक टीम ने की जांच पड़ताल, जुटाए साक्ष्य

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए, वहीं डॉग स्क्वॉड की मदद से आसपास के क्षेत्र में गहन जांच-पड़ताल कराई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला अपहरण के बाद हत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मासूम अंशू की दर्दनाक हत्या से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में दिल्ली में होगा प्रदर्शन

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** में यादव महासभा संभल की बैठक में फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ शुक्रवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर हो रहे प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज के लोगों ने एकजुट होकर दिल्ली जाने और विरोध प्रदर्शन में भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।

बैठक में बताया गया कि जंतर मंतर पर यादव जी लव स्टोरी मूवी के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समय मिलने पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपनी बात रखी जाएगी। सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया।

अध्यक्षता एडवोकेट नरेशपाल सिंह ने जबकि संचालन बृजेश यादव ने किया। बैठक में महेशपाल सिंह यादव, रामरहीम यादव, सुरेंद्रपाल यादव, अरविंद यादव, महिपाल यादव, नेत्रपाल यादव, एसवी दीवाना, रामकिशोर यादव, पप्पू सिंह यादव, लोकेश कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


यादव महासभा की बैठक में रणनीति बनाते पदाधिकारी। • अमृत विचार

# एसपी ने थाना नखासा का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं


थाना नखासा का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** एसपी कृष्ण कुमार ने गुरुवार को थाना नखासा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने हवालात, बैरक, मालखाना और शस्त्रागार का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही थाने की गाड़ियों को डंपिंग यार्ड में खड़ा करने और सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कहा। ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र के बाजारों, सर्राफा दुकानों, चौराहों, गलियों और नुक्कड़ों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने और थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर पुलिस की सक्रियता बनाए रखने, नियमित रूप से बैंक और एटीएम चेकिंग, चौराहों, सड़कों, ढाबों, होटलों, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप और अन्य संवेदनशील स्थानों पर जांच तथा रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए।

# किसानों को दी उन्नत खेती और नई तकनीकों की जानकारी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल की ओर से मिल परिसर में किसान मेले में किसानों को गन्ना की उन्नत खेती, नवीन किस्मों, रोग व कीट नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

डा. अवधेश डागर ने बताया कि किस प्रकार संतुलित उर्वरक प्रयोग, समय पर बुवाई, उन्नत किस्मों का चयन और वैज्ञानिक तरीके से रोग एवं कीट प्रबंधन कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। ईशान गोयल ने कहा कि अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई करें और पेड़ी फसल अवश्य लें, ताकि उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके। गन्ना प्रबंधक इकबाल सिंह ने मिल द्वारा कि संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का आरंभ यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा ने संचालन कृषक खुर्शीद आलम ने किया।

# संभल और बहजोई में छापा, 27 टन मैदा जब्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** होली को देखते हुए मिलावट और नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संभल और बहजोई क्षेत्र में बड़ी छापामार कार्रवाई की। इस दौरान सेवई निर्माण इकाई और मैदा फैक्ट्री में नियमों का उल्लंघन कर भारी मात्रा में भंडारित मैदा जब्त किया गया। कुल मिलाकर करीब 27 हजार 700 किलोग्राम मैदा कब्जे में लिया गया है, जबकि सेवई और मैदा के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।


बमनैटा में श्री हरि राइस एंड जनरल मिल परिसर में कार्रवाई करती टीम।

- सेवई निर्माण इकाई और मैदा फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, नमूने जांच के लिए भेजे
- होली से पहले मिलावटखोरी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

बुधवार देर रात खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संभल शहर के मोहल्ला खग्गू सराय स्थित मोहम्मद शाकिर की सेवई निर्माण इकाई पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान सेवई और सेवई निर्माण में उपयोग किए जा रहे मैदा की जांच की गई। जांच में सामने आया कि सेवई बनाने में श्री हरि ब्रांड मैदा का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस ब्रांड के मैदा में पैकिंग और लेबलिंग नियमों का पालन नहीं किया गया था। यहां श्री हरि ब्रांड मैदा के कुल 173 बोरे मिले जिनमें लगभग 7,700 किलोग्राम मैदा भंडारित था। नियमों के उल्लंघन पर टीम ने सभी 173 बोरे जब्त कर लिए। यहां से सेवई और मैदा के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। मामले की तह तक जाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने श्री हरि ब्रांड मैदा बनाने वाली फैक्ट्री में जाकर हालात देखने का फैसला लिया।

इसके बाद गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार, अशोक कुमार व सुधीर कुमार के साथ ग्राम बमनेटा, बहजोई स्थित श्री हरि राइस एंड जनरल मिल पर छापामार कार्रवाई की। यहां निरीक्षण के दौरान श्री हरि ब्रांड मैदा के कुल 447 बोरे पाए गए, जिनमें करीब 20,000 किलोग्राम मैदा भंडारित था। जांच में मैदा के पैकेटों पर भ्रामक खाद्य लाइसेंस संख्या अंकित पाई गई। इसके अलावा पैकिंग और लेबलिंग से जुड़े अन्य नियमों का भी उल्लंघन पाया गया।

फैक्ट्री परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। टीम ने मौके से मैदा के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे और सभी 15-15 किलोग्राम वजन वाले 447 बोरे जब्त कर लिए। साथ ही नियमों के उल्लंघन और स्वच्छता में कमी को लेकर मिल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया। अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यप्रणाली में सुधार की डीएम ने दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने गुरुवार को गुन्नौर तहसील कार्यालय, विकासखंड और कोतवाली सहित विभिन्न कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का उद्घाटन किया। अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के पास शस्त्र लाइसेंस हैं और गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, उनकी सूची तैयार की जाये।


गुन्नौर ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया।

गुरुवार दोपहर करीब दो बजे जिलाधिकारी तहसील गुन्नौर पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का शुभारंभ किया। इसके बाद कार्यालय पूर्ति निरीक्षक और कार्यालय चकबंदी अधिकारी का निरीक्षण किया। एक सप्ताह के भीतर कार्यालयों को सुव्यवस्थित करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीन वर्ष और पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही विरासत और धारा 67 से संबंधित रजिस्टरों तथा पुरानी फाइलों की जांच की गई, ताकि लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

- डीएम ने गुन्नौर तहसील, ब्लॉक और थाने का किया निरीक्षण

इसके बाद जिलाधिकारी ने विकासखंड गुन्नौर का दौरा किया। सड़क की मरम्मत कराने और जर्जर भवनों के मूल्यांकन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुन्नौर थाने में विभिन्न अभिलेखों की जांच की। कहा कि जिन शस्त्र धारकों पर मुकदमे चल रहे हैं, उनकी सूची सात दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने एसआई रोहित द्वारा दादरी से लापता हुए एक बच्चे को माता-पिता तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# गंगा में कूदे युवक का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार:** गांव चाचू नगर निवासी 20 वर्षीय मोनू ने मां से कहासुनी के बाद बुधवार को गंगा में छलांग लगा दी थी। युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।

बुधवार देर रात तक गोताखोरों की टीम ने गंगा में युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह होते ही परिजन दोबारा अनूपशहर गंगा घाट पहुंचे और खोजबीन शुरू कराई गई, लेकिन देर शाम तक भी युवक का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार, मंगलवार को मोनू की मां कामिनी ने उसे शराब पीने से मना किया था। इसी बात को लेकर मां-बेटे के बीच कहासुनी हो गई। बताया जा रहा है कि इसी के बाद युवक ने यह कदम उठा लिया।

## न्यूज डायरी

### अग्निवीर भर्ती रैली 11 से, संभल के अभ्यर्थियों को मौका

**बरेली, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 से 23 मार्च तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर सहित 12 जनपदों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जाट रेजिमेंट केंद्र सभागार में गुरुवार को तैयारियों के संबंध में बैठक में डीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि अभ्यार्थियों की सुविधा के ध्यान में रखते हुए पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराएं। रैली में बरेली, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है। सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से कहा कि एडमिट कार्ड साथ रखें एवं सभी जरूरी कागजात अवश्य लेकर आएं। ई-मेल आईडी पर भेजा गया एडमिट कार्ड यदि डाउनलोड नहीं हो रहा है तो सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क करें। अग्निवीर भर्ती रैली के कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए और 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं एवं दसवीं) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/ एसकेटी) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए होगी। इसके साथ 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) में पीलीभीत के अलावा संभल के अभ्यर्थी शामिल होंगे।



### त्योहारों में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**चंदौसी, अमृत विचार :** रंग एकादशी, होली और रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने की। बैठक में सभी समुदायों के लोगों से त्योहारों को मिलजुल कर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का आह्वान किया गया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने कहा कि पर्व आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक हैं, इसलिए सभी लोग भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में व्यापार मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, चौकी प्रभारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### वेतन को लेकर एसएम कॉलेज के शिक्षकों का प्रदर्शन

**चंदौसी अमृत विचार :** एस.एम. कॉलेज के स्ववित्त पोषित सहायक प्रोफेसरों और कर्मचारियों ने वेतन न मिलने से नाराज होकर सांकेतिक धरना दिया। उनका कहना है कि चार माह से मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है और होली जैसे प्रमुख पर्व पर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने पहले ही प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव को ज्ञापन देकर भुगतान की मांग की थी। बीएड विभाग की डॉ. गीता शर्मा ने एक वर्ष से वेतन न मिलने की बात कही। प्राचार्य ने मौके पर पहुंचकर वार्ता की और शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया।

### जायंट्स ग्रुप सखी-सहेली की जागरुकता गोष्ठी आयोजित

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप चंदौसी सखी-सहेली की ओर से ग्रुप अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर के आवास पर जल संरक्षण विषय पर जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत ने किया। प्रशासनिक निदेशक राजेश्वरी श्रीवास्तव ने जल को अमूल्य संसाधन बताते हुए कहा कि इसकी बचत प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वित्त निदेशक कंचनबाला ने जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डालते हुए वर्षा जल संचयन को अपनाने की अपील की। अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर ने सभी से दैनिक जीवन में पानी का संयमित उपयोग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। अंत में उपस्थित सदस्यों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रुप की कई सदस्याएं मौजूद रहीं।



# रूपजहां की हत्या में भाई के बाद पिता भी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** हिंदू युवक से प्यार करने की वजह से रुपजहां की हत्या के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को पिता नौशे को गिरफ्तार कर लिया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मतवाली पट्टी जग्गू निवासी 21 साल की रुपजहां हिंदू युवक शिवम सैनी से प्यार कर उसी के साथ जिंदगी बसर करना चाहती थी। दो महीने पहले दोनों ने चुपचाप शादी कर ली थी। शिवम से शादी की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने रूपजहां पर दबाव बनाते हुए दूसरी जगह उसकी शादी करने का प्रयास किया लेकिन रूपजहां ने दो टूक कह दिया था कि उसकी शादी शिवम के साथ हो चुकी है और वह अब उसी के साथ रहेगी। 19 फरवरी को रूपजहां की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने शिवम सैनी की तहरीर पर जाने आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाने आलम को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया किपरिवार के अन्य लोग भी रूपजहां की हत्या में शामिल थे। पुलिस ने गुरुवार को रूपजंहा के पिता नौशे को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार ने बताया कि अन्य लोगों की भी भूमिका सामने आयेगी और साक्ष्य मिलेंगे तो उन पर भी कार्रवाई होगी।


बेटी का हत्यारोपी पिता नौशे।

# मौत के एक माह बाद कराया बीमा फर्जीवाड़ा कर हड़प ली रकम

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** बीमा के नाम पर फर्जीवाड़े के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मृत या गंभीर रूप से बीमार लोगों का बीमा कराकर क्लेम की धनराशि हड़पने वाले गिरोहों पर कार्रवाई के बावजूद नए-नए मामले उजागर हो रहे हैं। ताजा मामला थाना असमोली क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक व्यक्ति की मौत के करीब एक माह बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराकर क्लेम की राशि हड़प ली गई।

- बीमा कंपनी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया

मामला सामने आने के बाद बीमा कंपनी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के उप उपाध्यक्ष अजय मुसले की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि कंपनी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कवर उपलब्ध कराती है। जांच में सामने आया है कि कुछ लोग दस्तावेजों का दुरुपयोग कर मृत व्यक्तियों या गंभीर रूप से बीमार लोगों का बीमा करा रहे हैं और फिर नॉमिनी की जानकारी के बिना क्लेम की राशि हड़प ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के हीरापुर निवासी भूरे खां के नाम से बीमा पॉलिसी अक्टूबर 2021 में जारी कराई गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी शाहजहां ने बीमा क्लेम के लिए दावा किया और बताया कि उनके पति की मृत्यु 2 जनवरी 2022 को हुई है। दस्तावेजों के आधार पर कंपनी ने बीमा क्लेम की धनराशि का भुगतान भी कर दिया।

हालांकि बाद में हुई जांच में बड़ा खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि भूरे खां की वास्तविक मृत्यु 30 सितंबर 2021 को ही हो चुकी थी। इसके बावजूद फर्जीवाड़ा कर उनकी बीमा पॉलिसी अक्टूबर 2021 में जारी कराई गई और इसके बाद क्लेम की रकम हड़प ली गई। मामला सामने आने पर कंपनी ने इसे गंभीर धोखाधड़ी बताते हुए असमोली थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और फर्जीवाड़े में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि इस तरह के मामलों के पीछे संगठित गिरोह काम कर रहे हैं। पुलिस जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस फर्जी बीमा और क्लेम में किन-किन लोगों की भूमिका रही है।

न्यूज ब्रीफ

## हर जिले में विकसित होंगे 100 मॉडल तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित किया जाएगा। इन तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता सुधरेगी और मच्छरजनित बीमारियों में कमी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब केवल जल संग्रहण का साधन नहीं, बल्कि भू-जल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र रहे हैं। लेकिन बीते वर्षों में प्लास्टिक अपशिष्ट और घरेलू ग्रे वाटर (स्नान, रसोई व कपड़े धोने से निकला पानी) सीधे तालाबों में जाने से जल प्रदूषण बढ़ा है, जिसका सीधा असर ग्रामीण स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ा है। इसी चुनौती को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत पंचायती राज विभाग ने मॉडल तालाब विकसित करने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, चयनित तालाब के चारों ओर नो-प्लास्टिक जोन घोषित किया जाएगा और ग्राम पंचायत से प्लास्टिक न फेंकने का प्रस्ताव पारित कराया जाएगा। तालाब में गिरने वाली नालियों पर प्लास्टिक ट्रैप जाली और फिल्टर चैंबर लगाए जाएंगे। वहीं, ग्रे वाटर के उपचार के लिए नालियों के अंतिम सिरे पर बायो-फिल्टर सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें कंकड़, रेत और केली-केना जैसे पौधों का उपयोग होगा। इससे पानी प्राकृतिक रूप से शुद्ध होकर तालाब में पहुंचेगा।

## सीधे जनता से हो जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने के साथ इसबार जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव सीधे जनता से कराने की मांग उठाई। उनका कहना है कि मतदान बैलेट पेपर से होने पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बन सके। उन्होंने यूजीसी के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'बांटो और राज करो' की राजनीति कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरुवार को सांसद संजय सिंह ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में जनता की सीधी भागीदारी नहीं है, जिससे जनादेश कमजोर होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग के जरिए जिला पंचायत चुनावों को प्रभावित करती है। अगर सरकार वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास रखती है, तो जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जनता से कराए और बैलेट से मतदान सुनिश्चित करे।

## अफसरों की गोपनीय रिपोर्ट होगी डेटा आधारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (एसीआर) प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह डेटा आधारित बनाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब केवल सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि लंबित मामलों, नए वादों और निस्तारित प्रकरणों की संख्या (डेटा) को एसीआर का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा। शासनादेश के अनुसार यह व्यवस्था भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और उत्तर प्रदेश सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा/पीसीएस) के सभी अधिकारियों पर लागू होगी। अधिकारियों को अब स्पैरो पोर्टल पर अपनी वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए स्व-मूल्यांकन करते समय यह डेटा अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा। मुख्य सचिव ने आदेश में कहा है कि रिपोर्टिंग अधिकारी, समीक्षा अधिकारी, स्वीकृति अधिकारी तीनों को अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए लंबित, नए और निस्तारित मामलों के डेटा को संज्ञान में लेते हुए ही अपना मूल्यांकन करना होगा।

# सिंगापुर से जापान तक 'महाराज' का डंका

## अभूतपूर्व सफलता से भरा रहा योगी का दौरा, 1.5 लाख करोड़ के एमओयू, 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिंगापुर और जापान का चार दिवसीय विदेश दौरा निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के लिहाज़ से अभूतपूर्व रूप से सफल रहा। इस दौरान हुए उच्चस्तरीय निवेश संवादों में उत्तर प्रदेश सरकार ने 1.5 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जबकि 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह दौरा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

जापान दौरे के दौरान कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे भविष्य के क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव सामने आए। जापान में जिन प्रमुख कंपनियों के साथ एमओयू हस्ताक्षरित हुए, उनमें कुबोटा कॉरपोरेशन, स्पार्क मिंडा (टोयो डेन्सो के सहयोग से), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री और नागासे एंड कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बी 2जी (सरकार से सरकार) बैठकों में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड, कोनोइके ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड, मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, रैपिडस कॉरपोरेशन, मारुबेनी कॉरपोरेशन, सुमितोमो रियलिटी एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और एमयूएफजी बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश को एशिया का उभरता हुआ निवेश केंद्र बताते हुए राज्य में दीर्घकालिक निवेश में रुचि जताई।

जापान दौरे की एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की घोषणा की गई। यह केंद्र यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आईआईटी कानपुर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। इससे स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी अनुसंधान और कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 'जापान सिटी' और ऑटो क्लस्टर की योजना

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 500 एकड़ में 'जापान सिटी' विकसित की जाएगी, जहां जापानी कंपनियों के लिए विशेष औद्योगिक वातावरण तैयार होगा। इसके साथ ही ऑटो ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए डेडिकेटेड ऑटो क्लस्टर और आरएंडडी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। 'इन्वेस्ट यूपी' में जापान डेस्क को और मजबूत किया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एल-जीरो सीरीज मैग्लेव ट्रेन की यात्रा और फानुक कॉरपोरेशन के रोबोटिक्स व फैक्ट्री ऑटोमेशन संयंत्र का भी दौरा किया। फानुक ने उत्तर प्रदेश में निवेश और एमएसएमई सेक्टर के तकनीकी उन्नयन में सहयोग की इच्छा जताई।

### सिंगापुर में भी मिला निवेशकों का भरोसा

- सिंगापुर में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान एमआरओ, कार्गो हब, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग और फिनटेक क्षेत्रों में व्यापक सहयोग पर सहमति बनी। विशेष रूप से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को एमआरओ और कार्गो हब के रूप में विकसित करने पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश आज वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश का वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य अब ठोस धरातल पर आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान गुरुवार को यामानाशी प्रांत में दुनिया की अत्याधुनिक सुपरकंडक्टिंग मैग्लेव हाई-स्पीड ट्रेन की सवारी की, जो परीक्षण के दौरान 500 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार हासिल करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी तेज गति के बावजूद ट्रेन बेहद स्थिर, सुरक्षित और आरामदायक रही।

### निवेश प्रस्तावों से 5 लाख से अधिक रोजगार की उम्मीद

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार दिवसीय सिंगापुर और जापान दौरा रोजगार, निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस विदेश यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को कुल 1.5 लाख करोड़ के एमओयू और लगभग 2.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से प्रदेश में 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ के एमओयू और करीब 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, जबकि सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सभी समझौतों और प्रस्तावों को इन्वेस्ट यूपी और अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से लागू करेंगे, ताकि रोजगार सृजन का लाभ शीघ्र जमीन पर दिख सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किलिंग और औद्योगिक निवेश के जरिए प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का माध्यम बनेगी। जापान और सिंगापुर दोनों देशों ने युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और एमएसएमई सेक्टर में तकनीकी सहयोग के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यामानाशी के गवर्नर अगस्त माह में लगभग 200 जापानी सीईओ के साथ उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे, जिससे निवेश प्रस्तावों को अंतिम रूप मिलेगा और रोजगार सृजन की प्रक्रिया तेज होगी।

# आईटीबी बर्लिन में दिखेगी यूपी पर्यटन की सशक्त मौजूदगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत के वैश्विक उत्सव में उत्तर प्रदेश का भव्य प्रदर्शन
- एडवेंचर, वेलनेस, मेडिकल से लेकर लग्जरी टूरिज्म तक दिखेगा यूपी पर्यटन विजन

**अमृत विचारः** विश्व पर्यटन उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित मंच आईटीबी बर्लिन में उत्तर प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविध पर्यटन सर्किट और आधुनिक पर्यटन संभावनाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 3 से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश पर्यटन वैश्विक पर्यटन विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं से सीधा संवाद करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 का आयोजन बर्लिन एक्सपो सेंटर सिटी, मेसे डैम-22 में किया जाएगा। वर्ष 1966 से आयोजित हो रहा आईटीबी बर्लिन इस बार अपने 60 वर्षों की गौरवशाली विरासत का उत्सव मना रहा है। मंत्री ने कहा कि इस वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश अपने पर्यटन विजन और निवेश संभावनाओं के साथ दुनिया से संवाद करेगा। उन्होंने बताया कि आईटीबी बर्लिन-2026 की थीम "डिस्कवर द स्टोरीज बिहाइंड 60 इयर्स ऑफ लेगेसी" रखी गई है, जो वैश्विक पर्यटन उद्योग की यात्रा, नवाचार, साझेदारी और भविष्य की दिशा को एक साथ प्रस्तुत करती है। यह थीम अतीत की विरासत को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाले वर्षों की रूपरेखा तय करने का भी संदेश देती है।

### बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार प्रदर्शनी

- आईटीबी बर्लिन-2026 में प्रदर्शनी को पारंपरिक पर्यटन तक सीमित न रखकर एडवेंचर टूरिज्म, बिजनेस ट्रैवल, एलजीबीटीक्यू ट्रैवल, लग्जरी ट्रैवल, मेडिकल टूरिज्म और ट्रैवल टेक्नोलॉजी जैसे विविध सेगमेंट्स में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य बदलती वैश्विक प्राथमिकताओं और यात्रियों की नई अपेक्षाओं को मंच प्रदान करना है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन का भव्य पवेलियन इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। पवेलियन में अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में साइनेज, रचनात्मक डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, हस्तशिल्प, कलाकृतियां और ओडीओपी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग की वेबसाइट्स, मोबाइल एप्लीकेशन, पर्यटन सर्किट, वेलनेस और मेडिकल टूरिज्म की भी व्यापक प्रस्तुति की जाएगी।

# 11 करोड़ नकद, जेवर, महंगी घड़ियां और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले

## बसपा विधायक पर एक हजार करोड़ की टैक्स चोरी करने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बलिया के रसड़ा से बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके नजदीकियों कि ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। सूत्रों का दावा है कि अभी तक 11 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुए हैं, वहीं काफी मात्रा में जेवर, महंगी घड़ियों के साथ ही लेनदेन और करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। विधायक द्वारा किए कारोबार में करीब एक हजार करोड़ रुपए के टैक्स चोरी की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि आयकर विभाग की ओर से अधिकारिक तौर पर पुष्टि नही की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ के विपुलखंड स्थित आवास के साथ ही बलिया, कौशांबी, सोनभद्र के ठिकानों के साथ ही मिजार्पुर और प्रयागराज में सहयोगियों के कई ठिकानों पर छापा मारा था। यह कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। बुधवार की रात करीब 11 बजे विधायक के लखनऊ स्थित आवास से तो कार्रवाई समाप्त कर दी गई, लेकिन विपुलखंड में ही स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारपोरेट आफिस में पहुंच कर टीम ने जांच शुरू कर दी। बलिया स्थित विधायक के गांव खनवर स्थित आवास के साथ ही रसड़ा स्थित होटल स्काई के अलावा विधायक के खास लोगों में शुमार भूपेन्द्र सिंह और प्रवीण सिंह के यहां पर छापेमारी की गई। सोनभद्र में साईराम इंटर प्राइजेज के साथ ही ठेकेदार के फैजी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी रही। इसके अलावा सोनभद्र में अन्य खनन कारोबारी जो कि किसी न किसी रूप में विधायक से जुड़े रहे उन सभी के यहां पर भी छापेमारी जारी रही।

### भाजपा के छापे सरकारी डकैती होते हैं



- बसपा प्रमुख मायावती और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बाद अब अखिलेश यादव भी बसपा विधायक के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा के छापे लोगों के कमाए गए पैसों को लूटने के काम करते हैं। भाजपाई जहां भी देखते हैं कि कहीं धन-दौलत जमा होने की संभावना हैं, वहीं एजेसियां लेकर पहुंच जाते हैं। भाजपाई ह्दयहीन हैं, इसलिए संवेदनहीन भी हैं।

## डायरी खोलेगी सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के यहां छापे में नकदी, जेवर के साथ ही कथित तौर पर एक डायरी भी मिली है। डायरी में जहां शासन और प्रशासन के कई बड़े अफसरों को लेन-देन का ब्यौरा है, वहीं कई नौकरशाहों की ब्लैक मनी भी खनन और ठेकों में एडजस्ट करने के दस्तावेज भी मिले हैं। साफ है कि डायरी में एक तरह से सत्ता और सियासत की सांठगांठ का सच दर्ज है। उधर डायरी मिलने की खबर फैलने के साथ ही कई अफसरों और सफेदपोशों की बैचेनी बढ़ती जा रही है।

विधायक उमाशंकर सिंह ने जब से सियासत में कदम रखा, तब से उनके रसूख के साथ ही संपत्ति भी अमरबेल की तरह बढ़ती रही। विधायक बनने के बाद तो संपत्तियों में काफी इजाफा होता रहा। उनके रसूख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भले ही वह बसपा से तीन बार के विधायक हैं, लेकिन सत्ता चाहे सपा की रही हो या फिर भाजपा की। उनसे संबंधित कंपनियों को सड़क निमार्ण के साथ ही खनन के ठेके भी मिलते रहे हैं। यहां तक कि नियमों को ताक पर रखकर भी ठेके दिए जाते रहे। सपा सरकार में जहां वह एक कद्दावर मंत्री के ठेकों में पार्टनर रहे, वहीं अगस्त 2025 में उमाशंकर सिंह से जुड़ा पत्थर खनन का मामला सामने आया था। उमाशंकर की पत्नी की कंपनी छात्र शक्ति इंफ्रा कंस्ट्रक्शन ने सोनभद्र में खनन का पट्टा लिया था। कंपनी ने 3,000 रुपए प्रति घनमीटर के रेट से पत्थर खनन का का पट्टा लिया था, जबकि रायल्टी दर 160 रुपए प्रति घनमीटर थी। आरोप लगा था उमाशंकर की पत्नी की कंपनी ने 33,604 घनमीटर गिट्टी का अवैध खनन किया था। यदि नीलामी की दर से वसूली होती तो कंपनी को करीब दस करोड़ की धनराशि सरकारी खजाने में देनी होती। इससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान पुहंचा। अब सवाल यह है कि यह रेट और रायल्टी के खेल बिना किसी आला नौकरशाही और कद्दावर सफेदपोश के वरदहस्त बगैर नहीं सकता। इसी तरह के कई अन्य मामले हैं, जोकि विवादों में रहे। उमाशंकर सिंह से जुड़े नेताओं और अफसरों को खुद के घिरने की चिंता सता रही है। यही कारण हैं कि छापे के दूसरे दिन भी छात्र शक्ति कंपनी के कारपोरेट आफिस के बाहर महंगी गाड़ियों से लोग आते रहे। बाहर से ही छापे की अपने तरीके से जानकारी ली और चलते बने।

### विधायक के बेटे ने कहा: हम पूरा सहयोग कर रहे हैं

- विधायक उमाशंकर सिंह के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने गुरुवार को चुप्पी तौड़ी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल गोमतीनगर आवास पर इनकम टैक्स विभाग की ओर से जांच की गई। उनके पिता, वह स्वयं और परिवार के अन्य सदस्य विभाग के अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। इनकम टैक्स अधिकारी भी पूरी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

### छापे के पीछे कौन

- **अमृत विचार :** विधायक के साथ ही मैनेजमेंट में माहिर माने जाने वाले उमाशंकर सिंह के यहां छापा पड़ा है तो तमाम सवाल उठ रहे हैं। इसमें अहम सवाल यह है कि आखिरकार बसपा बसपा विधायक के यहां आयकर के छापे के पीछे कौन हैं? ऐसी कौन सी बड़ी शक्ति है, जिसके इशारे पर बसपा प्रमुख मायावती के सबसे खास रहे विधायक के यहां कार्रवाई हुई। वह भी जब विपक्ष बसपा को कथित तौर पर भाजपा की बी टीम बताता रहा है। हालांकि सरसरी तौर पर पत्थर खनन में कैग की रिपोर्ट और विजीलेंस की जांच को ही छापे के पीछे असल वजह माना जा रहा है, लेकिन लोगों के गले से यह बात नहीं उतर पा रही है।

## मानचित्र स्वीकृति से बढ़ी जिला पंचायतों की आय

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में जिला पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार के प्रयास असर दिखाने लगे हैं। ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किए जाने से जिला पंचायतों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 से जनवरी 2026 तक जिला पंचायतों द्वारा 2883 मानचित्र स्वीकृत किए गए, जिससे 57.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

सरकार के निर्देश पर जिला पंचायतों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति को अनिवार्य कर दिया है। पहले बड़ी संख्या में लोग बिना स्वीकृति के निर्माण करा लेते थे, जिससे न केवल नियोजन प्रभावित होता था बल्कि पंचायतों को राजस्व की हानि भी होती थी।

# असाध्य रोगियों के मुफ्त इलाज को 30.11 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को धन आवंटित
- उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य, सख्त शर्तों के साथ आदेश

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 में असाध्य रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 30.11 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति पुनर्विनियोग के माध्यम से चार बड़े चिकित्सा संस्थानों कानपुर, लखनऊ, आगरा और सहारनपुर को दी गई है।

शासन ने उपयोगिता प्रमाणपत्र व लाभार्थी सूची अनिवार्य करते हुए सख्त शर्तों के साथ धन खर्च करने का आदेश दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग विशेष सचिव कृतिका शर्मा की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार यह धनराशि अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत 2210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य शीर्ष के तहत "असाध्य रोगों के इलाज हेतु निःशुल्क चिकित्सा सुविधा" मद में स्वीकृत की गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह धन केवल निर्धारित मदों में और नियमों के अनुरूप ही व्यय किया जाएगा। शासनादेश में यह भी उल्लेख है कि इससे पूर्व सरोजनी नायडू चिकित्सालय, आगरा अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज प्रसूति चिकित्सालय, कानपुर संक्रामक रोग चिकित्सालय, कानपुर तथा मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर आदि के लिए वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, विद्युत देय और जल प्रभार मदों से पुनर्विनियोग कर धनराशि उपलब्ध कराई गई थी, जिसके उपरांत कुल व्यवस्था को असाध्य रोगियों के उपचार से जोड़ा गया है। कहा गया है कि अगली किश्त तभी जारी होगी, जब उपयोगिता प्रमाणपत्र और लाभार्थियों की सूची शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

### इन संस्थानों को मिली धनराशि

- हृदय रोग संस्थान, कानपुर – 19.86 करोड़
- डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ – 6 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, आगरा – 4 करोड़
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, सहारनपुर – 25 लाख

## 50 हजार का इनामी गो-तस्कर वाराणसी से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी गो-तस्कर को वाराणसी के लोहता से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी। तभी से फरार चल रहा था। आरोपी पर पुलिस ने इनाम घोषित किया था। एसटीएफ के मुताबिक बुधवार देर रात को विशेष ऑपरेशन के दौरान आरोपी मो. अशरद को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक पकड़ा गया गो-तस्कर मो. अशरद वाराणसी स्थित सिगरा के लहंगपुरा का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली में दो वर्ष पूर्व गो-तस्करी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार देर रात को सूचना मिली कि मो. लोहता के धमरियों मैदान के पास है। वह भागने की तैयारी कर रहा है। टीम ने घेराबंदी कर रात 10 बजे दबोच लिया। वह क्षेत्र में लोगों को धमकाने व मारपीट करने के मामलों में आरोपी है।

सांझी रेखा

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह ने आटा और मंदिरों के चढ़े फूलों ने तैयार किया हर्बल गुलाल

# अयोध्या व काशी में मक्का के गुलाल से खेली जाएगी होली

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- खराब नहीं होगी त्वचा, आंख व मुंह में जाने पर नहीं होगा नुकसान

**अमृत विचार :** अयोध्या और वाराणसी में मक्का का आटा और मंदिरों में चढ़े फूलों के अर्क से बने शुद्ध हर्बल गुलाल से होली खेली जाएगी। इससे त्वचा खराब नहीं होगी और आंख व मुंह में जाने पर स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचेगा। बच्चे हो या बुजुर्ग सभी इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। गुलाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखनऊ के चिनहट की ग्राम उत्तरधौना में संचालित ''सांझी रेखा'' स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण पाकर इसे तैयार किया है।

इनके हर्बल गुलाल हरा, पीला और गुलाबी तीन रंग में उपलब्ध हैं। तीनों ही मक्का के आटे में फूल व सब्जियों से निर्मित किए गए हैं। इनमें हरा रंग देने के लिए आटा में धनिया और पालक के पत्ते मिलाए गए हैं। जबकि पीला रंग का गुलाल आटा में गेंदा के फूल की पंखुड़ी से तैयार किया है और गुलाबी गुलाल चुकंदर व गुलाब के फूल की कलियों से बनाया है। शुद्धता के साथ सुगंध भी लोगों को प्राकृतिक है।

### गुलाल की कीमत (रुपया प्रति किलो)

- गुलाल-थोक – 350-400
- गुलाल-फुटकर – 500
- गुलाल-200 ग्राम – 100





चिनहट के उत्तरधौना में सुखाया जाता गुलाल और टोकरियों में रखा तैयार गुलाल।

> एक तरफ महिलाओं ने स्वास्थ्य को देखते हुए हर्बल गुलाल बनाया है तो दूसरी तरफ इस कार्य से उन्हें रोजगार मिला है। लोग इस हैंडमेड सामग्री को खरीद कर उत्पादन को बढ़ावा दें।
>
> **-अजीत कुमार सिंह,** जिला विकास अधिकारी, लखनऊ

### मंदिरों से एकत्र किए फूल महिलाएं लाईं सब्जियां

- समूह की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि इस कार्य में 18 समूह की महिलाएं जुड़ी हैं। मक्का किसानों से खरीदकर आटा बनाया है, जबकि फूल मंदिरों के चढ़े हुए एकत्र किए हैं। महिलाएं खेती-बाड़ी से जुड़ी हैं, इनके द्वारा धनिया, पालक, चुकंदर एकत्र किया गया है। कोषाध्यक्ष सोनी सिंह बताती हैं कि 40 फीसद तक बचत होती है। एक स्टॉल में चार से पांच हजार की बिक्री हो रही है।

### सात क्विंटल तक भेजी गुलाल की खेप

- 20 क्विंटल उत्पादन लक्ष्य के सापेक्ष 15 क्विंटल तक गुलाल तैयार किया है। इसमें अयोध्या, वाराणसी के खासकर काशी और मिर्जापुर में सात क्विंटल गुलाल बिक चुका है और भी मांग आई है। इसके अलावा अंबेडकर नगर, बस्ती, सोनभद्र, लखीमपुर, हरदोई व कानपुर से मांग आने पर खेप भेजी जा रही है। लखनऊ में भी महिलाएं स्वयं थोक व फुटकर स्टॉल लगाकर बिक्री कर रही हैं। 28 फरवरी से विकास भवन, कलेक्ट्रेट, विश्वविद्यालय समेत अन्य सरकारी परिसरों में स्टॉल लगाए जाएंगे।

# होली में खपाने के लिए जा रही शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली में खपाने के लिए बिहार शराब ले जा रहे तीन तस्करों को एसटीएफ ने बलिया के बैरिया दबोच लिया। उनके पास से 471 पेटी शराब, बियर, पिकअप, तीन मोबाइल व नकदी बरामद की गई है। यूपी से बिहार भेजने के लिए तस्करों ने गंगा नदी के रास्ते का प्रयोग किया।

एसटीएफ के डिप्टीएसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक यूपी से बिहार शराब तस्करी की सूचनाएं मिल रही थी। होली में बड़े पैमाने पर तस्करी का इनपुट मिला था। विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार सुबह 4.30 बजे बलिया के बैरिया स्थित पूर्वी भवन टोला गंगा किनारे बंधे के पास से दो पिकअप वाहन रोककर तलाशी ली। इस दौरान अंदर भारी मात्रा में शराब व बियर की पेटियां मिलीं। एसटीएफ ने मौके से बलिया के बांसडीह स्थित हुसैनाबाद निवासी धर्मजीत भारती, कोतवाली नगर बहादुरपुर का पिंटू प्रसाद और बैरिया चिरैया मोड़ निवासी करन बहादुर साह उर्फ घुरघुर को गिरफ्तार किया।

### नाव से गंगा पार ले जाते थे शराब



पिंटू प्रसाद



करन कुमार साह



धर्मजीत भारती

- एसटीएफ के डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका गिरोह गंगा नदी के रास्ते शराब की तस्करी करता है। शराब बलिया के बैरिया इलाके में पहुंचने के बाद नाव से गंगा नदी पार कराकर बिहार पहुंचाते थे। पुलिस के अनुसार बैरिया क्षेत्र के चिरैयामोड़ स्थित एक लाइसेंसी गोदाम से शराब अवैध रूप से उपलब्ध कराई जाती थी, जिसे गिरोह के सदस्य बिहार पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ बैरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026






स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। संतोष सबसे बड़ा धन है। वफादारी सबसे बड़ा संबंध है।
–महात्मा बुद्ध

# पाठ्यपुस्तक और प्रतिष्ठा

यदि किसी संवैधानिक संस्था- विशेषकर न्यायपालिका को त्रुटिपूर्ण या भ्रामक तथ्यों के आधार पर प्रस्तुत किया जाए, तो उसका प्रभाव केवल अकादमिक नहीं, संस्थागत विश्वसनीयता पर भी पड़ता है। कैशोर्य में स्थापित धारणा दीर्घकालिक होती है। अतः कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी संदर्भों पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप और असाधारण कड़ा रुख पूरी तरह सही है, हालांकि इस कठोर प्रतिक्रिया को देख कर यह प्रश्न स्वाभाविक है कि एनसीईआरटी द्वारा अतीत में इतिहास, राजनीति, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पुस्तकों में हुए विवादित बदलावों पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान ले कर ऐसी त्वरित कारगुजारी क्यों नहीं की? संभवतः न्यायालय सामान्यतः नीतिगत-शैक्षिक सामग्री में हस्तक्षेप से बचता है पर संविधान-विरोध या गंभीर विधिक उल्लंघन के मामले में अधिक सक्रिय रहता है।

न्यायालय द्वारा आपत्तिजनक सामग्री पर रोक, पुनर्मुद्रण रोकना और डिजिटल प्रसार पर प्रतिबंध तकनीकी युग में पूर्णतः लागू करना कठिन अवश्य है, पर यह स्पष्ट संदेश देता है कि संस्थागत प्रतिष्ठा से समझौता नहीं होगा, हालांकि दीर्घकालिक समाधान सेंसरशिप नहीं, बल्कि गुणवत्ता-नियंत्रण और संतुलित अकादमिक विमर्श है। जाहिर है पुस्तक के उक्त अध्याय में न्यायपालिका के मात्र दोषों का उल्लेख हो और राजनीति व व्यवस्थापिका की समांतर चर्चा न हो, तो यह संतुलनहीनता है। यदि देश में भष्टाचार चहुंओर है, तो लोकतंत्र की तीनों शाखाओं में उसकी व्याप्ति को समग्रता में पढ़ाया जाना चाहिए। न्यायपालिका की ऐतिहासिक उपलब्धियों मौलिक अधिकारों की रक्षा, जनहित याचिकाएं, आपातकालीन दुरुपयोग पर अंकुश का उल्लेख न होना, अधूरा चित्र प्रस्तुत करता है। एनसीईआरटी का यह कहना कि त्रुटि 'अनजाने' में हुई, सहज स्वीकार्य नहीं। पाठ्यपुस्तक निर्माण बहु-स्तरीय प्रक्रिया है। लेखन, समीक्षा, संपादन, विशेषज्ञ समिति और उच्चस्तरीय स्वीकृति। यदि इन सबके बाद भी तथ्यात्मक या संदर्भगत भूल रह गई, तो जानबूझकर की गई क्यों न मानी जाए। सार्वजनिक खेद स्वागतयोग्य है पर इसकी आड़ ले, दायित्व से बचने की बजाए पारदर्शी जांच, जिम्मेदारी तय करने और सुधारात्मक उपाय लागू होने चाहिए। दोष केवल एनसीईआरटी तक सीमित नहीं हो सकता। शिक्षा मंत्रालय और व्यापक नीतिगत ढांचा भी इसके लिए समान रूप से उत्तरदायी हैं। पाठ्यक्रम परिवर्तन अक्सर राजनीतिक-सामाजिक विमर्श से प्रभावित होते हैं, ऐसे में पारदर्शिता और बहु-विचारधारात्मक समीक्षा अत्यंत अनिवार्य है। यदि यह सिद्ध हो कि प्रकाशन न्यायपालिका को कलंकित करने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया, तो यह गंभीर कदाचार है। तथ्यों का विकृतिकरण, शिकायतों की संख्या को संदर्भ-विहीन प्रस्तुत करना या पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणियों को गलत अर्थ में उद्धृत करना, ये सब संस्थागत अवमानना की सीमा तक जा सकते हैं और भारी सज़ा की वजह बन सकते हैं, पर आपराधिक अवमानना तब बनती है जब न्याय के प्रशासन में बाधा उत्पन्न हो या न्यायालय की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का उद्देश्य स्पष्ट हो, किंतु इसके लिए दुर्भावना और आशय का प्रमाण आवश्यक है।

## प्रसंगवश

# अल्फ्रेड पार्क के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गईं थीं। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्र भक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था। पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे, लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं, बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थीं, लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए।

असहयोग आंदोलन के वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। नौ अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी। इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए, लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंककर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत का 'प्रहार'






विवेक सक्सेना
अयोध्या

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को अपनी पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति, 'प्रहार' जारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और निर्णायक बदलाव किया है। ये नीति ऐसे समय में जारी की गई है, जब देश सीमापार प्रयोजित आतंक, ड्रोन आधारित हमले, हथियारों की तस्करी, साइबर हमले और आतंकियों के स्लीपर सेल आदि गंभीर चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए स्ट्रेटेजी डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि 'भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है।' देश लंबे समय से सीमा पार से 'प्रायोजित आतंकवाद' से प्रभावित रहा है, जिसमें 'जिहादी आतंकी संगठन और उनके फ्रंटल संगठन' हमलों की प्लानिंग करते रहते हैं और उन्हें अंजाम देते हैं।

डार्क वेब और क्रिप्टो-फाइनेंसिंग जैसे आधुनिक खतरे भी देश के लिए बड़ी चुनौती हैं। यह नीति जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर सुरक्षा को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने पर जोर देती है। इसमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकी समूहों का नाम लेते हुए कहा गया है कि उन्होंने स्लीपर सेल के जरिए भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश की है, जबकि दूसरे देशों से काम करने वाले हिंसक अतिवादियों ने आतंवाद को बढ़ावा देने की साज़िशें रची हैं।

पहलगाम में आतंकियों के हाथों हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया।

'प्रहार' का अर्थ है 'स्ट्राइक्स', जो भारत के 'जीरो-टॉलरेंस' दृष्टिकोण को एक मजबूत और सक्रिय ढांचा प्रदान करता है। यह नीति सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आतंकी संगठन जिस तरह लगातार संगठित हमले और गतिविधियां कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह समय की मांग है कि इससे सख्ती से निपटा जाए और इसके लिए रणनीतियों में भी एक समन्वय हो। यही वजह है कि सात मुख्य स्तंभों पर आधारित 'प्रहार' में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में तालमेल बैठाने पर भी खासा जोर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने एफआईआर दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर स्तर पर कानूनी जानकारों को शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि अपराधियों के खिलाफ केस मजबूत हो सके।

> केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवाद विरोधी नीति जारी की है। इसे आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस के तहत सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस नीति में आतंकवादी हमलों को होने से पहले ही रोकना। खतरे के अनुरूप त्वरित और कठोर जवाब। पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ आंतरिक क्षमताओं को एक साथ लाना। विधि के शासन का पालन करते हुए कार्रवाई करना। कट्टरपंथ के कारणों को समाप्त करना। अंतर्राष्ट्रीय और खुफिया जानकारी साझा करना। 'संपूर्ण-समाज' दृष्टिकोण के माध्यम से सुरक्षा को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि विदेश में मौजूद ग्रुप हमले करने के लिए लोकल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और इलाके की जानकारी पर ज़्यादा निर्भर हो रहे हैं।

'प्रहार' नीति न केवल आतंकवाद को एक आपराधिक कृत्य मानती है, बल्कि उसे एक व्यापक 'शत्रुतापूर्ण नेटवर्क' के रूप में देखती है। यह नीति 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाइयों के बाद के सुरक्षा परिदृश्य के अनुकूल है, जो पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद को कड़ी चुनौती देती है। भारत अब अपनी सुरक्षा नीति में रक्षात्मक से आक्रामक प्रतिरोध की ओर मजबूती से बढ़ गया है। यह नीति आतंकवाद के खिलाफ मोदी की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है।

आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी अपने सिद्धांत और उसके तीन स्तंभ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है। भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें। भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा।

इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा। आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि नीति का वास्तविक परीक्षण इसके क्रियान्वयन से ही होगा।

किसी भी नीति की सफलता व्यक्ति या संस्था विशेष पर ही निर्भर नहीं करती है। इसके लिए देश की सभी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों, पुलिस व अर्धसैनिक बलों इत्यादि के बीच उचित समन्वय, संसाधन के साथ-साथ तकनीकी क्षमता का विस्तार और दृढ़ इच्छा शक्ति भी नियमित बेहद जरूरी होगी। इसकी सफलता अब इसके प्रभावी कार्यान्वयन, आधुनिक तकनीक में निवेश और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर निर्भर करेगी। ऐसा होने के बाद ही 'प्रहार' सही मायने में देश को आतंकवाद से मुक्त कराने की दिशा में मजबूत और कारगर साबित होगा। भविष्य की दिशा 'प्रहार' राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सीमा-पार कार्रवाई को वैध बनाती है और वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाती है। यह पूर्व-सक्रिय रणनीति से भारत को मजबूत बनाएगी, लेकिन क्षमता निर्माण और कानूनी सुधार आवश्यक हैं।

## आमने सामने



लिखित उत्तर और मंत्री की तरफ से दिया गया जवाब अलग-अलग है। मंत्री बहुत सज्जन, सीधे हैं और बाड़मेर के प्रभारी मंत्री हैं, लेकिन बाड़मेर जाते हैं, तो इन्हें काम नहीं करने दिया जाता। गृह क्षेत्र पाली में रहते हैं, तो वहां भी इन्हें काम नहीं करने दिया जाता।

–हरीश चौधरी
कांग्रेस विधायक, राजस्थान

जिनके घर शीशे के बने होते हैं, वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। कांग्रेस की सरकार के समय जो दावे आए थे, उनमें से 21 के क्लेम का निस्तारण हमारी सरकार ने किया। आपकी तो पूरी योजना ही फेल हो गई। हम तो 42 लाख पशुओं के बीमा करेंगे।

–जोराराम कुमावत
पशुपालन मंत्री, राजस्थान सरकार



# कनिंघम ने नहीं, जगत सिंह ने खोजा था सारनाथ



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ की खोज के ऐतिहासिक तथ्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसकी खोज का श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने लिया। उन्होंने बाबू जगत सिंह की सूचनाओं की सही जानकारी भी नहीं दी, हालांकि बाबू जगत सिंह की सूचनाओं के आधार पर कनिंघम ने इसका उत्खनन कराया और वहां तमाम मूर्तियां भी मिलीं, जो आज सारनाथ संग्रहालय में रखी हुई हैं। अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने ऐतिहासिक तथ्यों की गहन छानबीन के बाद बाबू जगत सिंह के योगदान को स्वीकार कर लिया है।

अब तक इसकी खोज का श्रेय अलेक्जेंडर कनिंघम को दिया जाता था। पर यह पूरा सच नहीं है, दरअसल इसकी खोज वाराणसी के बाबू जगत सिंह ने की थी। इस बौद्ध स्थल की खोज का इतिहास उल्लेखनीय और आकर्षक है। यह शानदार और अकल्पनीय रूप से विश्व के सामने आया। 1787 के आसपास एक विशिष्ट घटना घटी, जिसके पश्चात् इस स्थान ने विद्वानों, भिक्षुओं और पुरातत्वविदों का ध्यान आकर्षित करना आरंभ किया। लगभग 1787 में स्थानीय राजपरिवार के सदस्य और सारनाथ के जमींदार बाबू जगत सिंह को इस क्षेत्र में उपलब्ध ईटों और पत्थरों के अंबार का पता चला।

> विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थ सारनाथ की खोज बाबू जगत सिंह ने की थी। बाद में इसका श्रेय एलेक्जेंडर कनिंघम ने ले लिया।

उन्होंने अपने नाम पर नगर में एक बाजार निर्मित करवाने के लिए इस निर्जन क्षेत्र को खोदकर यहां से आवश्यक निर्माण सामग्री प्राप्त करने का मन बनाया तथा मजदूरों को इस काम में लगा दिया गया। यह बाजार आज भी नगर में है और उन्हीं के नाम पर जगतगंज नाम से विख्यात है। धमेख स्तूप से पश्चिम में लगभग 520 फीट (158.5 मीटर) की दूरी पर ईटों और पत्थरों के ढेर को खोद निकाला गया। स्तूप के टीले से निर्माण सामग्री की खोदाई करते समय एक गोलक-रूप बलुआ पत्थर के बक्से के भीतर एक बेलनाकार हरे रंग की संगमरमर की मंजूषा मिली।

बलुआ पत्थर का बक्सा और संगमरमरी मंजूषा सतह से अट्ठारह हाथ की गहराई पर पाए गए थे। संगमरकर के बक्से में मानव हड्डियां, क्षरित मोती, सोने की पत्तियां और अन्य मूल्यवान रत्न भी मिले थे। कालावधि में अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया और दोनों बक्सों को कलकत्ता (कोलकाता) स्थित एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया। बक्सों और वस्तुओं के अतिरिक्त उसी स्थान पर भूमिगत बुद्ध की एक मूर्ति भी पाई गई थी, जिस मूर्ति के नीचे पाल राजा महिपाल का एक शिलालेख था।

यह विक्रम संवत 1083 (ईस्वी सन् 1026) का दिनांकित शिलालेख है, हालाँकि 1835 में प्रकाशित कनिंघम की उत्खनन रिपोर्ट के साथ डंकन के आलेख को विश्लेषित करने पर एक अलग ही तस्वीर उभरती है। कनिंघम के अनुसार चुनार के बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर 1835 में पाया गया था। उन्होंने इसे पास के गांव के एक व्यक्ति (संगकर या शंकर) द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खोजा था, जो 1787 में स्तूप की खोदाई करने वाली टीम के मजदूरों में से एक था।

उन्होंने बताया है कि बाबू जगत सिंह ने बलुआ पत्थर के बक्से को उसकी मूल स्थिति में ही छोड़ दिया था और मंजूषा के अंदर पाई गई हड्डियों को गंगा नदी में प्रवाहित करा दिया। गंगा नदी में अस्थि-विसर्जन हिंदू परंपराओं में दाह-संस्कार के बाद का महत्त्वपूर्ण संस्कार है। कनिंघम के अनुसार उन्हें एक मोटी गोलाकार दीवार अछूती मिली। पाया गया अवशेष एक ईंट के अर्धगोलाकार स्तूप के अंदर रखा गया था, जिसका व्यास 49 फीट था, जो एक आवरण ईंट की दीवार से ढका हुआ था।

बाबू जगत सिंह के मजदूरों ने केवल आंशिक रूप से संरचना के आधे हिस्से में पत्थर के बक्से से लगभग छह फीट की ऊंचाई तक ईंटों की ही खोदाई की थी और बक्से को अछूता छोड़ दिया गया था। इस स्तूप का पूर्ण उत्खनन अठारह वर्ष बाद मेजर किट्टो द्वारा करवाया गया। इस प्रकार सारनाथ में स्तूप की खोदाई के संबंध में कुछ बातें स्पष्ट हैं- पहला, यह अनजाने में हुई थी और कोई नहीं जानता था कि यह स्थान पुरातात्विक महत्व का एक प्राचीन बौद्ध स्थल था। जैसे ही बाबू जगत सिंह को इसके महत्व के बारे में पता चला, उन्होंने हर संभव कोशिश की थी कि इस स्थान की क्षति और न हो।

दूसरे, बाबू जगत सिंह के मजदूर को 1787 में खोदाई के दौरान जो दो बक्से मिले, उन्हें एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल को सौंप दिया गया था, जहां से वे कालांतर में गायब हो गए। बलुआ पत्थर का बक्सा स्तूप के अंदर अपने मूल स्थान पर छोड़ दिया गया और अन्ततः कनिंघम द्वारा बाहर निकाला गया। बाबू जगत सिंह ने कभी भी स्तूप को पूर्णतः नष्ट नहीं किया। स्तूप के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व को समझने के बाद उन्होंने इस स्थल की सुरक्षा की। मोटी आवरण वाली दीवार के अंदर मूल स्तूप का एक बड़ा हिस्सा वैसे ही छोड़ दिया गया था। समय के साथ आवरण दीवार के अंदर मूल स्तूप की खोदाई कनिंघम और बाद में अन्य ब्रिटिश पुरातत्त्वविदों द्वारा की गई थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# रटने की पीड़ाभरी परंपरा

आप कहती हैं कि आप गलत बोल रहे हैं.. 'मेरा बेटा ख़ुद कोटा जा कर पढ़ना चाहता था, इसलिए मैं उसे कोटा ले कर गई पढ़ाने। मेरा बेटा ख़ुद JEE क्रैक करना चाहता था। खूब पढ़ना चाहता था, मैंने दबाव नहीं डाला कभी।'

ये स्टेटमेंट आपका भ्रम हैं। आपकी अपनी लालसाएं हैं, जिन्हें आप अपने बच्चों पर थोप कर उन्हें अपना बताती हैं। आपका ये स्टेटमेंट बिलकुल वैसा ही है, जैसे मुस्लिम घरों में पैदा हुई लड़की कहती है कि 'हिजाब पहनना मेरी पसंद है। हिजाब मेरा प्राइड है और मुझे किसी ने कभी हिजाब या बुरका पहनने के लिए दबाव नहीं बनाया।'... ऐसे ही आपका बेटा कोटा में पढ़ना चाहता है। बिलकुल ऐसे ही जैसे वो हिजाब पहनना चाहती है।



सिद्धार्थ ताबिश
ब्लॉगर

हिंदू घरों में पैदा हुई लड़कियां हिजाब क्यूं नहीं पहनने को लालायित रहती हैं, क्या आपने कभी सोचा है? हिंदू लड़कियों के लिए हिजाब उनका गर्व या प्राइड क्यूं नहीं बनता है क्या आपने सोचा है? ये सिर्फ़ रुढ़िवादी मुस्लिम परिवार में पैदा हुई लड़कियां ही क्यूं कहती हैं?

कोई भी बच्चा 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता है। ये इतनी बड़ी पीड़ादायक परंपरा है, जो आप 'नशे' में रहते हुवे सोच भी नहीं सकते। कोई भी लड़का स्वयं से कभी कोटा जा कर 25 साल तक किताबें रटना नहीं चाहता। धर्म में तो फिर भी आप्शन है और लड़के वहां बगावती हो जाते हैं, वो नमाज़ नहीं पढ़ते हैं, पूजा नहीं करते हैं, मगर शिक्षा के मामले में आपने कोई भी आप्शन अपने बच्चों के आगे नहीं छोड़ा होता है।

यहां तक कि अगर आपका बेटा घर पर बैठकर ओपन स्कूल से स्टडी करना चाहे, जो कि सरकारी तौर पर उतना ही मान्य है. जितना रेगुलर बोर्ड, तो आप उसे वो भी आप्शन नहीं देते हैं। आपको इस तरह का नशा है, बच्चों को स्कूल भेजने का, कोटा भेजने का, कोचिंग में भेजने का कि आपके घरों में इसके आलावा कोई बात ही नहीं होती है। अब बारहवीं कर लिया तो अब आगे क्या, जाओ कोचिंग करो, ये एग्जाम निकालो, वो पास करो ये करो वो करो। बस!

कोटा, कोचिंग, स्कूल और कॉलेज आपके बनाए हैं। वयस्कों ने बनाया है। बच्चों ने नहीं बनाया है। आपने बच्चों के लिए पार्क में आठ घंटे खेलने का आप्शन बनाया होता, वो आठ घंटे खेलते। आपने उन्हें 'कोटा' का ही एक आप्शन दिया है। जीवन में तो वो बेचारे उसे न चुनें तो और क्या चुनेंगे?

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# कचरे पर न्यायपालिका के निर्देश और सच्चाई

सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियमों के ठीक से पालन न होने पर चिंता जताई है और पहली अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए नियमों को प्रभावी बनाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना, जीवन के अधिकार का ही अहम् हिस्सा है। यह मामला भोपाल नगर निगम की उन अपीलों से जुड़ा था, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ दायर की गई थीं।

अदालत ने कहा है कि अभी कानून में सुधार का इंतजार करना ठीक नहीं है, क्योंकि कचरे की खराब व्यवस्था से लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों पर असर पड़ता है। कोर्ट ने माना कि पूरे देश में कचरा प्रबंधन नियमों का पालन समान रूप से नहीं हो रहा है और घरों से गीला-सूखा-खतरनाक कचरा अलग-अलग करने की व्यवस्था अभी तक भी पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। बड़े शहरों में बढ़ते कचरे के ढेर भी चिंता का कारण हैं। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'अब नहीं तो कभी नहीं' और स्पष्ट किया कि अगर स्रोत पर कचरा अलग नहीं होगा और जरूरी सुविधाएं नहीं होंगी, तो अच्छे परिणाम की उम्मीद करना व्यर्थ है। अदालत ने पार्षदों, महापोरों और वार्ड प्रतिनिधियों को कचरा अलग कराने के लिए जिम्मेदार 'लीड फैसिलिटेटर' बनाने को कहा, ताकि हर नागरिक नियमों का पालन करे।



सुनील कुमार महला
लेखक

लीड फैसिलिटेटर वह व्यक्ति होता है जो किसी कार्यक्रम, प्रशिक्षण, कार्यशाला या परियोजना में पूरे समूह की प्रक्रिया का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि गतिविधियां सही दिशा में और निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार चलें। अच्छी बात यह है कि सभी नगर निकायों को 100% पालन के लिए समय-सीमा तय कर सार्वजनिक करने, प्रगति की फोटो जिलाधिकारी को भेजने और बड़े कचरा उत्पादकों से 31 मार्च तक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को चार तरह के कचरे (गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष) के अलग-अलग प्रबंधन की व्यवस्था जल्दी तैयार करने को कहा गया है।

अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्देश दिया कि कचरा प्रबंधन नियमों को स्कूल की पढ़ाई में शामिल किया जाए। अब नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। पहले जुर्माना, बार-बार उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई और जरूरत पड़ने पर आपराधिक केस भी दर्ज किया जा सकता है। लापरवाही करने वाले अधिकारी भी दायरे में आएंगे। कोर्ट ने मोबाइल अदालतों की संभावना पर भी विचार करने की बात कही है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली अप्रैल 2026 से देश के सभी न्यायालयों और संस्थानों में भी कचरा प्रबंधन नियमों का पालन होना चाहिए। नगर निकायों को लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाने होंगे, जैसे कचरा कम करना, घर में खाद बनाना और सैनिटरी कचरे को सुरक्षित तरीके से पैक करना। ये सभी निर्देश, इसलिए दिए गए हैं ताकि पहली अप्रैल 2026 से पहले पूरी तैयारी हो सके और नियम सही तरीके से लागू किए जा सकें।

कोर्ट ने सही चिंता जताई है कि ठोस कचरा प्रबंधन केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। नियमों के कमजोर अनुपालन, स्थानीय निकायों की जवाबदेही की कमी और योजनाओं जैसे अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज मिशन में खामियों के कारण समस्या बढ़ी है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

खोज

# ताले का आविष्कार

ताला मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन सुरक्षा साधनों में से एक है। माना जाता है कि ताले का प्रारंभ लगभग चार हजार वर्ष पूर्व हुआ। सबसे पुराने ताले प्राचीन मिस्र तथा मेसोपोटामिया में पाए गए हैं। ये ताले प्रायः लकड़ी के बने होते थे और कुंडी-खूंटी की विशेष व्यवस्था पर आधारित थे। जब चाबी भीतर डाली जाती थी, तो लकड़ी की खूंटियां ऊपर उठती थीं और द्वार खुल जाता था।




इसके पश्चात प्राचीन रोम में धातु के ताले और चाबियां बनने लगीं। रोमन शिल्पकारों ने लोहे और पीतल से छोटे, परंतु अधिक सुदृढ़ ताले बनाए। इससे सुरक्षा की व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई। मध्यकाल में यूरोप में ताले केवल सुरक्षा का साधन ही नहीं रहे, बल्कि उन पर सुंदर नक्काशी और कलात्मक आकृतियां भी बनाई जाने लगीं।

आधुनिक ताले के विकास में उन्नीसवीं शताब्दी का विशेष योगदान रहा। सन् 1861 में अमेरिकी आविष्कारक लिनस येल जूनियर ने आधुनिक पिन-टंबलर सिलिंडर लॉक का पेटेंट कराया। यह प्रणाली आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है और "येक लॉक" के नाम से जानी जाती है। इसने ताले को अधिक सुरक्षित, छोटा और उपयोग में सरल बना दिया। इस प्रकार ताले का आविष्कार किसी एक व्यक्ति की देन नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों में विकसित हुई तकनीकों का परिणाम है। प्राचीन लकड़ी के साधारण ताले से लेकर आज के अंक-संकेत तथा अंगुली-छाप से खुलने वाले आधुनिक तालों तक, ताले ने मानव जीवन में सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## वैज्ञानिक के बारे में



लिनस येल जूनियर का जन्म 4 जून 1821 को संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में हुआ था। उनके पिता लिनस येल सीनियर भी ताला निर्माण के क्षेत्र में कुशल कारीगर और आविष्कारक थे, जिससे उन्हें बचपन से ही इस कार्य का अनुभव मिला। येल जूनियर ने प्रारंभ में बैंक तिजोरियों की सुरक्षा प्रणाली पर काम किया, लेकिन बाद में छोटे और सुरक्षित सिलिंडर ताले के विकास में जुट गए। वे अत्यंत परिश्रमी और नवाचारप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। 1868 में उनका निधन हो गया, किंतु उनका आविष्कार आज भी विश्वभर में प्रचलित है।



# सीपियां: जलीय दुनिया की खामोश नायिकाएं

नदी की तलहटी में आधी गड़ी हुई या समुद्र के किनारे चट्टानों से चिपकी हुई सीपों में न तो कोई चमक-दमक होती है, न कोई तेज गति। वे न दिखावटी हैं, न ही हमारी रोजमर्रा की नजरों में आती हैं। फिर भी पूरी जलीय दुनिया बहुत हद तक इन्हीं खामोश जीवों पर टिकी हुई है। अगर सीपों को एक पंक्ति में समझना हो, तो कहा जा सकता है कि वे पानी की सफाईकर्मी हैं और ऐसे सफाईकर्मी, जो बिना थके, बिना रुके अपना काम करते रहते हैं।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

## एक सीप प्रतिदिन 20-40 लीटर छान सकती है पानी

सीप अपने शरीर में लगातार पानी खींचती हैं। इस पानी में मौजूद गंदगी, सूक्ष्म कण, बैक्टीरिया, शैवाल, रसायन और यहां तक कि भारी धातुओं को भी वे छान लेती हैं और अपेक्षाकृत साफ पानी वापस पर्यावरण में छोड़ देती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, सामान्य आकार की एक सीप प्रतिदिन 20 से 40 लीटर तक पानी छान सकती है। अब कल्पना कीजिए, यदि किसी नदी, झील या समुद्री तट पर हजारों या लाखों सीपें हों, तो वे कितनी विशाल मात्रा में पानी को स्वाभाविक रूप से साफ रखती होंगी। दुनियाभर में सीपों की 1200 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से लगभग 1000 प्रजातियां मीठे पानी में और शेष समुद्री जल में निवास करती हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि मीठे पानी की सीपों की सबसे अधिक विविधता उत्तरी अमेरिका में मिलती है, जहां अकेले लगभग 300 प्रजातियां मौजूद हैं। यूरोप में करीब 16 प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं, जबकि एशिया में भी मीठे पानी और समुद्री, दोनों तरह की सीपों की संख्या काफी अधिक है। चीन, भारत, जापान और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश सीपों की जैव विविधता और खेती दोनों के लिए जाने जाते हैं।

## जीवन चक्र और मोती बनने की प्रक्रिया

सीपों की बनावट देखने में सरल, लेकिन कार्य में अत्यंत प्रभावशाली होती है। दो मजबूत खोलों के भीतर उनका कोमल शरीर सुरक्षित रहता है। ये खोल कैल्शियम कार्बोनेट से बने होते हैं, जिसे सीपें पानी से धीरे-धीरे लेकर परत-दर-परत जमा करती रहती हैं। यही कारण है कि उनका खोल जीवनभर बढ़ता रहता है। मोती बनने की प्रक्रिया भी इसी से जुड़ी है। जब कोई बाहरी कण सीप के शरीर के भीतर फंस जाता है, तो वह उसे ढंकने के लिए कैल्शियम की परतें चढ़ती जाती हैं और समय के साथ वही कण मोती का रूप ले लेता है। सीपों का जीवन चक्र भी कम रोचक नहीं है। समुद्री सीपें अपने अंडे और शुक्राणु पानी में छोड़ती हैं, जिनसे सूक्ष्म लार्वा बनते हैं। ये लार्वा कुछ समय तक समुद्र में स्वतंत्र रूप से तैरते रहते हैं और फिर किसी ठोस सतह चट्टान, खोल या तट से चिपककर स्थायी जीवन शुरू करते हैं। मीठे पानी की कई सीपें इससे भी अनोखा तरीका अपनाती हैं। उनके लार्वा कुछ समय तक मछलियों के गलफड़ों या पंखों से चिपककर रहते हैं। इससे उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलता है और वे दूर-दूर तक फैल पाती हैं। बाद में वे नदी की तलहटी में गिरकर स्वतंत्र जीवन शुरू करती हैं। यानी सीपें केवल पानी पर नहीं, बल्कि मछलियों पर भी निर्भर करती हैं। यदि मछलियां कम हों, तो सीपों का भविष्य भी संकट में पड़ जाता है। सीपों की एक और विशेषता उनकी लंबी उम्र है। समुद्री सीपें आमतौर पर 10 से 20 वर्ष तक जीवित रहती हैं, जबकि मीठे पानी की कई प्रजातियां 50 से 100 वर्ष तक भी जी सकती हैं।

## सीपों के लिए चुनौती बनता समुद्र का अम्लीयकरण

पिछले कुछ दशकों में स्थिति चिंताजनक होती गई है। मीठे पानी की लगभग एक हजार प्रजातियों में से अधिकांश या तो संकटग्रस्त हैं या तेजी से घट रही हैं। पोलैंड, क्रोएशिया और ब्रिटेन जैसे देशों में बड़े पैमाने पर सीपों की मृत्यु दर्ज की गई है। लंदन की टेम्स नदी में पिछले 60 वर्षों में मीठे पानी की लगभग सारी सीपें समाप्त हो चुकी हैं। उत्तरी अमेरिका में 70 प्रतिशत से अधिक मीठे पानी की सीप प्रजातियां संकटग्रस्त या विलुप्ति की कगार पर हैं। इन संकटों के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, ग्रीष्म लहरें तीव्र हो रही हैं। जब नदी या समुद्र का पानी अचानक बहुत गर्म हो जाता है, तो सीपें उसे सहन नहीं कर पातीं और बड़े पैमाने पर मर जाती हैं। इसके साथ ही रासायनिक प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक, नदियों का प्राकृतिक बहाव बदलना, बांध, खनन और शहरी सीवेज इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। महासागरों में समुद्र का अम्लीकरण भी बड़ी चुनौती बन चुका है। कार्बन डाइऑक्साइड के घुलने से पानी अम्लीय हो रहा है, जिससे सीपों के खोल बनने की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है। शिशु सीपें तो कई बार खोल बना ही नहीं पातीं।



## सीप की खेती

एशिया में सीपों की खेती समुद्र और इंसान के पुराने रिश्ते का विस्तार है। चीन, जापान, थाईलैंड और वियतनाम में सीपों को 'उगाया' नहीं जाता, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण दिया जाता है, जहां वे स्वाभाविक रूप से पनप सकें। समुद्र के किनारे बांस, रस्सियों और टाइलों पर लार्वा चिपक जाते हैं और फिर समुद्र अपना काम करता है। चीन इस क्षेत्र में सबसे आगे है। दुनिया में उत्पादित समुद्री सीपों का बड़ा हिस्सा वहीं से आता है। यह खेती लाखों लोगों को रोजगार देती है-मछुआरों से लेकर रेस्तरां और निर्यात तक। सीपों का उपयोग केवल भोजन तक सीमित नहीं है। उनके खोलों से चूना, खाद और निर्माण सामग्री बनती है। भोजन के रूप में वे प्रोटीन, जिंक, आयरन और ओमेगा-3 से भरपूर होती हैं। अगर सीपें कम होती गईं, तो पानी की गुणवत्ता गिरेगी, शैवाल विस्फोट बढ़ेंगे, मछलियां मरेंगी और तटीय समुदायों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी।

## समुद्र के छुपे हुए सफाईकर्मी

समुद्री सीपें तटीय इलाकों के लिए जीवन-रेखा जैसी हैं। वे पानी साफ रखती हैं, तटों को कटाव से बचाती हैं, छोटी मछलियों और केकड़ों को आश्रय देती हैं और मत्स्य उत्पादन को स्थिर बनाए रखती हैं। जहां सीपों की चट्टानें होती हैं, वहां जैव विविधता कई गुना बढ़ जाती है। एशियाई देशों विशेषकर अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप में सीपों की गिरावट का असर प्रवाल भित्तियों और मछली जीवन पर साफ दिखने लगा है। बढ़ता तापमान, पर्यटन से फैला कचरा, प्लास्टिक और तटीय विकास इन नाजुक तंत्रों को कमजोर कर रहे हैं। फिर भी उम्मीद बाकी है। वॉशिंगटन डीसी की एनाकोस्टिया नदी में सीपों की मदद से पानी साफ किया जा रहा है। यह दिखाता है कि अगर हम पानी को साफ करें, तो सीपें लौट सकती हैं। सीपों में अनुकूलन की अद्भुत क्षमता होती है। हर सामूहिक मृत्यु के बाद कुछ सीपें बचती हैं और वही नई पीढ़ी की नींव बनती हैं। यही उम्मीद है। इन खामोश सफाईकर्मियों को बचाना, दरअसल अपने जल, अपने पर्यावरण और अपने भविष्य को बचाना है।

मरीन लाइफ

# समुद्र की सतह पर धूप सेंकती रहस्यमयी मछली

समुद्र की अथाह गहराइयों में एक ऐसा जीव भी रहता है, जिसे देखकर पहली नजर में विश्वास ही नहीं होता कि यह मछली है। समुद्री सनफिश या मोलामोला, दुनिया की सबसे भारी अस्थि-मछली मानी जाती है। इसका गोल, पार्श्व रूप से चपटा शरीर और विशाल पंख इसे समुद्री दुनिया का अनोखा आकर्षण बनाते हैं। वयस्क सनफिश का वजन 2,000 किलोग्राम से भी अधिक हो सकता है और इसकी लंबाई 10 फीट तक पहुंच सकती है। इतनी विशाल काया के बावजूद इसका पसंदीदा भोजन है- जेलीफिश। जेलीफिश लगभग पूरी तरह पानी से बनी होती हैं और उनमें पोषक तत्व बेहद कम होते हैं। इसलिए सनफिश को अपनी



ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में जेलीफिश निगलनी पड़ती है। यही कारण है कि वे लगातार भोजन की तलाश में लंबी दूरी तय करती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये मछलियां हजारों किलोमीटर की समुद्री यात्रा कर सकती हैं और 600 मीटर से अधिक गहराई तक गोता लगा सकती हैं।

इनकी वृद्धि दर आश्चर्यजनक है। नवजात सनफिश का वजन एक ग्राम से भी कम होता है, लेकिन वयस्क होने पर यह अपने जन्म वजन से लगभग 6 करोड़ गुना बड़ी हो सकती है। यह आकार परिवर्तन जीव जगत में सबसे चौंकाने वाले विकासों में से एक है। हालांकि वयस्क सनफिश का आकार उन्हें अधिकांश शिकारियों से सुरक्षित रखता है, फिर भी मध्यम आकार की सनफिश समुद्री शेर, किलर व्हेल और बड़ी शार्क का शिकार बन जाती हैं। कैलिफोर्निया के समुद्री शेरों द्वारा छोटी सनफिश के पंख काटकर उन्हें खेल की वस्तु की तरह उछालना समुद्री व्यवहार का एक विचित्र उदाहरण है। प्रजनन के विषय में अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। मादा सनफिश एक बार में 3 से 30 करोड़ तक अंडे दे सकती है, जो किसी भी अन्य कशेरुकी जीव से अधिक है। नर उसी समय पानी में शुक्राणु छोड़ते हैं, जिससे निषेचन की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि वैज्ञानिक अब भी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि वे समूह में प्रजनन करती हैं या जोड़े में। समुद्री सनफिश न केवल आकार में विशाल है, बल्कि अपने रहस्यों और अद्भुत जीवनशैली के कारण समुद्री जगत की सबसे रोचक प्रजातियों में से एक है।

वैज्ञानिक फैक्ट



# जीवन से भरपूर है मिट्टी

हम अक्सर मिट्टी को केवल धूल या जमीन का एक साधारण हिस्सा समझ लेते हैं, लेकिन वास्तव में मिट्टी जीवन का विशाल और अद्भुत संसार अपने भीतर समेटे हुए है। वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी के केवल एक चम्मच में जितने सूक्ष्मजीव पाए जाते हैं, उनकी संख्या पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों से भी अधिक हो सकती है। यह तथ्य अपने आप में बताता है कि मिट्टी कितनी जीवंत और महत्वपूर्ण है।

अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार मिट्टी में लाखों प्रजातियां और अरबों जीव पाए जाते हैं। इनमें बैक्टीरिया, शैवाल, कवक, सूक्ष्म कीट, केंचुए, भृंग, चींटियां, घुन और कई अन्य जीव शामिल हैं। ये सभी मिलकर पृथ्वी पर कहीं भी पाए जाने वाले जैव द्रव्यमान का सबसे बड़ा संकेंद्रण बनाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मिट्टी पृथ्वी का सबसे व्यस्त और सक्रिय पारिस्थितिक तंत्र है।

मिट्टी के ये सूक्ष्मजीव केवल संख्या में अधिक नहीं होते, बल्कि अत्यंत उपयोगी भी होते हैं। बैक्टीरिया और कवक मृत पौधों और जीवों को विघटित करके उन्हें पोषक तत्वों में बदलते हैं। यही पोषक तत्व फसलों और पेड़ों की जड़ों तक पहुंचते हैं और उन्हें स्वस्थ विकास में मदद करते हैं। केंचुए मिट्टी को भुरभुरी बनाकर उसमें हवा और पानी के प्रवाह को बेहतर करते हैं, जिससे पौधों की जड़ें आसानी से फैल सकें।

स्वस्थ मिट्टी केवल कृषि के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मिट्टी कार्बन को अपने भीतर संग्रहित करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद करती है। साथ ही, यह वर्षा के पानी को सोखकर भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होती है। यदि मिट्टी की गुणवत्ता घटती है, तो इसका सीधा असर खाद्य उत्पादन, जल संसाधनों और जैव विविधता पर पड़ता है।

आज रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और अंधाधुंध निर्माण के कारण मिट्टी की सेहत प्रभावित हो रही है। इसलिए जरूरी है कि हम जैविक खेती, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान दें। मिट्टी को बचाना दरअसल जीवन को बचाना है, क्योंकि यही धरती का वह आधार है, जिस पर हमारा पूरा अस्तित्व टिका हुआ है।



# उड़न तश्तरियों का रहस्य

क्या अनंत अंतरिक्ष की गहराइयों में हम अकेले हैं? यह एक ऐसा प्रश्न है कि इस सवाल ने सदियों से इंसानों को परेशान रखा है। इसके पक्ष-विपक्ष में सैकड़ों तर्क-वितर्क दिए जाते हैं। जब भी आकाश में कोई अज्ञात चमकती हुई वस्तु या अजीब आकार का यान दिखाई देता है, तो उसे 'उड़न तश्तरी' या UFO (Unidentified Flying Object) का नाम दे दिया जाता है। आधुनिक समय में, वैज्ञानिक इसे UAP (Unidentified Anomalous Phenomena) कहते हैं। उड़न तश्तरियों का रहस्य केवल कल्पना मात्र नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, राष्ट्रीय सुरक्षा और दर्शन का एक जटिल मिश्रण बन चुका है।

-फीचर डेस्क

## ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य या कल्पना की शुरुआत

उड़न तश्तरियों का आधुनिक इतिहास 24 जून 1947 को शुरू हुआ। अमेरिकी पायलट केनेथ अर्नोल्ड ने वाशिंगटन राज्य में माउंट रेनियर के पास नौ चमकदार वस्तुओं को एक अजीब गति से उड़ते देखा। उन्होंने उनके उड़ने की शैली का वर्णन करते हुए कहा, "वे पानी पर फेंकी गई तश्तरी (Saucer) की तरह उछल रहे थे।" अखबारों ने इस वाक्यांश को 'फ्लाइंग सॉसर' (Flying Saucer) बना दिया और यहीं से इस शब्द ने वैश्विक पहचान बनाई।

उसी वर्ष न्यू मेक्सिको के रोजवेल में एक कथित दुर्घटना हुई, जिसने इस रहस्य को और गहरा कर दिया, हालांकि अमेरिकी सेना ने इसे एक मौसम संबंधी गुब्बारा बताया, लेकिन साजिश के सिद्धांतों (Conspiracy Theories) ने जोर पकड़ा कि सरकार ने एलियंस के मलबे और उनके शरीर को छिपा लिया है।

## प्राचीन सभ्यताओं में संकेत

दिलचस्प बात यह है कि उड़न तश्तरियों के प्रमाण केवल आधुनिक युग तक सीमित नहीं हैं। भारत के प्राचीन ग्रंथों में 'विमानों' का वर्णन मिलता है, जो हवा में अविश्वसनीय गति से उड़ सकते थे। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की गुफाओं में मिले 10,000 साल पुराने शैलचित्रों में ऐसी आकृतियां देखी गई हैं, जो आधुनिक अंतरिक्ष यात्रियों और तश्तरीनुमा यानों जैसी दिखती हैं। इसी तरह प्राचीन मिस्र, सुमेरियन और माया सभ्यताओं की कलाकृतियों में भी 'आकाश से आए देवताओं' और उनके उड़ने वाले रथों का उल्लेख मिलता है, जिसे आज के 'प्राचीन अंतरिक्ष यात्री सिद्धांतवादी' (Ancient Alien Theorists) एलियंस के आगमन से जोड़कर देखते हैं।

## भौतिक विज्ञान की चुनौतियां

UFO की सबसे रहस्यमयी बात उनकी गतिशीलता है। चश्मदीदों और रडार डेटा के अनुसार, ये वस्तुएं अचानक स्थिर अवस्था से हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं। वे बिना किसी पंख (wings) या स्पष्ट प्रोपल्शन इंजन के उड़ती हैं और 'सोनिक बूम' पैदा किए बिना ध्वनि की गति को पार कर जाती हैं। भौतिक विज्ञान के नियमों के अनुसार, इतनी तीव्र गति से दिशा बदलने पर किसी भी मानव शरीर या पारंपरिक विमान के परखच्चे उड़ सकते हैं। यह संकेत देता है कि यदि ये यान वास्तविक हैं, तो इनके पास 'गुरुत्वाकर्षण-विरोधी' (Anti-gravity) तकनीक है, जो वर्तमान मानव विज्ञान की समझ से बहुत आगे है।

## रहस्य या रणनीति

दशकों तक UFO को केवल लोगों का भ्रम या कल्पना माना गया, लेकिन 2017 के बाद परिदृश्य बदल गया। अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने आधिकारिक तौर पर तीन वीडियो जारी किए, जिन्हें नौसेना के पायलटों ने रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में 'टिक-टैक' (Tic-Tac) आकार की वस्तुएं भौतिकी के नियमों को धता बताते हुए समुद्र के ऊपर उड़ती दिखीं।

सरकारें अब इसे 'एलियंस' के बजाय 'राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे' के रूप में देख रही हैं। चिंता इस बात की है कि क्या चीन या रूस जैसे प्रतिस्पर्धी देशों ने ऐसी कोई 'हाइपरसोनिक' तकनीक विकसित कर ली है, जो अमेरिकी रडार को चकमा दे सके। इसी कारण से अमेरिका ने 'AARO' नामक विभाग बनाया है, जो इन घटनाओं की वैज्ञानिक जांच करता है।

## मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव

उड़न तश्तरियों के रहस्य का एक पहलू सामूहिक मनोविज्ञान भी है। शीत युद्ध के दौरान, आसमान में उड़ने वाली अज्ञात वस्तुओं का डर अक्सर जासूसी विमानों का होता था। वहीं, हॉलीवुड फिल्मों (जैसे E.T., Independence Day) ने हमारे मन में एलियंस की एक खास छवि गढ़ दी है। कई बार लोग तारों, ग्रहों (विशेषकर शुक्र), उपग्रहों (जैसे एलन मस्क की स्टारलिंक सेटेलाइट) या पक्षियों के झुंड को गलती से UFO समझ लेते हैं।

उड़न तश्तरियों का रहस्य आज भी अनसुलझा है, हालांकि अब तक कोई ऐसा ठोस प्रमाण सार्वजनिक नहीं हुआ है, जो यह साबित कर सके कि ये यान किसी दूसरे ग्रह से आए हैं, लेकिन हजारों की संख्या में विश्वसनीय गवाह (पायलट, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी) इस बात की पुष्टि करते हैं कि आसमान में कुछ ऐसा है, जो हमारी समझ से परे है। ब्रह्मांड की विशालता को देखते हुए, जहां अरबों आकाशगंगाएं और अनगिनत पृथ्वी जैसे ग्रह हैं, यह मानना तर्कसंगत लगता है कि हम अकेले नहीं हैं। शायद उड़नतश्तरियां केवल यान नहीं, बल्कि ब्रह्मांड के उस सत्य का द्वार हैं, जिससे हमारा सामना होना अभी बाकी है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,248.61 | 25,496.55 |
| गिरा/बढ़त | 27.46 | 14.05 |
| प्रतिशत में | 0.03 | 0.06 |

सोना 1.62 लाख प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,70,500 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजीनेस ब्रीफ

### फूड ऐप 'टोइंग' का एनसीआर में प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किफायती फूड डिलिवरी ऐप टोइंग ने दिल्ली-एनसीआर में विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अब टोइंग दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होगा। यह पुणे, आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नासिक और नागपुर में पहले से उपलब्ध है। कंपनी अपने ऐप पर खाद्य पदार्थों की सबसे कम कीमतों का दावा करती है। इसके अलावा, किसी भी ऑर्डर पर कोई पैकेजिंग शुल्क या प्लेटफॉर्म शुल्क नहीं लेती है।

### इनविट निवेशकों को तिमाही में मिला 5,565 करोड़ का 'रिटर्न'

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में करीब चार लाख यूनिटधारकों को कुल 5,565 करोड़ रुपये का 'रिटर्न' वितरित किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यूनिटधारकों को 4,287 करोड़ रुपये का रिटर्न या प्रतिफल मिला था। भारत इनविट संघ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन. एस. वेंकटेश ने कहा, इनविट परिवेश तंत्र विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें घरेलू एवं वैश्विक निवेशकों की भागीदारी बढ़ रही है।

### बंधन बैंक में बड़ी हिस्सेदारी खरीदेगा एसबीआई

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एसबीआई म्यूचुअल फंड के बंधन बैंक में 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बंधन बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने 25 फरवरी, 2026 के पत्र के माध्यम से एसबीआई म्यूचुअल फंड को बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों में अधिकतम 9.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी अधिग्रहीत करने की अनुमति प्रदान की है।

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवेदक पत्र की तारीख से एक वर्ष के भीतर प्रस्तावित प्रमुख हिस्सेदारी हासिल नहीं करता है, तो मंजूरी स्वतः निरस्त मानी जाएगी। साथ ही एसबीआई म्यूचुअल फंड की कुल हिस्सेदारी किसी भी समय बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकारों के 9.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### डब्ल्यूटीओ में भारत की व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीबीआईसी के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वाराणसी स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। यहां वैज्ञानिकों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। उन्नत तकनीकों को शीघ्रता से खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। फोटो • एजेंसी

# ट्रेन के सफर में स्विगी के भोजन का स्वाद

**मुंबई, एजेंसी।**

- स्विगी, आईआरसीटीसी की 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा अब 152 स्टेशन पर उपलब्ध

ऑनलाइन ऑर्डर पर खाद्य एवं पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाली क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर अपनी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का विस्तार देशभर के 152 स्टेशन तक कर लिया है। कंपनी ने यह उपलब्धि एक साल में हासिल की है। यह सेवा एक वर्ष पहले 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी। स्विगी ने बृहस्पतिवार बताया कि यह विस्तार देशभर में विविध व्यंजनों की बढ़ती मांग से प्रेरित है। बयान के अनुसार, कंपनी की योजना भारत के प्रमुख जंक्शन के साथ-साथ क्षेत्रीय स्टेशन जैसे इटारसी (मध्य प्रदेश), तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) और खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) पर अधिक ध्यान देकर विविधता लाने पर भी है। स्विगी ने बताया कि उसकी ''फूड ऑन ट्रेन'' सेवा का नेटवर्क विस्तार 117 प्रतिशत बढ़ा है। यह सेवा फरवरी, 2025 में 70 स्टेशन पर उपलब्ध थी जिसका फरवरी, 2026 तक 152 स्टेशन पर विस्तार किया गया।




### होली के लिए विशेष तैयारी

कंपनी ने 28 फरवरी से आठ मार्च तक यात्रियों के लिए होली से जुड़े विशेष भोजन उपलब्ध करने की भी घोषणा की। साथ ही 'ट्रेन के अनुकूल' व्यंजनों के मेन्यू का विस्तार किया गया है जिसे तेज गति एवं सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्विगी में खाद्य रणनीति, ग्राहक अनुभव एवं नई पहल के उपाध्यक्ष दीपक मालू ने कहा, 'यह देशव्यापी विस्तार होली के त्योहार के मद्देनजर एकदम सही समय पर हुआ है। हम प्रमुख जंक्शन से लेकर इटारसी, तिरुनेलवेली और खड़गपुर जैसे क्षेत्रीय स्टेशन तक 'ट्रांजिट हब' (पारगमन केंद्र) पर जोर देकर विविधता पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'

# सोशल मीडिया पोस्ट के साथ नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर का उल्लेख जरूरी

## सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट सम्बंधी सामग्री डालने पर सेबी के निर्देश, एक मई से होंगे लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को अपने नियमन दायरे में आने वाली सभी इकाइयों और उनके एजेंट को निर्देश दिया कि वे सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकृत नाम और पंजीकरण संख्या का उल्लेख करें।

सेबी का यह निर्देश शेयर ब्रोकर, म्यूचुअल फंड कंपनियों, संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमएसी), निवेश सलाहकार, शोध विश्लेषक, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), पोर्टफोलियो प्रबंधकों और अन्य पर लागू होगा। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा, ''''सोशल मीडिया के इस्तेमाल और स्वीकार्यता में तेजी से बढ़ोतरी होने के साथ इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि नियमन के दायरे में आने वाली इकाइयों को सोशल मीडिया पर प्रतिभूति बाजार से संबंधित सामग्री डालते समय अपना पंजीकरण संख्या और नाम बताया जाना चाहिए।" ये नियम एक मई 2026 से लागू हो जाएगा।



- होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा
- प्रत्येक पोस्ट में पंजीकरण ब्योरा देना होगा अनिवार्य

बाजार नियामक ने कहा कि इससे निवेशक यह पहचान सकेगा कि सोशल मीडिया पर डाली गई सामग्री सेबी के नियमन वाली इकाई या उसके एजेंट की तरफ से डाली गई है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि कई पंजीकरण रखने वाली इकाइयों को अपने होमपेज पर सभी पंजीकरणों की सूची वाला एक वेब लिंक देना होगा और हर सामग्री में जरूरी पंजीकरण ब्योरा देना होगा।

इसके अलावा, एजेंट को अपने पंजीकरण ब्योरे के साथ प्रमुख इकाई के पंजीकरण ब्योरे की भी जानकारी देनी होगी। इन नए नियमों का मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और निवेशकों का संरक्षण करना है। ये नियम एक मई, 2026 से प्रभावी होंगे।

### सोशल मीडिया पर प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को लेकर डाली जा रही है गलत जानकारी : पासवान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोशल मीडिया पर असर रखने वाले लोग गलत बात'' फैला रहे हैं कि प्रसंस्कृत खाद्य नुकसानदायक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया ''इन्फ्लूएंसर'' द्वारा फैलाई जा रही इस तरह की गलत धारणा का मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई और साथ ही चेताया कि इससे क्षेत्र के विकास में बाधा आ सकती है। राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान-कुंडली (निफ्टेम-के) द्वारा आयोजित तीन दिन के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''अनवेष-2026'' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पासवान ने कहा कि यह सोच कि प्रसंस्कृत खाद्य का मतलब अच्छा नहीं हैको ऑनलाइन पर सक्रियता से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम न केवल अपने देश में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, इससे इस क्षेत्र पर असर पड़ रहा है और यह और बढ़ेगा। हमें इस बात का मुकाबला करने की ज़रूरत है।मंत्री ने कहा कि एकल परिवार और कामकाजी जोड़ों के बढ़ने के साथ तैयार और खाने को तैयार उत्पाद आधुनिक जीवनशैली का ज़रूरी हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा, पहले, हम घर पर चटनी और सॉस बनाते थे, लेकिन हमें ये चीजें तुरंत तैयार चाहिए। अगर कोई गलत कहानी बनाई जाती है, तो हम इस क्षेत्र के लिए वैसा विकास नहीं देख सकते जैसा हम सोचते हैं। पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर एक समिति बनाई है, जिसकी दूसरी बैठक में हाल ही में ऐसे संदेशों का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा हुई। उन्होंने उद्योग जगत के अगुवा लोगों से इस मुद्दे की ज़िम्मेदारी लेने की अपील की।

# सोने की चमक कायम रहने की उम्मीद : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**



वैश्विक स्तर पर डॉलर के प्रभाव में कमी, राजकोषीय दबाव और बढ़ते वैश्विक तनावों के कारण दुनिया में वित्तीय व्यवस्था में हो रहे बदलावों को देखते हुए सोने का दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है और इसमें तेजी बने रहने की उम्मीद है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. (एमओएफएसएल) ने सोने पर अपनी तिमाही रिपोर्ट में कहा कि 2026 की शुरुआत में सोने की कीमत 5,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई। यह आधुनिक इतिहास में सबसे मजबूत दीर्घकालिक तेजी के दौर में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, सोना 'संरचनात्मक रूप से पुनर्मूल्यांकन चरण'' में प्रवेश कर चुका है। यह चक्रीय तेजी के बजाय एक नए ''सुपरसाइकल'' की शुरुआत का संकेत है। एमओएफएसएल को उम्मीद है कि अगले 12 महीनों में कॉमेक्स सोने की कीमत 6,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस (घरेलू बाजार में 1.85 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम) के आसपास स्थिर होगी। यदि वैश्विक स्तर पर तनाव और राजकोषीय उपाय तेज होते हैं तो मध्यम अवधि में यह 7,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक भी पहुंच सकती है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के जिंस शोध मामलों के प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, 'सोने के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सीमित खदान उत्पादन, प्रमुख बाजारों में घटते भंडार और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण वैश्विक भौतिक आपूर्ति में कमी ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को उच्चस्तर पर बनाये रखा है। घरेलू बाजार में, रुपये के मूल्य में गिरावट और खुदरा खरीदारों की मजबूत लिवाली से मांग में वृद्धि हुई है।

# कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में कार्बन ट्रेडिंग मंच सितंबर तक चालू होने की संभावना है। यह कदम नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को गति प्रदान करेगा। श्री प्रसाद यहां 'इंडिया एनर्जी' शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट (एक गीगावाट अर्थात 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसको देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। देश में बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) पर हस्ताक्षर की धीमी गति को देखते हुए यह नवीकरणीय ऊर्जा को अधिक व्यवहारिक बनाने में भी सहायक हो सकता है। प्रसाद ने कहा, ''''कार्बन ट्रेडिंग मंच सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और सितंबर तक इसके शुरू होने की पूरी संभावना है। इसके शुरू होने से नवीकरणीय ऊर्जा को गति मिलेगी। विशेष रूप से वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने वाला होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पीपीए पर हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे हैं। इसका मतलब है कि हमें इसे करने के लिए किसी अन्य संरचना की आवश्यकता है।




# डीजीसीए करेगा 38 सलाहकारों की भर्ती, अंतिम तिथि 23 मार्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान योग्यता, हवाई सुरक्षा और अन्य निदेशालयों के लिए 38 सलाहकारों की भर्ती करने जा रहा है। नागर विमानन नियामक कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, उड़ान योग्यता निदेशालय में 24 और हवाई सुरक्षा निदेशालय में छह सलाहकारों के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं विधिक मामलों के निदेशालय (डीआईआरएलए) में पांच वरिष्ठ सलाहकार और दो सलाहकार नियुक्त किए जाएंगे। एक अन्य सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, उड़ान प्रशिक्षण निदेशालय में भी एक सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी।

# ट्रैफिक रूल तोड़े तो कटेंगे नम्बर निलम्बित होगा लाइसेंस

**नई, दिल्ली, एजेंसी**

- जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने को 'ग्रेड' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली की तैयारी

सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जिम्मेदारी से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए ''ग्रेड'' आधारित ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। इसके तहत यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंक काटे जाएंगे और गंभीर या बार-बार उल्लंघन की स्थिति में लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में हर वर्ष करीब 1.8 लाख लोगों की मौत मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने, तेज रफ्तार, गलत दिशा में जाने या नशे में गाड़ी चलाने जैसे कारणों से होती है।

राष्ट्रीय राजधानी में उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ



(सीआईआई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार सड़क सुरक्षा के लिए कई कदम उठा रही है। गडकरी ने बताया कि सरकार पहले ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना बढ़ा चुकी है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा, हम ड्राइविंग लाइसेंस में ''ग्रेडेड अंक प्रणाली' ला रहे हैं।' मंत्री ने समझाते हुए कहा कि यातायात उल्लंघन पर कुछ अंक काटे जाएंगे। यदि सभी अंक समाप्त हो जाते हैं तो दोषी का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित किया जा सकता है या अपराध दोहराने पर रद्द भी किया जा सकता है। यह योजना जल्द ही शुरू की जाएगी। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में से 72 प्रतिशत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग हैं। 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 लोगों की दुर्घटनाओं में जान गई। हेलमेट का उपयोग न करने से 54,122, सीट बेल्ट का इस्तेमाल न करने से 14,466 जबकि तेज रफ्तार के कारण 1.2 लाख लोगों की जान गई।

# चार मार्च को खुलेगा सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावरट्रेन कंट्रोल और मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी सेडेमैक मेकाट्रॉनिक्स लिमिटेड का 1,087 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) चार मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 1,287-1,352 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,000 करोड़ रुपये आंका गया है।

यह निर्गम चार मार्च को खुलेगा और छह मार्च को बंद होगा। बड़े निवेशक दो मार्च को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ में कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। यह पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक मनीष शर्मा और अश्विनी अमित दीक्षित सहित अन्य निवेशक कुल 80,43,300 शेयर बेचेंगे।

## जानकारी

### नो कॉस्ट ईएमआई के छिपे हुए खतरे और नुकसान

# 'नो कॉस्ट ईएमआई' क्या एक स्कैम है! जानिए बारीकियां

**कारोबार डेस्क**

तकनीकी रूप से यह कोई कानूनी "स्कैम" या धोखाधड़ी नहीं है, लेकिन यह मार्केटिंग का एक ऐसा खेल है जिसमें असली कीमत बारीक अक्षरों (फाइन प्रिंट) में छिपी होती है। यहाँ बताया गया है कि यह "नो कॉस्ट" का जादू असल में कैसे काम करता है:

**"नो कॉस्ट" असल में आपको कैसे महंगा पड़ता है :** बैंक और कंपनियां कभी भी मुफ्त में पैसा उधार नहीं देतीं। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक ब्याज लेंगे ही, लेकिन उसे छिपाने के दो मुख्य तरीके अपनाए जाते हैं:

**छिपे हुए खतरे और नुकसान :** ब्याज पर जीएसटी: भले ही मर्चेंट ने आपको ब्याज पर छूट दे दी हो, लेकिन बैंक जो ब्याज लगाता है, उस पर आपको 18% जीएसटी अलग से देना पड़ता है। यह आपकी जेब से एक्स्ट्रा जाता है।

**क्रेडिट स्कोर पर असर:** हर ईएमआई एक तरह का लोन है। एक साथ कई ईएमआई चलाने से आपके क्रेडिट स्कोर पर असर पड़ सकता है।

**फिजूलखर्ची:** 50,000 की चीज़ जब 4,000 महीने पर दिखने लगती है, तो हम वो चीज़ें भी खरीद लेते हैं जिनकी हमें ज़रूरत नहीं होती। इसे ही "डेब्ट ट्रैप" कहते हैं।




### क्या नो कॉस्ट ईएमआई आपके लिए फायदेमंद है?

- यह आपके लिए सही हो सकता है यदि : जो समान आप नो कॉस्ट ईएमआई पर खरीद रहे हैं वो आप वैसे भी खरीदने ही वाले थे।
- नकद भुगतान करने पर कोई अलग से एक्स्ट्रा डिस्काउंट नहीं मिल रहा हो।
- आप हर महीने समय पर किस्त चुकाने का अनुशासन रखते हों।
- प्रो टिप : पेमेंट करने से पहले "टोटल इफेक्टिव प्राइस" ज़रूर देखें। अगर किस्तों का कुल योग और प्रोसेसिंग फीस मिलाकर एमआरपी से ज़्यादा है, तो वह "नो कॉस्ट" नहीं है।

- डिस्काउंट का खेल (डिस्काउंट ऑफसेट)

यह सबसे आम तरीका है। बैंक आपसे ब्याज लेता है, लेकिन रिटेलर उस ब्याज के बराबर की छूट आपको शुरू में ही दे देता है।

**उदाहरण :** मान लीजिए आप 30,000 का फोन खरीदते हैं और उस पर ब्याज 3,000 है।

**चाल :** दुकानदार फोन की कीमत 27,000 कर देगा। बैंक आपसे 27,000 लेगा और उस पर 3,000 ब्याज जोड़ेगा। आप अंत में 30,000 ही चुकाएंगे, लेकिन बैंक को उसका मुनाफा मिल गया।

- प्रोसेसिंग फीस का ''झटका''

भले ही ब्याज "माफ" दिख रहा हो, लेकिन लगभग हर नो कॉस्ट ईएमआई पर एक प्रोसेसिंग फीस लगती है। यह 199 से लेकर 1,000 तक हो सकती है। यह पैसा बैंक की सीधी कमाई है और यह कभी "फ्री" नहीं होता।

- नकद छूट (कैश डिस्काउंट) का नुकसान

अक्सर, अगर आप नकद या डेबिट कार्ड से पूरा भुगतान करते, तो आपको 5-10% की सीधी छूट मिल सकती थी। नो कॉस्ट ईएमआई चुनकर आप उस छूट को खो देते हैं, जिसका मतलब है कि वह सुविधा आपको महंगी पड़ी।

# सैमसंग के सस्ते स्मार्टफोन भी होंगे एआई से लैस

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** दिग्गज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कहा है कि वह कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी को अब अपने सस्ते स्मार्टफोन में मुहैया कराने जा रही है, ताकि आम उपभोक्ताओं को भी एआई सुविधाओं के लाभ मिल सकें।


कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने तीसरी पीढ़ी की गैलेक्सी एआई सीरीज़ का प्रीमियम स्मार्टफोन ''एस26'' पेश करने के मौके पर बुधवार को यह जानकारी दी। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुल्लन ने कहा कि कंपनी एआई फीचर को अब अपने सबसे सस्ते मॉडल तक ले जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 15,000 रुपये की शुरुआती कीमत में गैलेक्सी ए07 5जी मॉडल बाजार में उतारा है, जिसमें एआई से जुड़े फीचर दिए गए हैं।

# दूरसंचार कंपनियों का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की युक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले



रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1.23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गयी। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39.5 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13 फीसदी रह गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा।

# सोना तस्करी मामला: रान्या राव के खिलाफ ईडी ने दखिल की चार्जशीट

बेंगलुरु, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव, उनके सहयोगी तरुण कोंडुरु और बल्लारी के स्वर्ण व्यापारी साहिल साकरिया जैन के खिलाफ बेंगलुरु की विशेष अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया है।

जांच में सामने आया है कि मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच करीब 127.28 किलोग्राम विदेशी सोना अवैध रूप से भारत लाया गया। जौहरियों और बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए इसे घरेलू बाजार में खपाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 102.55 करोड़ है। शुरुआत 3 मार्च 2025 को हुई, जब राजस्व खुफिया निदेशालय ने दुबई से लौटीं रान्या राव को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के पास से 14.213 किलो सोने की छड़ें बरामद हुईं, बाद में उनके घर से 2.06 करोड़ के जेवर और 2.67 करोड़ की नकदी जब्त की गई।

### भारी कमीशन और बार-बार यात्राएं

ईडी की जांच के अनुसार, रान्या राव ने तस्करी के लिए कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कीं। रिपोर्टों के मुताबिक, वह प्रति किलोग्राम सोने की तस्करी पर 4 से 5 लाख रुपये तक का कमीशन लेती थीं। इस मामले में CBI ने DRI की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसके आधार पर ED ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। मई 2025 में ED ने कर्नाटक के 16 स्थानों पर छापेमारी कर कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और विदेशी मुद्रा भी बरामद की थी, जिन्हें अब सबूत के तौर पर चार्जशीट का हिस्सा बनाया गया है।

# ब्रिटेन: 40 साल पुराने हिंदू मंदिर पर बंद होने का खतरा, काउंसिल के बिक्री के फैसले से आक्रोश

लंदन/पीटरबरो, एजेंसी।

- 1986 से संचालित है मंदिर, फैसले के बाद प्रमुख हिंदू संस्थाओं ने जताया रोष




पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में स्थित 40 साल पुराने 'भारत हिंदू समाज मंदिर' और कम्युनिटी सेंटर पर बंद होने का काला साया मंडरा रहा है। स्थानीय पीटरबरो सिटी काउंसिल ने उस ऐतिहासिक भवन को बेचने का निर्णय लिया है, जिसमें यह मंदिर 1986 से संचालित है।

इस फैसले ने न केवल स्थानीय हिंदू समुदाय बल्कि ब्रिटेन की प्रमुख हिंदू संस्थाओं में भी भारी रोष पैदा कर दिया है। न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स स्थित इस मंदिर से कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक और लिंकनशायर के लगभग 13,000 से अधिक हिंदू जुड़े हुए हैं। मंदिर प्रशासन का आरोप है कि काउंसिल ने यह फैसला बिना किसी पारदर्शिता या समुदाय की सहमति के "बंद दरवाजों के पीछे" लिया है। समुदाय का कहना है कि यह केवल एक संपत्ति का मामला नहीं, बल्कि उनकी आस्था और दशकों पुरानी विरासत से जुड़ा सवाल है।

### 'टैक्सपेयर्स के पैसे' का हवाला

लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली पीटरबरो सिटी काउंसिल ने अपने रुख को स्पष्ट करते हुए कहा है कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं (Taxpayers) के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य सुनिश्चित करना उनकी कानूनी जिम्मेदारी है। काउंसिल कैबिनेट की बैठक में तर्क दिया गया कि वित्तीय घाटे को कम करने के लिए सार्वजनिक संपत्तियों का उचित मूल्य पर बेचना आवश्यक है।

### हिंदू संगठनों ने खोला मोर्चा

वहीं, हिंदू काउंसिल यूके ने काउंसिल के इस कदम की कड़ी निंदा की है। संस्था ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मंदिर के "सामाजिक प्रभाव" और इसके स्वामित्व को समुदाय को हस्तांतरित करने की पूर्व प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। मंदिर समिति अब इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई और सार्वजनिक अभियान चलाने की तैयारी कर रही है ताकि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेघर होने से बचाया जा सके।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अम्मान समझौते' के तहत 86 परिवारों को मिली आजादी

**दमिश्क।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में महीनों से जारी अशांति को शांत करने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। सीरियाई सरकार और सशस्त्र समूहों के बीच हुए 'अम्मान समझौते' के तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हो गई। इस मानवीय पहल के जरिए कुल 86 सीरियाई परिवारों को राहत मिली है। समझौते के तहत सशस्त्र समूहों ने अपहरण किए गए 25 नागरिकों को रिहा किया, जिसके जवाब में सीरियाई अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए 61 बंदियों को छोड़ दिया। सीरियाई आंतरिक प्राधिकरण के प्रवक्ता नूरुद्दीन अल-बाबा ने इसे तनाव कम करने और शांतिपूर्ण मार्ग बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि, अधिकारियों का मानना है कि क्षेत्र में स्थिरता के लिए अभी भी कई चुनौतियां बरकरार हैं।

### आदिवासी महिला पर हमले के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक गर्भवती आदिवासी महिला पर हमले के विरोध में गुरुवार को जमकर बवाल हुआ। जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय 'उत्तरकन्या' के घेराव की कोशिश की, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज, आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। 23 दिसंबर को फांसीदेवा में जमीन विवाद के दौरान एक गर्भवती महिला पर हमला हुआ था, जिसमें उसके अजन्मे शिशु की मौत हो गई थी। प्रदर्शनकारी मुख्य आरोपी के लिए मृत्युदंड और फरार चार अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### अल कादिर ट्रस्ट मामले में इमरान की याचिका पर सुनवाई करेगा

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट अल-क़ादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सज़ा के निलंबन की मांग को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान और बुशरा बीबी की याचिका की सुनवाई 11 मार्च को करेगा। एक जवाबदेही अदालत ने 17 जनवरी 2025 को खान और बीबी को 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में क्रमश: 14 और सात साल की सज़ा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि दोनों ने इमरान के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन से पाकिस्तान भेजे गये 50 अरब रुपए वैध बनाने के बदले अरबों रुपए और बहरिया टाउन में सैकड़ों कनाल ज़मीन रिश्वत के तौर पर ली थी। दोनों ने इसी सिलसिले में इस्लामाबाद हाई कोर्ट का रुख़ किया।

# ट्रंप टैरिफ नहीं लगाते तो बेहतर होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था :आईएमएफ

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत, लेकिन शुल्क और बढ़ते कर्ज से जोखिम बरकरार : रिपोर्ट

वॉशिंगटन, एजेंसी




अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इस वर्ष तेजी से बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी में कमी आ सकती है। हालांकि, संघीय बजट घाटा और बढ़ता सरकारी कर्ज स्थिरता के लिए जोखिम बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह बात कही। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ यानी आयात शुल्क नहीं होते, तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और बेहतर हो सकती थी।

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का समग्र आकलन पेश किया है। 191 देशों के संगठन का विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बारे में आकलन मोटे तौर पर सकारात्मक है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) यानी वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल उत्पादन 2026 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है। यह वृद्धि 2025 में दर्ज 2.2 प्रतिशत की दर से अधिक होगी।

आईएमएफ का अनुमान है कि अमेरिका में बेरोजगारी दर 2025 के अंत में 4.5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 4.1 प्रतिशत रह जाएगी। वहीं, महंगाई दर 2027 तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत के लक्ष्य तक आ सकती है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि फेडरल रिजर्व रेपो दर को मौजूदा 3.6 प्रतिशत से दर को घटाकर लगभग 3.4 प्रतिशत तक ला सकता है। इसने 2025 में नीतिगत ब्याज दर में तीन बार कटौती की थी। उन्होंने हालांकि आगाह किया कि अमेरिकी रोजगार बाजार में '''' अत्यधिक गिरावट'''' आने की स्थिति को छोड़कर, सरकार को और अधिक कटौती करने से बचना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका को मजबूत उत्पादकता वृद्धि का लाभ मिला है।

आईएमएफ ने चेताया कि संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपेक्षा से अधिक आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। आईएमएफ ने संघीय सरकार के बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सार्वजनिक कर्ज जीडीपी के अनुपात में पिछले वर्ष के लगभग 100 प्रतिशत से बढ़कर 2031 तक करीब 110 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

### ट्रंप के टैरिफ पर और भी हैं तीखीं प्रतिक्रियाएं

**यूरोपीय संघ (EU): 'डील इज ए डील'**

समझौते पर संकट : यूरोपीय संघ ने कहा है कि एक बार हुआ समझौता बदला नहीं जाना चाहिए। ईयू ने अगस्त 2025 में हुए उस व्यापार समझौते के भविष्य पर सवाल उठाए हैं, जिसमें शुल्क को 15% की सीमा तक सीमित रखने की बात थी। यूरोपीय संसद ने इस नई अनिश्चितता के विरोध में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के अनुसमर्थन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

**चीन: 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं'**

चीन ने ट्रंप के शुल्कों को आर्थिक दादागीरी" करार दिया है। इससे पहले 2025 में जब अमेरिका ने भारी शुल्क लगाए थे, तो चीन ने भी अमेरिकी कोयले, एलएनजी (LNG) और कच्चे तेल पर 10% से 15% का जवाबी शुल्क लगाकर पलटवार किया था। चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया है, जो अमेरिकी चिप और हथियार उद्योग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# 109 साल बाद ब्रिटिश सरकार से युद्ध ऋण पर करोड़ों का दावा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शहर के प्रसिद्ध दिवंगत व्यवसायी सेठ जुम्मा लाल रूठिया के पोते विवेक रूठिया ने दावा किया है कि प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने उनके दादा से 35,000 रुपये का 'युद्ध ऋण' लिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया। अब परिवार इस राशि की वसूली के लिए ब्रिटेन सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है।

65 वर्षीय विवेक रूठिया के अनुसार, साल 1917 में प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के समय ब्रिटिश प्रशासन ने युद्ध प्रयासों के लिए स्थानीय धनाढ्य नागरिकों से आर्थिक सहायता मांगी थी। उन्हें अपने दादा की वसीयत में कुछ ऐतिहासिक दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ब्रिटिश सरकार के साथ हुए इस लेनदेन का स्पष्ट उल्लेख है। विवेक रूठिया ने 4 जून, 1917 को भोपाल में ब्रिटिश 'पॉलिटिकल एजेंट' द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र पेश किया है। इसमें लिखा है— "सेठ जुम्मा लाल ने भारतीय युद्ध ऋण के लिए 35,000 रुपये दिए और इस तरह सरकार एवं साम्राज्य के प्रति अपनी वफादारी दिखाई।

# पश्चिम बंगाल चुनाव जीतेगी भाजपा, हर घुसपैठिये को बाहर निकालेंगे : शाह

अररिया (बिहार), एजेंसी

- संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का होगा गठन



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भाजपा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतेगी और राज्य से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय बदलाव से सर्वाधिक प्रभावित राज्यों में पश्चिम बंगाल शामिल है। शाह ने यह बात बिहार के अररिया जिले में कही, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और दो नए सीमा चौकियों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि देश से हर एक घुसपैठिये को बाहर निकालना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कहा कि ये लोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि गरीबों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उनके प्रभाव को भी कम करते हैं। शाह ने कहा कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ से सीमावर्ती इलाकों में अतिक्रमण भी बढ़ता है और इसे हटाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ जनसांख्यिकीय बदलाव का खतरा भी पैदा करती है, जो किसी क्षेत्र की संस्कृति और यहां तक कि उसकी भौगोलिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकती है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन करने और सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर स्थिति सुधारने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जनसांख्यिकीय बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित राज्य हैं।

शाह ने कहा कि घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत बिहार के सीमांचल क्षेत्र से होगी, जहां वे कुछ महीने पहले विधानसभा चुनाव के दौरान चार दिन तक रुके थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आलोचना के बावजूद भाजपा ने बिहार चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। शाह ने कहा कि घुसपैठ रोकने में एसएसबी की अहम भूमिका है।

# इतिहास सही पढ़ाते तो औरंगजेब नायक नहीं बनता: फडणवीस

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर पिछले 70 साल के दौरान स्कूलों में इतिहास को सही ढंग से पढ़ाया जाता, तो कोई भी मुसलमान मुगल बादशाह औरंगजेब को नायक नहीं मानता। उन्होंने मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज और मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के बीच तुलना करने के प्रयासों की भी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। फडणवीस ने कहा कि एनसीईआरटी की पुस्तकों में पहले मुगलों पर 17 पृष्ठ और शिवाजी महाराज पर केवल एक पृष्ठ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अब शिवाजी महाराज और मराठा इतिहास के लिए 20 पृष्ठ सुनिश्चित किये हैं। औरंगजेब को नायक मानने वालों का हमेशा विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह टीपू सुल्तान के अच्छे या बुरे होने की बहस में नहीं पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हम टीपू सुल्तान और छत्रपति शिवाजी महाराज की किसी भी तरह की तुलना का विरोध करेंगे। टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, लेकिन उन्होंने ऐसा अपने राज्य को बचाने के लिए किया। लेकिन उन्होंने 75,000 हिंदुओं और 33,000 नायर को भी मार डाला।

# परमाणु वार्ता: युद्ध की आहट के बीच जिनेवा में कूटनीति का अंतिम अवसर

जिनेवा, एजेंसी

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और तेहरान के बीच गुरुवार को जिनेवा में तीसरे दौर की उच्चस्तरीय वार्ता हुई। इसे कूटनीति का आखिरी मौका माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफ टेबल पर बातचीत चल रही है, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका ने दबाव बनाने के लिए पश्चिम एशिया में युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों का भारी बेड़ा तैनात कर दिया है।

पिछले साल जून के बाद से दोनों देशों के बीच यह तीसरे दौर की सीधी बातचीत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस वार्ता के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त सीमाएं थोपना चाहते हैं। वाशिंगटन का मानना है कि ईरान के भीतर बढ़ता नागरिक असंतोष और हालिया विरोध प्रदर्शन तेहरान को समझौते की मेज पर झुकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सूत्रों के अनुसार, सैन्य तैनाती का उद्देश्य केवल सुरक्षा सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि ईरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना भी है।

### 'विनाशकारी होगा युद्ध' : ईरान



दूसरी ओर, ईरान अपने रुख पर अडिग है। तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह यूरेनियम संवर्धन (Uranium Enrichment) के अपने अधिकार को नहीं छोड़ेगा। जिनेवा रवाना होने से पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका हमला करता है, तो पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य अड्डे उनके निशाने पर होंगे। कहा कि यह युद्ध किसी की जीत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए 'विनाशकारी' होगा। अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा कि चूंकि अमेरिकी सैन्य ठिकाने पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले हुए हैं, फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें जिनेवा वार्ता के नतीजों पर टिकी हैं, क्योंकि यहां से निकलने वाला निष्कर्ष तय करेगा कि क्षेत्र शांति की ओर बढ़ेगा या एक बड़े सैन्य संघर्ष की ओर।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपको अपने कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे।

**तुला** – आज अनावश्यक यात्रा न करें। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होना पड़ सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृष** – आज सत्पुरुषों से संपर्क बढ़ेगा। विनम्र व्यवहार के कारण व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – आज वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मिथुन** – आज आपका काम में मन नहीं लगेगा। अनावश्यक विचारों से स्वयं को बचाएं। शांत और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**धनु** – आज व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क** – आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापार में बड़ी साझेदारी होगी। शरीर में थकावट व ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे।

**मकर** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। अधिकारीगण आपकी विचारों को तवज्जो देंगे।

**सिंह** – आज व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। कोई नया काम शुरू न करें।

**कन्या** – आज अनुभवी लोगों की राय से लाभ होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**मीन** – आज कारोबार में नव प्रयोग करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 22.32 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- आर्द्रा 22.48 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

### सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

### सुडोकू -74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

## रेलवे में डिजिटल क्रांति

ई-आरसीटी' प्रणाली रेलवे दावा न्यायाधिकरण को पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित और पारदर्शी बनाएगी

# ऑनलाइन कर सकेंगे रेल हादसों व सामान चोरी के दावों का निपटारा

नई दिल्ली | एजेंसी



रेल यात्रियों के लिए अब ट्रेन हादसों, अनहोनी घटनाओं या सामान के नुकसान और चोरी के मामलों में क्षतिपूर्ति का दावा करना बेहद आसान होने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी योजना '52 हफ्तों में 52 सुधार' के तहत तीसरे और चौथे बड़े सुधार के रूप में 'ई-आरसीटी' (e-RCT) और 'रेलटेक नीति' की घोषणा की।

इस नई डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कोई भी पीड़ित यात्री देश के किसी भी कोने से रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आरसीटी) के समक्ष ऑनलाइन अपना दावा पेश कर सकेगा। अब तक यात्रियों को दावा फाइल करने के लिए सही क्षेत्राधिकार चुनने और भौतिक रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तरों के चक्कर काटने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर उन यात्रियों के लिए जो अपने गृह राज्य से दूर यात्रा कर रहे हों, लेकिन अब ई-आरसीटी प्रणाली इन बाधाओं को पूरी तरह खत्म कर देगी।

रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों के भीतर देश भर में मौजूद रेलवे दावा न्यायाधिकरण की सभी 23 पीठों को पूरी तरह डिजिटाइज़ कर दिया जाएगा। ई-फाइलिंग से लेकर मामले की सूचना प्रणाली तक की पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णयों की गति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

वैष्णव ने कहा कि यदि यह डिजिटल मॉडल सफल रहता है, तो इसी तरह के समाधान भविष्य में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण जैसे अन्य निकायों में भी लागू किए जा सकते हैं। अब यात्रियों और उनके वकीलों को दस्तावेज जमा करने या केस को ट्रैक करने के लिए व्यक्तिगत रूप से दफ्तर जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपने स्थान की परवाह किए बिना कभी भी ऑनलाइन मामला दर्ज कर सकेंगे और उसकी प्रगति देख सकेंगे।इसके साथ ही, रेलवे में अत्याधुनिक तकनीक को व्यवस्थित तरीके से शामिल करने के लिए 'रेलटेक नीति' को भी मंजूरी दी गई है।

यह नई नीति रक्षा क्षेत्र, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के स्टार्टअप ढांचे और टेलीकॉम नवाचार नीति जैसे सफल मॉडलों का अध्ययन करने के बाद तैयार की गई है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य पुराने और जटिल ठेकेदारी सिस्टम को हटाकर एक ऐसा नवाचार-संचालित ढांचा तैयार करना है, जहां स्टार्टअप्स, शोधकर्ता और इनोवेटर्स भारतीय रेलवे के साथ आसानी से जुड़ सकें।

अब कोई भी व्यक्ति जिसके पास रेलवे के लिए कोई मजबूत तकनीकी आइडिया हो, वह एक समर्पित 'रेलटेक पोर्टल' के जरिए सीधे संपर्क कर सकेगा। यह पोर्टल पूरी तरह डिजिटल होगा और नई तकनीक के परीक्षण व उसे अपनाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बना देगा, जिससे भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर की आधुनिक तकनीक से लैस करने में मदद मिलेगी।

### वकीलों और दफ्तरों के चक्करों से मुक्ति

पुराने सिस्टम में यात्रियों और वकीलों को दस्तावेज जमा करने और केस की प्रगति देखने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायाधिकरण के दफ्तर जाना पड़ता था। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत कहीं से भी आवेदन : यात्री अपने घर या गंतव्य स्टेशन से ही इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दावा फाइल कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर आधारित होगी, जिससे न्यायिक निर्णय लेने की गति तेज होगी। केस फाइलिंग से लेकर अंतिम फैसले तक की पूरी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।



“कश्मीर की जमीं में बहुत संभावनाएं है। यहां एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। आने वाले समय में गुलमर्ग शीतकालीन खेलों का वैश्विक हब होगा। अब शीतकालीन खेल 15 दिन आयोजित करेंगे।
–मनसुख मांडविया, खेल मंत्री


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| न्यूजीलैंड-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



चैंपियंस लीग प्लेऑफ फुटबॉल मैच के दौरान गोल का प्रयास करते रियल मैड्रिड के अर्डा गुलर (बाएं) और बेनफिका के लिएंड्रो बैरेइरो बॉल।

### चैंपियंस लीग के अगले दौर में रियल मैड्रिड

**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने बुधवार को बेनफिका के खिलाफ फिर से विजयी गोल दागा जिससे रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहा। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) भी मोनाको को हराकर प्लेऑफ से आगे बढ़ गया जबकि अटलांटा ने बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ अंतिम क्षणों में गोल करके प्रतियोगिता में इटली की भागीदारी को बरकरार रखा। लेकिन युवेंटस दूसरे चरण में वापसी करने में नाकाम रहा और गैलाटासराय से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### सिमोन बाइल्स बनीं लॉरियस की एंबेसडर

**नई दिल्ली।** सात बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को लॉरियस का एंबेसडर नियुक्त किया है। इस तरह से वह लॉरियस का एंबेसडर बनने वाले कई स्टार खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गई हैं। इन खिलाड़ियों में भारतीय भाला फेंक के दिग्गज नीरज चोपड़ा और विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह भी शामिल हैं। बाइल्स के नाम पर जिम्नास्टिक के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड है।

### गुकेश और नीमन का मैच रहा ड्रॉ

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गए।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारुक का निधन

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारुक मैरिकन अली का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई।

# लय में लौटे धुरंधर, विस्फोटक पारियां खेल जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : सुपर-8 में भारत ने 256 रनों का बनाया सबसे बड़ा स्कोर

**चेन्नई, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ चार विकेट पर 256 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा और मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरा जिम्बाब्वे निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सका और 72 रनों से हार गया।

पंड्या ने 23 गेंद में चार छक्कों और दो चौकों से नाबाद 50 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (नाबाद 44, 16 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 31 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। फॉर्म में वापसी करने वाले अभिषेक ने इससे पहले 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 55 रन की पारी खेलने के अलावा संजू सैमसन (24) के साथ पहले विकेट के लिए 48 और इशान किशन (38) के साथ दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी करने भारत को ठोस मंच दिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव (33) ने भी उपयोगी पारी खेली। जिम्बाब्वे के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार ओवर में 62 रन लुटाकर एक विकेट हासिल किया। ब्रेड इवांस ने भी चार ओवर में 52 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की।

सैमसन ने नगारवा की मैच की दूसरी गेंद पर छक्के से खाता खोला और फिर ब्लेसिंग मुजरबानी (43 रन पर एक विकेट) पर भी छक्का जड़ा। अभिषेक ने टिनोटेंडा मपोसा (40 रन पर एक विकेट) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से किया जिससे तीसरे ओवर में 23 रन बने। सैमसन हालांकि मुजरबानी के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रेयान बर्ल को कैच दे बैठे। इशान ने भी नगारवा पर दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत की। अभिषेक ने ब्रेड इवांस और नगारवा पर भी छक्के जड़े। इशान 10वें ओवर में 26 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब ब्रायन बेनेट की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन बाउंड्री पर ताशिंगा मुसेकिवा उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी गेंद पर भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। अभिषेक ने रजा (29 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 26 गेंद में टूर्नामेंट का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी रजा की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर नगारवा को कैच दे बैठे।

सूर्यकुमार भी भाग्यशाली रहे जब इवांस की गेंद पर बैवर्ड स्क्वायर लेग पर मुजरबानी उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। सूर्यकुमार ने दूसरे स्पैल के लिए आए मपोसा का स्वागत लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ किया लेकिन अभिषेक इसी ओवर में लॉन्ग ऑन पर रजा को कैच दे बैठे। उन्होंने 30 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और इतने ही चौके मारे। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए हार्दिक पंड्या ने रेयान बर्ल पर छक्के के साथ शुरुआत की।

सूर्यकुमार ने नगारवा पर छक्का जड़ा लेकिन एक गेंद बाद मुसेकिवा को कैच दे बैठे। उन्होंने 13 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और तीन चौके मारे। तिलक वर्मा ने इवांस पर छक्के के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।



रन लेते भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा। एजेंसी

- फार्म में लौटे अभिषेक वर्मा ने 30 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेल मजबूत शुरुआत दिलाई
- हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा के बीच 31 गेंद में 84 रन की हुई अटूट साझेदारी

### भारत

**256/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बर्ल बो मुजरबानी | 24 |
| अभिषेक शर्मा का रजा बो मपोसा | 55 |
| इशान किशन का नगारवा को रजा | 38 |
| सूर्यकुमार का मुसेकिवा बो नगारवा | 33 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 44 |

**गेंदबाजी :** नगारवा 4-0-62-1, मुजरबानी 4-0-43-1, मपोसा 2-0-40-1, इवांस 4-0-52-0, रजा 3-0-29-1, बेनेट 2-0-16-0, बर्ल 1-0-10-0

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर

**कोलंबो, एजेंसी**

- स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा

अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा।

श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, फिल साल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, सैम करेन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, लाइक वुड

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, कोल मैककॉन्ची, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, रचिन रविंद्र, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, इश सोढ़ी।

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. ज़िम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.491 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | 3.050 |
| 3. पाकिस्तान | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -0.461 |
| 4. श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.800 |



जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम (दाएं) और रयान रिकेल्टन।

# द. अफ्रीका लगभग सेमीफाइनल में

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान एडेन मार्करम (नाबाद 82 रन) के अर्धशतक के साथ उनकी दो साझेदारियों से सुपर आठ के मैच में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी में भी कमाल किया। टीम ने अपनी बेहतरीन रणनीति की बदौलत जीत की लय जारी रखी। यह उनकी लगातार छठी जीत थी, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज के अजेय क्रम पर लगाम लगाई। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर जीत से दो अहम अंक जुटाए जिससे मेजबान भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार से भारत की उम्मीदों को झटका लगा था। इस हार से कैरेबियाई टीम के नेट रन रेट पर असर पड़ा जो 5.350 से घटकर 1.791 हो गया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने पहले दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरा जिसने निचले क्रम के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 52) और जेसन होल्डर (49) के बीच रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत वापसी करते हुए आठ विकेट पर 176 रन बनाए। फिर दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान मार्करम के अर्धशतक और क्विंटन डिकॉक (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 95 रन की भागीदारी और रेयान रिकलटन (नाबाद 45 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 82 रन की अटूट साझेदारी से 16.1 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले के छह ओवर में 69 रन बनाकर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने नियंत्रण बनाए रखा। मार्करम और डिकॉक ने तेज गेंदबाजों और स्पिनर दोनों पर आराम से रन जुटाकर शानदार साझेदारी की। डिकॉक ने 24 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। लेकिन वह लांग ऑन पर जेसन होल्डर को कैच देकर आउट हो गए।मारक्रम ने गुडाकेश मोती की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रिकलटन क्रीज पर उतरे और उन्होंने मारक्रम का अच्छा साथ निभाया। मारक्रम ने जेसन होल्डर की गेंद पर सीधा चौका लगाकर मैच स्टाइल से खत्म किया। इससे पहले पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर शानदार जीत दर्ज करने वाली वेस्टइंडीज ने सात ओवर के अंदर 60 रन में पांच विकेट गंवा दिए थे। इसमें दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा (दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया।

### वेस्टइंडीज

**176/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ब्रैंडन किंग का डिकॉक बो एनगिडी | 21 |
| शाई होप का डिकॉक बो रबाडा | 16 |
| हेटमायर का महाराज बो रबाडा | 02 |
| रोवमैन का ब्रेविस बो एनगिडी | 09 |
| रोस्टन चेस बो एनगिडी | 02 |
| रदरफोर्ड का डिकॉक बो बॉश | 12 |
| जेसन होल्डर रन आउट | 49 |
| मैथ्यू फोर्डे का रिकेल्टन बो बॉश | 11 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 52 |
| गुडाकेश मोती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** केशव महाराज 4-0-43-0, मार्को यानसेन 4-0-50-0, कागिसो रबाडा 4-0-22-2, लुंगी एनगिडी 4-0-30-3, कॉर्बिन बॉश 4-0-31-2

- वेस्टइंडीज को 16.1 ओवर में नौ विकेट से हराया
- कैरेबियाई टीम का नेट रन रेट 5.350 से घटकर हो गया 1.791
- भारत की अब क्वालीफिकेशन की उम्मीदें हो गई मजबूत

### दक्षिण अफ्रीका

**177/1** (16.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम नाबाद | 82 |
| क्विंटन डिकॉक का होल्डर बो चेस | 47 |
| रेयान रिकलटन नाबाद | 45 |

**गेंदबाजी :** मैथ्यू फोर्डे 3-0-30-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-22-0, जेसन होल्डर 3.1-0-31-0, शमार जोसफ 2-0-24-0, गुडाकेश मोती 2-0-24-0, रोस्टन चेस 4-0-46-1

# सैंटनर जैसा कप्तान महसूस कराता है अभेद्य : रचिन

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं।

रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने कहा हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। इससे भी महत्वपूर्ण बात है कि वह अच्छा प्रदर्शन के साथ नेतृत्व करते हैं।

# सीरीज जीवंत रखने के लिए भारत को बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत

## महिला वनडे सीरीज

**होबार्ट, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है।

इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, काशवी गौतम, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), सोफी मोलिनी (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिस पेरी, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा मुकाबला आज सुबह 9:20 बजे से

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

कर्नाटक को फॉलोआन के खतरे में डाला, औकिब नबी ने तीन विकेट चटकाए

# जम्मू-कश्मीर फिर इतिहास रचने को तैयार

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी में पहली बार फाइनल खेलने का अधिकार पाने के साथ ही इतिहास सृजित कर चुका जम्मू-कश्मीर एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों के पराक्रम के बाद शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से मेहमानों ने खिताबी मुकाबले में पूर्व चैम्पियन व मेजबान कर्नाटक को फॉलोऑन के खतरे में धकेल दिया है।

इस क्रम में यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन का खेल समाप्त हुआ तो जम्मू-कश्मीर के विशाल स्कोर (584 रन) के जवाब में पेसर ऑकिब नबी (3-32) के सामने कर्नाटक का शीर्षक्रम ध्वस्त हो गया और टीम 69 ओवरों में 220 रनों पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी।

कर्नाटक पहली पारी के आधार पर 364 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन बचाने के लिए अब भी 165 रनों की दरकार है। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि चौथे दिन कर्नाटक के बचे बल्लेबाज फॉलोऑन बचा पाने में सफल हो पाते हैं अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि रणजी ट्रॉफी में 1959-60 में पदार्पण करने के बाद जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल में पहुंची है।

ऑकिब नबी की बात करें तो उन्होंने लगातार नौ ओवर फेंककर भारतीय क्रिकेट के कुछ बड़े नामों को परेशानी में डाला। उन्होंने 12वें ओवर में 27 के योग पर लोकेश राहुल (13 रन) को आउट किया और फिर 18वें ओवर में लगातार गेंदों पर करुण नायर (0) व स्मरण रविचंद्रन (0) खाता खोलने तक नहीं दिया (4-57)। इसके पिछले ओवर में कप्तान देवदत्त पडिक्कल (11 रन) सुनील कुमार (1-45) के शिकार बन चुके थे।





पैवेलियन लौटते जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा (बाएं) और अन्य खिलाड़ी। शतक लगाने के बाद जश्न मनाते मयंक अग्रवाल।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584/10 |
| यश जम्मू-कश्मीर | 220/5 |

### नबी मौजूदा सत्र में ले चुके हैं 58 विकेट

गौरतलब है कि नबी ने पूरे सत्र में टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है और मौजदू सत्र में उनके विकेटों की संख्या 58 हो गई है, जो उत्तराखंड के स्पिनर मयंक मिश्रा के 59 विकेट से सिर्फ एक कम है। गनीमत रही कि अनुभवी ओपनर मयंक अग्रवाल (नाबाद 130 रन, 207 गेंद, 17 चौके) ने मजबूत रक्षात्मक तकनीक का नजारा पेश करते हुए एक छोर संभाले रखा। उन्हें 124 रनों के स्कोर पर जीवनदान भी मिला। मयंक ने श्रेयस गोपाल (27 रन) संग पांचवें विकेट पर 105 रनों की साझेदारी की थी, तभी युद्धवीर सिंह (1-32) ने गोपाल को लौटाकर यह भागीदारी तोड़ी। इसके बाद मयंक, कृतिक के साथ क्रीज पर हैं।